वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

शुक्रवार, 08 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 124, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 114 अंकों की गिरावट

विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी तथा वैश्विक अनिश्चितता के बीच सेंसेक्स 114 अंक टूटकर 77,844 .52 अंक पर बंद हुआ। } 10

किसानों की आय बढ़ाने के लिए निर्यात की जरूरत

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने, रोजगार सृजित करने और विदेशी मुद्रा कमाने के लिए भारत को फल और सब्जियों का निर्यात बढ़ाना होगा। } 12

चंद्रनाथ हत्या की जांच के लिए कई टीमें गठित

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस, बंगाल में भय का माहौल

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल पुलिस भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले की जांच के तहत सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों का पता लगाने के लिए कई टीम गठित की गई हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव अप्रत्याशित रूप से शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने के बाद, राज्य में एक बार फिर राजनीतिक हिंसा के कारण बृहस्पतिवार को भय और निराशा का माहौल बन गया। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी चंद्रनाथ रथ (42) की हत्या की जांच में शुरुआती सुरागों से पता चला है कि

बुधवार रात एक सुनियोजित हमले में इस घटना को अंजाम दिया गया। जांचकर्ताओं को भाड़े के हत्यारों की संलिप्तता का संदेह है और पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट वाली गाड़ियां बरामद की हैं। वहीं, इस घटना ने बंगाल में चुनाव बाद के राजनीतिक माहौल को तनावपूर्ण कर दिया है तथा भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच जुबानी जंग नये सिरे छिड़ ...शेष पृष्ठ 10 पर

बंगाल में राज्यपाल ने भंग की विधानसभा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर एन रवि ने निवर्तमान राज्य विधानसभा को उसका कार्यकाल पूरा होने के बाद सात मई से भंग कर दिया। एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर फैसले की घोषणा की गई। मई 2021 में वर्तमान विधानसभा का गठन किया गया था जब राज्य में ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी थी। हाल ही में संपन्न हुए दो चरणों के चुनावों के बाद, निवर्तमान विधानसभा को भंग किया जाना उसके कार्यकाल की औपचारिक समाप्ति का प्रतीक है।

ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सेना के पराक्रम को सराहा

प्रधानमंत्री मोदी ने बदली डीपी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के एक साल पूरा होने पर बृहस्पतिवार को अपने सभी सोशल मीडिया हैंडल पर डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) बदल दी तथा उन्होंने सभी से सशस्त्र बलों और उनकी सफलता के प्रति सम्मान के रूप में ऐसा ही करने का आग्रह किया। फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप पर मोदी के प्रोफाइल पिक्चर को बदलकर काली पृष्ठभूमि पर ऑपरेशन सिंदूर लिखा हुआ चित्र लगाया गया है। इस चित्र में तिरंगा है और अंग्रेजी में लिखे सिंदूर शब्द के एक ओ अक्षर में सिंदूर भरा हुआ दिखाया गया है, जो विवाहित हिंदू महिलाओं का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एक साल पहले ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने शौर्य का प्रदर्शन किया था और हमारे लोगों पर हमला करने वालों को करारा जवाब दिया था। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व करता है। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

राजनाथ व शाह ने बदला प्रोफाइल



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य शीर्ष मंत्रियों ने ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर बृहस्पतिवार को अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर डिस्प्ले पिक्चर बदल दीं। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के अब व्यापक रूप से पहचाने जाने वाले लोगो को दर्शाने वाला एक डिजिटल पोस्टर साझा किया और सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान के प्रतीक के रूप में दूसरों से भी ऐसा ही करने का आग्रह किया। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल समेत अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने भी अपनी प्रोफाइल फोटो बदलीं। पहलगाम में 22 अप्रैल, 2025 को किए गए घातक आतंकवादी हमले के जवाब में ऑपरेशन ...शेष पृष्ठ 10 पर

सीएम योगी ने सेना को दी बधाई



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑपरेशन सिंदूर का एक साल पूरा होने पर देश की जनता को बधाई देते हुए बृहस्पतिवार को भारत के सशस्त्र बलों की सराहना की। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में आदित्यनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एकता, अदम्य इच्छाशक्ति और असाधारण शौर्य को दर्शाता है, साथ ही यह देश की स्पष्ट राष्ट्रीय सुरक्षा नीति को भी प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स अकाउंट की डिस्प्ले पिक्चर की जगह ऑपरेशन सिंदूर का स्टिकर भी लगाया।

उन्होंने पोस्ट में कहा 145 करोड़ भारत वासियों की एकजुटता, अदम्य इच्छाशक्ति, सशस्त्र सेनाओं के असाधारण पराक्रम और भारत की स्पष्ट नीति की गौरवशाली अभिव्यक्ति ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूर्ण होने पर देश वासियों को हार्दिक बधाई एवं भारतीय सेना के रणबांकुरों का हृदयतल से अभिनंदन। मुख्यमंत्री ने इसी संदेश में आगे कहा, यह ऑपरेशन नए भारत के आत्मविश्वास, साहस और निर्णायक नेतृत्व का सशक्त ...शेष पृष्ठ 10 पर

योगी ने जनगणना के प्रथम चरण का किया शुभारंभ

जनगणना केवल हेड काउंट नहीं, यह समग्र और समावेशी विकास का आधार : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रदेश में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का औपचारिक शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने ह्यहमारी जनगणना, हमारा विकासह्न की भावना के साथ मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना भर नहीं है, बल्कि समग्र, समावेशी और सुनियोजित विकास का सशक्त आधार है। आज का युग डेटा आधारित निर्णयों का है और जनगणना से प्राप्त सटीक आंकड़े आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा व विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना यह सुनिश्चित करने का माध्यम है कि विकास की धारा में समाज का अंतिम व्यक्ति भी समान रूप से सहभागी बन सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है। प्रथम चरण में

मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित कार्य संपादित होंगे। आमजन को 07 मई से 21 मई, 2026 तक स्वगणना का विकल्प उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके उपरांत फील्ड कार्य के अंतर्गत जनगणना कार्मिक घर-घर जाकर सूचीकरण का कार्य करेंगे। द्वितीय चरण में प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी। इस बार जनगणना में जातीय गणना को भी सम्मिलित किया गया है। साथ ही पहली बार वन ग्रामों को भी जनगणना प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में रियल टाइम डेटा अत्यंत आवश्यक है। डिजिटल तकनीक के उपयोग से जनगणना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, प्रभावी ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपी में अब तुष्टीकरण नहीं संतुष्टिकरण की राजनीति

सहारनपुर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तुष्टीकरण नहीं, बल्कि संतुष्टिकरण की राजनीति हो रही है। पहले सरकारों का धन कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल, कब्जों और जातीय-साम्प्रदायिक तुष्टीकरण में खर्च होता था, लेकिन आज वही पैसा सड़क, विश्वविद्यालय, स्पोर्ट्स कॉलेज, आरसीसी ड्रेन, एक्सप्रेसवे और धार्मिक-पर्यटन स्थलों के विकास में लगाया जा रहा है। सहारनपुर, जो कभी दंगों, फतवों, पलायन के कारण बदनाम था, आज विकास, कनेक्टिविटी और औद्योगिक प्रगति की नई पहचान बन चुका है। मां शाकम्भरी धाम के पुनरुद्धार से लेकर दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, प्रस्तावित एयरपोर्ट, स्पोर्ट्स कॉलेज, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं और इंडस्ट्रियल-लॉजिस्टिक हब तक, सहारनपुर में विकास की नई धारा बह रही है। सीएम योगी गुरुवार को सहारनपुर में 2,131 करोड़ रुपये की 325 विकास परियोजनाओं के शिलान्यास/लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों ने पश्चिमी उत्तर ...शेष पृष्ठ 10 पर

सीएम योगी व धामी ने दिया आत्मनिर्भरता का संदेश

प्रमुख संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड)। पौड़ी गढ़वाल जिले का यमकेश्वर और पंचूर क्षेत्र धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और विकासोन्मुख सोच के अनूठे समागम का साक्षी बना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए युवाओं को शिक्षा, तकनीक और संस्कारों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

मणिपुर : उग्रवादियों ने घरों में लगायी आग

इंफाल। हथियारों से लैस उग्रवादियों ने बृहस्पतिवार तड़के भारत-म्यांमा सीमा के पास मणिपुर के कामजोंग जिले के गांवों पर हमला किया, घरों में आग लगा दी और निवासियों को भागने के लिए मजबूर कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, उग्रवादियों ने तड़के करीब चार बजे कसोम खुल्लेन पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तांगखुल नगा गांवों -- नामली, वांगली और चोरो पर हमला किया, जिसके कारण सीमावर्ती बस्तियों के निवासियों को पास के जंगलों में शरण लेनी पड़ी। ये गांव अंतरराष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित हैं।

जासूसी का नया हथियार बना बिजली का स्मार्ट मीटर

मीटर में लगी चिप के जरिये लोकेशन ट्रेस करने की फिराक में आतंकी

एजेंसी

फिरोजपुर। देश की सरहद की रक्षा करने वाले गांवों में इन दिनों एक नई चिंता घर कर गई है। पाकिस्तान सीमा से सटे गांव टेंडीवाला, चूड़ीवाला और हस्तीवाला में स्मार्ट मीटरों से सिम कार्ड चोरी होने की घटनाओं ने लोगों की नींद उड़ा दी है। यह सिर्फ चोरी का मामला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा एक संवेदनशील मुद्दा बनता जा रहा है। थाना सदर पुलिस को दी लिखित शिकायत में सुलखन सिंह और मक्खन सिंह निवासी गांव रहीमेके गट्टी ने आरोप लगाया कि 3 मई की रात को अज्ञात चोरों ने उनके दो मीटरों से सिम को चोरी कर लिया है। जिनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरहद

के नजदीक रहने वाले ग्रामीण पहले ही ड्रोन के जरिए होने वाली नशा और हथियारों की तस्करी से भयभीत हैं। अब स्मार्ट मीटरों से सिम गायब होने की घटनाओं ने उनकी चिंता को और गहरा कर दिया है। गांव टेंडीवाला निवासी मुख्तियार सिंह ने बताया कि कुछ समय पहले सुरक्षा एजेंसियो ने उन्हें सूचना दी थी कि अगर गांव में स्मार्ट मीटर लगे हैं तो उनकी चिप का ध्यान रखा जाए। विद्युत विभाग के एक तकनीकी अधिकारी ने बताया कि स्मार्ट मीटर की चिप के माध्यम से विभाग को मीटर ...शेष पृष्ठ 10 पर

राज्यपाल ने रोका टीवीके का 'विजय' रथ

एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बृहस्पतिवार को तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय से कहा कि उनकी पार्टी के पास सरकार बनाने के लिए आवश्यक समर्थन नहीं है। वहीं, आवश्यक संख्या बल जुटाने के लिए टीवीके ने वाम दलों, वीसीके और आईयूएमएल से समर्थन का अनुरोध किया है। ये दल समर्थन देने के संबंध में दो दिनों के भीतर अपना रुख स्पष्ट कर सकते हैं। संबंधित दल चाहते हैं कि राज्यपाल टीवीके को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करें। विजय अपने मंत्रिमंडल में संभावित सहयोगियों को शामिल करने के लिए तैयार हैं, इसलिए वे संभवतः टीवीके को समर्थन दे सकते हैं। लोक भवन ...शेष पृष्ठ 10 पर

बिहार में मंत्रिपरिषद का हुआ विस्तार

32 नये मंत्रियों को किया शामिल, नीतीश के पुत्र को भी मिली जगह

एजेंसी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की मंत्रिपरिषद का, गठन के 22 दिनों बाद बृहस्पतिवार को पहला विस्तार किया गया, जिसमें 32 नये मंत्रियों को शामिल किया गया। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में नये मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह पांच पांच मंत्रियों के समूह में संपन्न हुआ। मंत्रिपरिषद विस्तार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कोटे से मिथिलेश तिवारी, नीतीश मिश्र, रामचंद्र प्रसाद, नंद किशोर राम और केदार गुप्ता को मंत्री बनाया गया। इस विस्तार में पूर्व केंद्रीय मंत्री मंगल पांडेय को जगह नहीं मिली। गांधी मैदान में बने विशाल पंडाल में पूर्वाह्न 12 ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम : 40.00 डिसे.

न्यूनतम : 26.00 डिसे.

भीतर पढ़ें

- आकार ले रहा बाबा साहेब के विचारों का जीवंत केंद्र (पृष्ठ-02)
- रोजगार, निवेश व आत्मनिर्भरता का मॉडल बना यूपी (पृष्ठ-02)
- रुपया 23 पैसे चढ़कर 94.26 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- कैग जीवन की सुगमता के लिए 101 शहरों में कर रहा (पृष्ठ-10)
- देश में 5-5.5 प्रतिशत तक बढ़ सकती है बिजली मांग (पृष्ठ-10)

विशेष खबर

मुंबई नैसकॉम समिट में 'ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर' के रूप में उभरा उत्तर प्रदेश

यूपी की निवेश अनुकूल नीतियों पर पूरे विश्व की नजर

विशेष संवाददाता

मुंबई/लखनऊ। मुंबई में आयोजित नैसकॉम जीसीसी समिट में उत्तर प्रदेश ने भारत के सबसे तेजी से उभरते ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर हब के रूप में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। समिट के दौरान इन्वेस्ट यूपी ने नैसकॉम के सहयोग से वैश्विक दिग्गजों के सामने राज्य के अत्याधुनिक

- प्रदेश की नयी जीसीसी नीति व इंफ्रास्ट्रक्चर ने वैश्विक कंपनियों को लुभाया

इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीक-आधारित उद्योगों के लिए विकसित हो रहे बेहतरीन इकोसिस्टम को प्रमुखता से पेश किया। यह आयोजन वैश्विक कंपनियों को यूपी की निवेश अनुकूल नीतियों और उभरती डिजिटल क्षमताओं से परिचित कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सम्मेलन में बहुराष्ट्रीय कंपनियों, निवेशकों,

सीएक्सओ और उद्योग जगत के वरिष्ठ प्रतिनिधियों की व्यापक भागीदारी देखने को मिली। उत्तर प्रदेश ने अपनी प्रगतिशील नीतियों, तेजी से विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर, कुशल मानव संसाधन और उद्योग-अनुकूल प्रशासनिक व्यवस्था के कारण विशेष आकर्षण हासिल किया। सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव (नियोजन एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन तथा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स) आलोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित एक उच्चस्तरीय राउंडटेबल चर्चा में अडानी कैपेबिलिटी सेंटर, कैपजेमिनी, इन्फोसिस, इन्फोसिस लाइफ साइंसेस, मैकडॉनल्ड्स सहित कई प्रमुख वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस चर्चा में इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरण आनंद, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा तथा यूपीसीडा की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी दीक्षा जैन भी उपस्थित रहीं। द जीसीसी स्ट्रेटेजी प्लेः हाउ स्टेट्स आर कम्पीटिंग टू विन ग्लोबल मैंडेट्स विषय पर आयोजित फायरसाइड चैट के दौरान आलोक कुमार ने आईआईटी कानपुर तथा आईआईटी बीएचयू, आईआईएम लखनऊ जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की भूमिका को रेखांकित किया, जो राज्य के नवाचार और ...शेष पृष्ठ 10 पर

उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा परिणाम घोषित, 12333 अभ्यर्थी हुए सफल

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा का परिणाम गुरुवार को जारी कर दिया गया है। 4543 पदों के लिए आयोजित इस भर्ती प्रक्रिया में 15,75,760 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। परिणाम जारी होने के साथ ही लाखों युवाओं का इंतजार खत्म हो गया है। यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने नियमावली और निर्धारित प्रक्रिया के तहत परीक्षा परिणाम घोषित किया है। परीक्षा 14 और 15 मार्च 2026 को चार पालियों में आयोजित की गई थी। पूरी प्रक्रिया अपनाते हुए प्रत्येक विषय में न्यूनतम 35 प्रतिशत और कुल 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में से मेरिट और आरक्षण के आधार पर 12,333 अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन एवं शारीरिक मानक परीक्षण के लिए सफल घोषित किया गया है।

- निष्पक्ष व समयबद्ध भर्ती से बढ़ा युवाओं में भरोसा

योगी सरकार में भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी, तकनीकी रूप से मजबूत और समयबद्ध बनाने पर लगातार जोर दिया जा रहा है। यही वजह है कि युवाओं का सरकारी भर्तियों के प्रति भरोसा मजबूत हुआ है। भर्ती बोर्ड के मुताबिक, डीवी/पीएसटी की प्रक्रिया मई के तीसरे सप्ताह में आयोजित की जाएगी। इसकी पूरी जानकारी जल्द ही बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

C M Y K

भर्ती में न सिफारिश, न भ्रष्टाचार, सिर्फ योग्यता का सम्मान: सीएम

2017 से पहले पैसों, जाति, मत, मजहब और क्षेत्र देखकर होती थीं भर्तियां, जवाबदेही, तकनीक व पारदर्शिता से देश में सबसे अधिक नियुक्तियां देने वाला राज्य बना यूपी

लखनऊ। प्रदेश में सरकारी भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और तकनीक आधारित बनाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयुष विभाग, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग तथा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के लिए चयनित 481 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर लोकभवन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार के अंतर्गत प्रदेश सरकार लगातार नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। अब तक 9 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। पूरी प्रक्रिया में किसी को कहीं भी सिफारिश कराने की नौबत नहीं आई। परीक्षा के बाद भी किसी स्तर पर सिफारिश या अनैतिक साधनों का उपयोग करने की कोई गुंजाइश नहीं थी। इसी साफ नीयत और स्पष्ट नीति का परिणाम है कि आज आपको नियुक्ति पत्र प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले भर्तियां पैसों, जाति, मत, मजहब और क्षेत्र देखकर होती थीं, जिससे योग्य नौजवानों का शोषण होता था, लेकिन अब उत्तर प्रदेश में योग्यता ही चयन का आधार बनी है। किसी योग्य अभ्यर्थी की जगह घूसखोर व्यक्ति व्यवस्था में आ जाता, तो वह अगले 30-35 वर्षों तक पूरे सिस्टम को घुन की तरह खोखला करता। इसलिए सरकार ने पहले दिन से ही भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और लीकेज की संभावनाओं को समाप्त करने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि जवाबदेही, तकनीक और पारदर्शिता के कारण आज यूपी देश में सबसे अधिक नियुक्तियां देने वाला राज्य बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में सरकार ने नियुक्ति पत्र वितरण के नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कोई सोच भी नहीं सकता था कि यूपी के नौजवानों को निष्पक्ष, पारदर्शी व सहज प्रक्रिया से सरकारी नौकरियां मिल पाएंगी। हमने अलग-अलग आयोगों व बोर्डों को जवाबदेही सौंपी और तकनीक का उपयोग कर हर योग्य नौजवान के साथ न्याय सुनिश्चित किया। इसी का परिणाम है कि हमने 9 लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नियुक्ति पत्र उपलब्ध कराए हैं। पिछले 15 दिनों के अंदर यह हमारा चौथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि याद कीजिए 2017 से पहले का उत्तर प्रदेश। देश-दुनिया में लोग यूपी का नाम सुनते ही शक की निगाह से देखते थे, दस कदम पीछे हट जाते थे। उत्तर प्रदेश को भ्रष्ट, गुंडा और अराजक प्रदेश बनाकर हर यूपीवासी के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया था। लेकिन, मुझे बेहद प्रसन्नता है कि अब आप कहीं भी जाएं, यूपी का नाम सुनते ही सामने वाले का चेहरा चमक उठता है, वह स्वागत के लिए उत्सुक दिखाई देता है। यह है परसेप्शन का बदलाव और परिणाम भी उसी के अनुरूप हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय, वार्षिक बजट व समग्र अर्थव्यवस्था को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त की है। यूपी अब रेवेन्यू सरप्लस राज्य और देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले एमएसएमई क्षेत्र लगभग बंद पड़ा था, कोई प्रोत्साहन नहीं था, चारों तरफ अव्यवस्था और हताशा थी। आज देश में सबसे अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) उत्तर प्रदेश में हैं। 96 लाख एमएसएमई इकाइयों में 3 करोड़ से अधिक लोग रोजगार प्राप्त कर रहे हैं।

गत वर्ष यूपी में 4000 से अधिक बड़े उद्योग आए और पिछले 9 वर्षों में बड़े उद्योगों की संख्या 14,000 से बढ़कर 32,000 से अधिक हो गई है। जिस यूपी को पहले देश के बॉटम-3 राज्यों में गिना जाता था, आज टॉप-3 राज्यों में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष हेल्थ टूरिज्म को आकर्षित करने की सबसे बड़ी क्षमता रखता है। इसके माध्यम से चमत्कार लाए जा सकते हैं।

बिना भ्रष्टाचार व दबाव के मिला नियुक्ति पत्र : चयनित अभ्यर्थी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग तथा उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से चयनित 481 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इनमें आयुष विभाग के लिए चयनित 202 प्रोफेसर, रीडर, चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स तथा व्यावसायिक शिक्षा विभाग के लिए चयनित 272 अनुदेशक और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के लिए चयनित 7 नर्स, हॉस्टल वार्डन व कंपाउंडर शामिल हैं। नियुक्ति पत्र पाकर नवचयनित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी व निष्पक्ष बताया। उन्होंने साफ कहा कि पहले की सरकारों में एजेंटों का दखल बना रहता था और डिमांड की जाती थी। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, आयुष विभाग और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के नवचयनित अभ्यर्थियों ने भावुक होकर सीएम योगी के समक्ष अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पहली बार उन्हें यह भरोसा हुआ कि बिना सिफारिश और बिना अनुचित साधनों के सिर्फ मेहनत के दम पर सरकारी नौकरी प्राप्त की जा सकती है।

- **महिलाओं को मिल रहा बराबरी का अवसर, बिना परेशानी पूरी हुई प्रक्रिया**

गाजीपुर निवासी अमित थापा, जिन्हें आईटीआई अनुदेशक के पद पर नियुक्ति पत्र मिला, ने कहा कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें लंबे समय तक कठिन परिश्रम करना पड़ा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही और कहीं भी किसी प्रकार की सिफारिश या अनुचित माध्यम की आवश्यकता नहीं पड़ी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में वर्तमान व्यवस्था ने युवाओं का सरकारी भर्ती प्रक्रिया पर विश्वास मजबूत किया है। चंदौली जनपद की अर्चना मौर्य ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने के बाद कहा कि यह केवल नौकरी नहीं, बल्कि प्रदेश के विकास में योगदान देने की जिम्मेदारी है। कहा कि निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया ने हजारों युवाओं को नई उम्मीद दी है। पहले युवाओं में यह धारणा बन गई थी कि बिना प्रभाव और पैसे के नौकरी मिलना मुश्किल है, लेकिन योगी सरकार में यह सोच बदल गई। आवासीय होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी के पद पर चयनित रायबरेली की डॉ. नेहा स्वरूप ने कहा कि चयन प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हुई। आयुष विभाग में सेवा का अवसर मिलना मेरे लिए गर्व का विषय है और मैं ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास करूंगी। आयुष विभाग में प्रोफेसर (यूनानी) के पद पर चयनित डॉ. मोहम्मद नासिर ने कहा कि पूरी चयन प्रक्रिया 100 प्रतिशत पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि पहले की सरकारों में एजेंटों का दखल रहता था और मांग की जाती थी, लेकिन वर्तमान सरकार में ऐसी कोई स्थिति नहीं है।

योगी सरकार में भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है और युवाओं को अधिक अवसर मिल रहे हैं। स्टाफ नर्स (आयुर्वेद) पद पर चयनित उपासना देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में पूरी भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई, जिससे अभ्यर्थियों का भरोसा मजबूत हुआ है।

अनामिका पटेल ने कहा कि उन्हें खुशी है कि जिस क्षेत्र के लिए उन्होंने तैयारी की थी, उसी में उन्हें नौकरी मिली। योगी सरकार महिलाओं को बराबरी का अधिकार और सम्मान दे रही है तथा वह अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगी।

राज्यपाल ने किया जनगणना 2027 के तहत स्वगणना का शुभारंभ

सच्चा, सही और त्वरित डाटा के आधार पर नये भारत एवं विकसित भारत की मजबूत आधारशिला रखी जा सकेगी : आनंदीबेन पटेल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को जन भवन से जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना व स्वगणना का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल महोदया ने डिजिटल माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर स्व-गणना प्रक्रिया की शुरूआत की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रदेश में स्वगणना पोर्टल के शुभारंभ पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार को बधाई दी तथा प्रदेशवासियों से अपील की कि वे जनगणना अधिकारियों द्वारा मांगी जाने वाली समस्त जानकारी पूर्ण, सही एवं तथ्यात्मक रूप से उपलब्ध कराएं, जिससे भविष्य में नागरिकों के हित में प्रभावी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण में सहायता मिल सके।

राज्यपाल ने कहा कि जनगणना का प्रभाव किसान, युवा, महिला सहित समाज के प्रत्येक वर्ग पर पड़ता है तथा इससे प्राप्त आंकड़े सरकार को परिस्थितियों के अनुरूप नीतियां एवं योजनाएं बनाने में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने जनगणना कार्य में

विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि यह राष्ट्र निर्माण से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है।

उन्होंने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़ों का समुचित उपयोग किया जाना चाहिए। यदि देश को सच्चा, सही एवं त्वरित डाटा प्राप्त होगा, तो उसी के आधार पर नए भारत एवं विकसित भारत की मजबूत आधारशिला रखी जा सकेगी।

इस अवसर पर निदेशक जनगणना एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा द्वारा जनगणना 2027 के स्व-गणना पोर्टल से संबंधित एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां राज्यपाल के समक्ष साझा की गईं।

इस अवसर पर राज्यपाल को एक स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। बता दें कि जनगणना 2027 पहली बार पूर्णतः डिजिटल माध्यम से आयोजित की जा रही है। इस बार आमजन की सुविधा के लिए स्व-गणना की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। स्व-गणना के अंतर्गत नागरिक 07 मई से 21 मई के मध्य स्व-गणना पोर्टल se.census.gov.in पर लॉग-इन कर घर बैठे अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण होने पर संबंधित परिवार को एक स्व-गणना आईडी प्राप्त होगी, जिसे घर आने वाले प्रगणक के साथ साझा करना आवश्यक होगा।

प्रदेश में जनगणना 2027 का प्रथम चरण 22 मई से 20 जून तक संचालित किया जाएगा। इस अवधि में प्रगणक घर-घर जाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से परिवार के मुखिया का नाम, मकान की स्थिति, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा परिसंपत्तियों से संबंधित 33 अधिसूचित प्रश्नों की जानकारी एकत्रित करेंगे। जनगणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़े शासन एवं प्रशासन को जनहितकारी योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा समाज के विभिन्न वर्गों के समग्र विकास के लिए नीतियां निर्धारित करने में महत्वपूर्ण आधार प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबड़े, विशेष कार्याधिकारी अशोक देसाई, प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन एसवीएस रंगाराव, मंडलायुक्त, लखनऊ विजय विश्वास पन्त, जिलाधिकारी विशाख जी., नगर आयुक्त गौरव कुमार, संयुक्त सचिव जनगणना डॉ. एसएस शर्मा, उपनिदेशक दिव्या जैन तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

2027 विधान सभा चुनाव मजबूती से लड़ने के लिए सीटें चिन्हित करें जिलाध्यक्ष : अनूप सिंह पटेल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यकारिणी की महत्पूर्ण बैठक गुरुवार को लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने किया।

बैठक मे कई महत्पूर्ण निर्णय लिए गए जिनमें मुख्यतः 2027 विधान सभा चुनाव एवं संगठन विस्तार से संबंधित था। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए सीटें चिन्हित करने का पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिया है। पार्टी मजबूती के साथ 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ेगी। बता दें कि जदयू 2022 का विधान सभा चुनाव 27 सीटों पर लड़ी थी। संगठन विस्तार पर भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए और सदस्यता अभियान में गतिशीलता लाने के लिए मंडल एवं सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिए गए। बैठक मे बिहार मंत्रिमंडल विस्तार की खुशी में

मिठाई का वितरण किया गया। शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों को उत्तर प्रदेश की तरफ से शुभकामनायें दी गई। बैठक मे प्रदेश पदाधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और जिलों के जिलाध्यक्ष शामिल हुए। प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष कल्पनाथ वर्मा, ममता सिंह, महासचिव सुभाष पाठक, भैया हरि शंकर, अभिषेक कुमार राय, अभिषेक चौधरी, संजय कुमार, प्रदेश प्रवक्ता कुंवर अजय सिंह, अधि. दिवाकर सिंह, कोषाध्यक्ष अमर सिंह कटियार, कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा, मीडिया प्रभारी मनीष नंदन, प्रदेश सचिव अतुल प्रताप सिंह, भानु प्रताप सिंह यादव, अजय चौधरी, विजय सिंह, नासिर खान कार्यकारिणी सदस्य एचएन सिंह, डॉ जितेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष सर्वेश राय भदोही, भीमसेन, मथुरा, अनिल सिंह गाजियाबाद, धीरेन्द्र गाजीपुर, अतुल प्रताप सोनभद्र, सैयद जुहैब रिजवी शाहजहांपुर, राजेश चौधरी बस्ती आदि उपस्थित थे। दलित प्रकोष्ठ से संजय धनगर, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ से ओम प्रकाश उपाध्याय, इंद्र प्रकाश बौद्ध, सीता रानी, तारावती, विजय कुमार कुशवाहा, नरेश कुमार, गीता, डॉ सरबौध यादव आदि उपस्थित थे।

जनगणना-2027 अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ । गुरुवार को छावनी परिषद लखनऊ के मुख्य अधिशासी अधिकारी/ चार्ज अधिकारी छावनी लखनऊ अभिषेक राठौर के निर्देशन में जनगणना - 2027 कार्यक्रम के अंतर्गत अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन माध्यमिक विद्यालय, आर.ए. बाजार, तोपखाना छावनी में संपन्न कराया गया। लखनऊ छावनी क्षेत्र हेतु नामित नोडल अधिकारियों मंशू बुधराजा, श्रीमती मंजू वर्मा तथा उमंग प्रसाद सहायक चार्ज अधिकारी की जनगणना 2027 हेतु गठित टीम द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत छावनी परिषद कार्यालय के विभिन्न अनुभागों, जैसे विद्यालय, चिकित्सालय, कार्यालय, स्टोर, सफाई एवं जलापूर्ति आदि के लगभग 435 कर्मचारियों का स्वगणना कराया गया। इसके अतिरिक्त छावनी क्षेत्र स्थित विभिन्न प्रमुख कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारियों तथा सैन्य अधिकारियों का स्वगणना कराया गया। जिसमें प्रधान निदेशालय, रक्षा संपदा कार्यालय, प्रधान लेखा नियंत्रक

कार्यालय, ए.एम.सी. सेंटर, मुख्यालय मध्य यू.पी. सब एरिया, 41 इन्फैंट्री ब्रिगेड तथा 11 जी.आर.आर.सी. के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों एवं सैन्य अधिकारियों की स्वगणना करायी गयी, जिनमें लेफ्टिनेंट जनरल शिविंदर सिंह, जी.ओ.सी. सब एरिया मनीष कुकरेती, डिप्टी जी.ओ.सी. सौमीत पटनायक, 41 इन्फैंट्री ब्रिगेड एवं 11 जी.आर.आर.सी. के सैन्य अधिकारी, ए.एम.सी. सेंटर के ब्रिगेडियर अनिल वासुदेव, निदेशक रक्षा सम्पदा मध्य कमान के पुष्पेंद्र सिंह, संयुक्त निदेशक हरेंद्र सिंह, संयुक्त निदेशक महेश चंद्र सैनी, संयुक्त निदेशक मोहम्मद समीर इस्लाम, रक्षा संपदा अधिकारी प्रोमिला जायसवाल, उप रक्षा लेखा नियंत्रक अभिषेक बी.एन., सहायक रक्षा लेखा नियंत्रक अजय कुमार अग्रवाल, सहायक रक्षा लेखा नियंत्रक करन सिंह, मुख्यालय मध्य यू.पी. सब एरिया के कर्नल दीपक जोशी, कर्नल सेठ तथा ए.एम.सी. सेंटर के लेफ्टिनेंट कर्नल अनुज कुमार प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे।

मुख्य अधिशासी अधिकारी/चार्ज अधिकारी छावनी लखनऊ अभिषेक राठौर द्वारा बताया गया कि दिनांक 08.05.2026 से 21.05.2026 तक स्वगणना शिविर का आयोजन माध्यमिक विद्यालय आर0ए0बाजार, मंगला देवी जूनियर हाईस्कूल, जूनियर हाईस्कूल बीसी बाजार, रेनबो मॉडल स्कूल उसमान रोड तथा कैन्टोनमेंट जनरल हॉस्पिटल किया जायेगा।

एकेटीयू का आविर्भाव दिवस आज

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) का आविर्भाव दिवस आठ मई को परिसर में मनाया जाएगा। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में इस दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। शुरूआत पौधरोपण से होगी। इसके बाद रंगोली प्रतियोगिता, छात्र-छात्राओं के बीच खेल प्रतियोगिता, तकनीकी क्विज, निबंध, भाषण भी होंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नाटक, गायन,, नृत्य प्रस्तुतिकरण भी किया जाएगा।

एकेटीयू की सम सेमेस्टर परीक्षा शुरू

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2025-26 के सम सेमेस्टर स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षा सात मई से शुरू हो गयी। पहले दिन परीक्षा की दोनों पालियों में करीब 96 हजार ने परीक्षा दी। पहले दिन 131 केंद्रों पर परीक्षा सकुशल सम्पन्न हो गयी। परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिए सभी केंद्रों पर लगे सीसीटीवी के जरिये विश्वविद्यालय में बने कंट्रोल रूम से निगरानी की गयी। साथ ही केंद्रों पर तैनात पर्यवेक्षेक भी तैनात किये गये हैं। इस बार परीक्षा में करीब 3.30 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों की जांच के बाद ही केंद्र में प्रवेश दिया गया।

बंगाल में भाजपा ने वोटरों पर दबाव बनाया

सपा प्रमुख एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे पश्चिम बंगाल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने बंगाल में लोकतंत्र को तहस-नहस कर दिया है। भाजपा ने लोकतंत्र को बहुत नुकसान पहुंचाया है। ममता दीदी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है इसीलिए वे भाजपा की आखों में खटकती है। भाजपा सामंती सोच की पार्टी हैं, इनके संघी-साथी पुरूषवादी लोग हैं। ये कभी नारी को बढ़ते हुए नहीं देख सकते। भाजपा महिला विरोधी है। भाजपा में महिलाओं का सम्मान नहीं है। राजस्थान में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री को महिला होने के कारण मुख्यमंत्री नहीं बनने दिया। दिल्ली में आधी-अधूरी मुख्यमंत्री बनाया है।

अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाना हमारा धर्म है। देश में निष्पक्ष चुनाव नहीं हो रहे हैं। चुनाव आयोग निष्पक्ष नही है। बंगाल के चुनाव में जो कुछ हुआ वह सच छिपा नहीं हैं। बंगाल में भाजपा ने वोटरों पर दबाव बनाया। लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए सभी लोग साथ आयें। इस लड़ाई में हम ममता दीदी के साथ हैं।

पश्चिम बंगाल के एक दिवसीय दौरे पर गुरूवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से उनके कालीघाट आवास पर मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में जो-जो किया है, उसका ट्रायल उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव और उपचुनाव में किया था। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में पुलिस द्वारा रिवाल्वर से महिला मतदाताओं को धमकाने वाली तस्वीर को दिखाते हुए कहा कि भाजपा वोटरों को डराती और धमकाती हैं, उपचुनाव में भाजपा ने पुलिस के जरिए चिह्नित कर सपा समर्थकों को वोट डालने से रोका था। उन्होंने कहा कि भाजपा बंगाल में नफरत भरी और जहर घुली राजनीति कर रही है। भाजपा नेताओं के भाषण और बयान नफरत से भरे हुए है। चुनाव में मल्टी लेयर इलेक्शन माफिया की तरह काम हुआ है। इसमें सभी संस्थाएं शामिल रही।

संस्थाओं का काम निष्पक्ष चुनाव कराना था, लेकिन उन्होंने अपनी साख खो दी है।

पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ऐसा ही काम करती है, जिससे अराजकता फैले। भाजपा सरकार ने तो भरोसा दिलाया था कि कई कम्पनियां पुलिस बल रहेगी और सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी। आखिरकार कम्पनियां कहां है? क्या उन्हें 15 दिन की छुट्टी दे दी गयी है। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव के समय लोगों को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग और केंद्रीय गृह मंत्री की हैं। बंगाल में तीन लाख से ज्यादा केंद्रीय सुरक्षा बल भेजे गये थे। राज्य प्रशासन के बराबर में केंद्रीय बलों का पैरलल स्ट्रक्चर खड़ा किया गया था, उसमें बड़ी संख्या में यूपी के लोग भी थे। बंगाल में केंद्रीय फोर्स यूपी और बिहार से आयी थी। उन्होंने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर काम कर रहा है।

लखनऊ में आकार ले रहा बाबा साहेब के विचारों का जीवंत केंद्र

पीएचडी स्तर तक शोध की सुविधा होगी उपलब्ध, जुलाई तक होगा पूरा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में सामाजिक न्याय, संविधान और बाबा साहेब के विचारों का जीवंत केंद्र बनने जा रहा है। ऐशबाग क्षेत्र में निमार्णाधीन भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इसका निर्माण जुलाई 2026 में पूरा हो जाएगा। आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. आंबेडकर की पत्नी सविता आंबेडकर के सपनों को पूरा किया है।

ऐशबाग क्षेत्र में ईदगाह के सामने लगभग 2.5 एकड़ भूमि पर भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र बन रहा है। स्मारक के लिए इसकी शुरूआती अनुमानित लागत 45.04 करोड़ थी, लेकिन ऑडिटोरियम, फिनिशिंग और बाहरी

- **100 करोड़ से तैयार हो रहा डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र**

विकास सहित अतिरिक्त कार्यों के चलते वर्तमान लागत 81 करोड़ रुपये से 100 करोड़ रुपये के लगभग पहुंच गई है। इसके निर्माण के लिए दो चरणों में भूमि आवंटन होने के साथ ही दो चरणों में बजट भी जारी हुआ है। स्मारक का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन 500 सीटों वाले अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। इस परियोजना का शिलान्यास 29 जून 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने किया था। आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने बताया कि इस स्मारक की पृष्ठभूमि में आंबेडकर महासभा में रखी डॉ. आंबेडकर का अस्थि अवशेष है, जिसकी स्थापना वर्ष 1991 में बाबा साहेब आंबेडकर की पत्नी माई साहेब डॉ. सविता आंबेडकर ने की थी। उस समय उन्होंने भावुक होकर इच्छा जताई थी कि बाबा साहेब के अस्थि अवशेषों पर एक भव्य स्मारक बनाया जाए। जिसमें पुस्तकालय और संग्रहालय अवश्य हो। डॉ. निर्मल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल इस परियोजना को मंजूरी दी, बल्कि इसके निर्माण को प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माई साहेब सविता आंबेडकर के सपनों को साकार कर दिया है।

स्मारक परिसर में 25 फीट ऊंची डॉ. आंबेडकर की भव्य कांस्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके अलावा तीन मंजिला प्रशासनिक भवन, आधुनिक संग्रहालय और फोटो गैलरी होगी, जो डॉ. आंबेडकर के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण को प्रदर्शित करेगा। विशाल पुस्तकालय और शोध केंद्र भी बनाया जा रहा है।

विशेष बात यह है कि यहां डॉ. आंबेडकर शोध केंद्र की स्थापना की जा रही है, जहां आंबेडकर विश्वविद्यालय के सहयोग से पीएचडी स्तर तक शोध की सुविधा उपलब्ध होगी। शोधार्थियों के लिए हॉस्टल और भोजन व्यवस्था भी परिसर में ही होगी।

डॉ. आंबेडकर के अस्थि कलश को स्थापित किया जाएगा : यहां ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति, वर्चुअल रियलिटी शो और डिजिटल माध्यमों से बाबा साहेब के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की योजना है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आंबेडकर महासभा में सुरक्षित रखे गए डॉ. आंबेडकर के अस्थि कलश को यहां पूरे सम्मान के साथ स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही विपश्यना ध्यान केंद्र भी बनाया जा रहा है, जिससे यह परिसर सामाजिक चेतना और आध्यात्मिक शांति का केंद्र बन सके। परिसर में बेसमेंट, सबस्टेशन, पंप रूम, आंतरिक सड़कें, ड्रेनेज, लैंडस्केपिंग, बाउंड्री वॉल और आकर्षक प्रवेश द्वार भी विकसित किया जा रहा है। डॉ. लालजी निर्मल ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र बनवाने के लिए किए गए अपने संघर्ष के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ स्थित आंबेडकर महासभा में बाबा साहेब के अस्थि कलश के दर्शन के लिए आने वाले थे। इससे दो दिन पहले उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उनके (डॉ. निर्मल) साथ मुख्यमंत्री आवास पर स्मारक निर्माण के लिए पांच एकड़ भूमि सीजी सिटी लखनऊ में देने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। डॉ. निर्मल ने बताया कि जमीन आवंटन के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने आवास विकास विभाग को प्रस्ताव भी प्रेषित कर दिया था।

शाहनवाज खान संगठन कार्यालय प्रभारी मनोनीत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन सोहिल अख्तर अंसारी पूर्व विधायक ने शाहनवाज खान को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग का संगठन कार्यालय प्रभारी मनोनीत किया है। सोहिल अख्तर अंसारी ने अपेक्षा की है कि शाहनवाज खान संगठन को मजबूत करने व अल्पसंख्यक समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस संगठन से जोड़कर और पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के हाथों को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

रोजगार, निवेश और आत्मनिर्भरता का नया मॉडल बना उत्तर प्रदेश

लखनऊ। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। सरकार ने युवाओं और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी है। जानकारी के अनुसार, बीते नौ वर्षों में 9 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस में 2.19 लाख भर्तियां पूरी हो चुकी हैं, जबकि वर्ष 2026 में 80 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की तैयारी है। शिक्षा विभाग में 1.65 लाख से अधिक नियुक्तियां की गई हैं। वहीं, एमएसएमई सेक्टर के विस्तार से प्रदेश में 3 करोड़ से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है।

औद्योगिक विकास में भी तेजी आई है। वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में लगभग 14 हजार पंजीकृत कारखाने थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 31 हजार से अधिक हो गई है। सरकार का दावा है कि बीते नौ वर्षों में 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनसे 1 करोड़ से अधिक युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बनने की संभावना है। चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारे गए, जिनसे 60 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 1.47 लाख युवा

संक्षेप

बेटी के शव को चार महीने तक घर में रखने के मामले में पिता गिरफ्तार

मेरठ। जिले में बेटी के शव को चार महीने तक घर में रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, सदर बाजार थाना क्षेत्र के तेली मोहल्ला निवासी उदयभानु विश्वास (72) ने अपनी 35 वर्षीय बेटी प्रियंका की मौक के बाद करीब चार महीने तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया और उसे घर के भीतर बंद कमरे में छोड़ दिया। मामले का खुलासा उस समय हुआ था, जब घर से तेज दुर्गंध आने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। 10 अप्रैल को मकान से युवती का सड़ा-गला शव बरामद किया गया, जो काफी हद तक कंकाल में तब्दील हो चुका था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। उदयभानु विश्वास मूल रूप से पश्चिम बंगाल का निवासी है और शिक्षा विभाग में प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुआ है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि युवती की मौत एक दिसंबर 2025 को बीमारी की वजह से हुई थी, जिसके बाद आरोपी कई दिनों तक शव के साथ घर में रहा और दुर्गंध हटाने के लिए इत्र का इस्तेमाल करता रहा।

प्रताड़ना से पति की मौत में पत्नी गयी जेल

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने प्रताड़ना के चलते पति की मौत की घटना में आरोपिता पत्नी को जेल भेजा है। लालगंज के श्रीरामपुर सारीपुर निवासी रामू वर्मा 31 पाँच मई को पत्नी ऊषा के बुलावे पर मधुकरपुर गाँव में अपनी ससुराल गया था। वहाँ उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत गंभीर होने पर मृतक के ससुराल पक्ष के लोग उसे लालगंज ट्रामा सेंण्टर ले आये थे। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मृतक के परिजन अस्पताल पहुँचे तब ससुराल के लोग भाग निकले।मृतक की मां की तहरीर पर पत्नी ऊषा के खिलाफ बुधवार को आत्महत्या के लिए उकसाने का पुलिस ने केस दर्ज किया। परिजनों ने गुरुवार को मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। इधर पुलिस टीम ने गुरुवार की सुबह आरोपिता को घर के समीप से हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया आरोपिता को जेल भेज दिया गया।

तीन दोस्त सरयू में डूबे

बस्ती। बस्ती जिले के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के मंगल बाजार एवं माली टोला निवासी तीन युवक जन्मदिन पर अयोध्या में सरयू नदी में गुरुवार को सुबह नहा रहे थे कि अचानक गहरे पानी में चले जाने से तीनों लापता हो गये है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के मंगल बाजार एवं माली टोला निवासी अमित गुप्ता (19), अभिषेक सोनी (19) तथा राज कसौधन जन्मदिन मनाने के लिए अयोध्या गये थे। वहां पर सुबह सरयू नदी में नहा रहे थे कि अचानक उनका पैर फिसल गया जिससे वे गहरे पानी में चले गये और नदी में डूबकर लापता हो गये हैं।

विचाराधीन कैदी की मौत

इटावा। इटावा स्थित केंद्रीय कारागार में चोरी के मामले में बंद एक विचाराधीन बंदी की गुरुवार सुबह संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। जेल प्रशासन ने बंदी की तबीयत बिगड़ने से मौत होने की बात कही है, जबकि परिजनों ने जेल के भीतर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। मध्यप्रदेश के भिंड जिले के उमरी थाना क्षेत्र के ग्राम अकोड़ा निवासी संजय शर्मा (45) पुत्र नाथूराम शर्मा पिछले कुछ समय से भिंड कोतवाली क्षेत्र की मीरा कॉलोनी में अकेले रह रहे थे।

थाना खेसरहा के निरीक्षण में दिखी सख्ती और संवेदनशीलता

एएसपी ने रिक्रूट आरक्षियों के साथ किया रात्रि भोज

जिला संवाददाता

खेसरहा/बांसी, सिद्धार्थनगर। जनपद सिद्धार्थनगर के थाना खेसरहा में गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद ने व्यापक निरीक्षण कर थाना व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, हवालात, सीसीटीएनएस, मालखाना, शस्त्रागार, बैरक, मेस, शौचालय एवं स्नानागार सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की तथा साफ-सफाई एवं अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव हेतु थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अपर पुलिस अधीक्षक ने सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर, भूमि-भवन रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर सहित विभिन्न अभिलेखों का गंभीरता से निरीक्षण करते हुए अपूर्ण अभिलेखों को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए विवेचकों एवं थाना प्रभारियों के साथ अर्दली रूम कर आवश्यक समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान थाना खेसरहा में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक ने उन्हें पुलिस सेवा के दायित्वों, अनुशासन एवं जनसेवा के मूल सिद्धांतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों का उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर प्रशिक्षण एवं अनुशासित कार्यशैली अपनाने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद ने रिक्रूट आरक्षियों की आवासीय व्यवस्था का निरीक्षण भी किया तथा उनके साथ आत्मीय माहौल में रात्रि भोज कर मानवीय संवेदनशीलता एवं सौहार्द का परिचय दिया। उनके इस व्यवहार की पुलिसकर्मियों एवं रिक्रूट आरक्षियों द्वारा सराहना की गई।

निरीक्षण कार्यक्रम से थाना परिसर में अनुशासन, कार्यकुशलता एवं पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने का संदेश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

फ्लैग मार्च कर पुलिस ने दिलाया सुरक्षा का भरोसा

- क्षेत्राधिकारी शुबेंदु सिंह व थानाध्यक्ष अभय सिंह ने मुस्तैदी के साथ किया पैदल गश्त

सिद्धार्थनगर। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जनपदीय पुलिस पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आ रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार फ्लैग मार्च एवं पैदल गश्त किया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह ने थाना जोगिया उदयपुर के थानाध्यक्ष अभय सिंह एवं पुलिस बल के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम ने बाजारों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं चिन्हित हॉटस्पॉट इलाकों में पैदल गश्त कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। क्षेत्राधिकारी शुबेंदु सिंह एवं थानाध्यक्ष अभय सिंह ने लोगों से आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की तथा अफवाहों से दूर रहने का संदेश दिया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है और किसी भी प्रकार की अराजकता या शांति भंग करने वाले तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। फ्लैग मार्च के दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिस की सक्रियता एवं सतर्कता की सराहना करते हुए इसे सुरक्षा व्यवस्था के लिए बेहद सकारात्मक कदम बताया। क्षेत्राधिकारी शुबेंदु सिंह के नेतृत्व एवं थानाध्यक्ष अभय सिंह की सक्रिय कार्यशैली से क्षेत्र में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत होती दिखाई दी। पुलिस की यह मुहिम आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही।

डीएम ने बाढ़ सुरक्षा कार्यों का किया निरीक्षण

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने जनपद में बाढ़ सुरक्षा एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का जायजा लेते हुए दहावर कलां, मोहम्मदपुर कला एवं नरायनपुर क्षेत्र में संचालित बाढ़ सुरक्षा कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों एवं अभियंताओं को निर्देशित किया कि बांधों एवं सुरक्षात्मक कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से युद्धस्तर पर समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाए, ताकि जलस्तर बढ़ने की स्थिति में ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि बाढ़ से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं तथा कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियन्ता बाढ़ खण्ड को निर्देश दिए कि कार्यों का नियमित पर्यवेक्षण सुनिश्चित किया जाए और प्रत्येक निर्माण कार्य मानक के अनुरूप कराया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम भी जाना तथा सड़क एवं अन्य समस्याओं के संबंध में उनकी शिकायतें सुनकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय अधिशाषी अभियन्ता बाढ़ खण्ड अखिलेश कुमार गौतम सहित विभागीय अभियंता एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वगणना अभियान की शुरुआत

जनप्रतिनिधियों संग अधिकारियों ने भरा ऑनलाइन विवरण

श्रावस्ती। जनगणना प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और त्रुटिहीन बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में स्वगणना अभियान की औपचारिक शुरूआत की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वयं ऑन लाइन स्वगणना कर अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 07 मई से 21 मई तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि भारत सरकार ने पहली बार नागरिकों को स्वयं अपनी जनगणना विवरणी भरने की सुविधा उपलब्ध कराई है। इसके तहत कोई भी भारतीय नागरिक घर बैठे पोर्टल पर अपनी समस्त जानकारी दर्ज कर सकता है। जानकारी सबमिट होने के बाद संबंधित व्यक्ति के मोबाइल एवं ईमेल पर एक पंजीकरण संख्या प्राप्त होगी, जिसके माध्यम से जनगणना प्रगणक विवरण का सत्यापन करेंगे।

जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र ने कहा कि स्वगणना की सुविधा अत्यंत सराहनीय पहल है। इससे नागरिक कहीं से भी अपनी सही और पूर्ण जानकारी साझा कर सकेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठाएं। विधायक श्रावस्ती रामफेरन पांडेय एवं उनके पुत्र आशुतोष पांडेय ने भी स्वगणना करते हुए कहा कि यह व्यवस्था आमजन को सीधे जनगणना प्रक्रिया से जोड़ने का अवसर प्रदान करेगी तथा त्रुटिहीन आंकड़े उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना सभी नागरिक शीघ्र अपनी स्वगणना पूर्ण करें। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया सरल, सहज एवं पूर्णतः विश्वसनीय है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रो. मिश्रीलाल वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष उदय त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी मो. शाहिद अहमद, अपर जिलाधिकारी अमरेंद्र कुमार वर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति, खनन अधिकारी विवेक कुमार, आपदा विशेषज्ञ डॉ. अरुण कुमार मिश्र सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कटे होंठ वाले बच्चों को नयी मुस्कान देगा स्वास्थ्य शिविर

श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती के संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा स्थित एनआरसी केंद्र में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत कटे होंठ एवं तालु से पीड़ित बच्चों के उपचार हेतु विशाल निशुल्क पंजीकरण एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा स्माइल ट्रेन के सहयोग से सिप्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ द्वारा आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित शिविर में कुल 75 बच्चों का पंजीकरण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की जांच के बाद 55 बच्चों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिनमें से 45 बच्चों को तत्काल स्माइल ट्रेन की बस से लखनऊ भेजा गया। वहां बच्चों के निशुल्क ऑपरेशन के साथ रहने एवं भोजन की भी मुफ्त व्यवस्था की जाएगी। शेष चयनित बच्चों को भी जल्द उपचार हेतु भेजा जाएगा।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर का उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को सामान्य जीवन प्रदान करना है। उन्होंने लोगों से सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की। आरबीएसके के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ. उदय नाथ ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत कटे होंठ और तालु के अलावा जन्मजात हृदय रोग, कम सुनाई देना तथा क्लब फुट समेत 42 प्रकार की बीमारियों का निशुल्क इलाज डीईआईसी केंद्रों के माध्यम से कराया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह, एआरओ सुरेश यादव, डीईआईसी मैनेजर डॉ. प्रतीक शाक्य, डॉ. गोविंद शुक्ला, मनु श्रीवास्तव, गंगाधर, जनार्दन प्रसाद सहित आरबीएसके टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर में जनपदीय एसओजी व थाना लोटन पुलिस की संयुक्त टीम ने गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत प्रसाद व क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने आरोपी राममिलन को थाना क्षेत्र लोटन के भुसौला अदाई मार्ग के पास से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल डंडा भी बरामद किया गया है। इस अभियान में एसओजी प्रभारी मिथलेश कुमार राय, थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूती मिली।

हाइटेंशन लाइन पर गिरा पेड़,200 गांवों में अंधेरा

लखीमपुर खीरी। जिले में गुरुवार सुबह तेज हवा के चलते 33 हजार केवी हाईटेंशन लाइन पर पेड़ गिर जाने से औरंगाबाद पावर हाउस की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई, जिससे करीब 200 गांवों की बिजली आपूर्ति घंटों बाधित रही। भीषण गर्मी के बीच बिजली गुल होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 10 बजे मैगलगंज क्षेत्र के ग्राम चपरतला स्थित लखनऊ-दिल्ली हाईवे के पास तेज हवा चलने के दौरान एक बड़ा पेड़ 33 हजार लाइन पर गिर गया। इससे हाईटेंशन लाइन क्षतिग्रस्त हो गई और औरंगाबाद पावर हाउस की सप्लाई बंद करनी पड़ी। बिजली आपूर्ति ठप होने से क्षेत्र के करीब 200 गांव अंधेरे में डूब गए। भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती से पेयजल संकट भी उत्पन्न हो गया। स्कूल जाने वाले बच्चों को बिना पानी के तैयार होना पड़ा, जबकि इन्वर्टर और मोबाइल फोन भी डिस्चार्ज हो गए।

जीप की टक्कर से 8 घायल

गोण्डा। जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में झंझरी मार्ग पर गुरुवार को तेज रफ्तार और बेकाबू जीप की चपेट में आने से आठ लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र में यादव जलपान गृह के पास कई लोग सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान तेज गति से गुजर रही एक जीप अचानक अनियंत्रित हो गई और वहां मौजूद लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में रमेश प्रजापति (35), कन्हैयालाल (26), चंद्रपाल (35), फूलजहां (35), रिंकी (19), नूर मोहम्मद (38), हसन (13) तथा आसिफ (18) घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जीप लोगों को टक्कर मारने के बाद आगे जाकर एक बस से भिड़ गई, जिसके बाद वाहन रुका। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

प्रमोद तिवारी की सीएम उमर से हुई अहम मुलाकात

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता व मुख्यमंत्री ने संप्रभुता की सुरक्षा पर दिया जोर

प्रतापगढ़। केंन्दीय वित्त मंत्रालय की सांसदीय सलाहकार समिति के महत्वपूर्ण दौरे में जम्मू कश्मीर राज्य के भ्रमण के दौरान राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की वहाँ के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ राष्ट्रीय मसलों पर चर्चा को लेकर खास मुलाकात हुई है।

संसदीय सलाहकार समिति के दौरे में वरिष्ठ सांसद प्रमोद तिवारी की मौजूदगी को लेकर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बुधवार की देर रात खासतौर पर प्रमोद तिवारी से मिलने श्रीनगर से गुलमर्ग पहुँचे। सीएम उमर ने उपनेता प्रमोद तिवारी के साथ कमेटी में शामिल लोकसभा व राज्यसभा के सांसदो व अर्थशास्त्रियों के सम्मान में हुऐ रात्रि भोज में शिरकत की। अपने पिता फारूख अब्दुल्ला से काफी अर्से से प्रमोद के गहरे तालुकात्त को लेकर सीएम उमर सांसद प्रमोद तिवारी से मुलाकात में खास खुश दिखे। छोटी बेटी प्रोफेसर (डॉ०) विजय श्री सोना के साथ सांसद प्रमोद तिवारी सीएम उमर अब्दुल्ला से मुलाकात में जम्मू काश्मीर में अमन के मौजूदा माहौल पर खुशी जतायी।जम्मू काश्मीर के मुख्यमंत्री उमर व उपनेता प्रमोद ने संवेदनशील राज्य में शांति बहाली के माहौल को पुख्ता बनाये रखने पर खासा जोर दिया।

सांसद प्रमोद तिवारी ने सरहद पार से आतंकी घटनाओं को सबक सिखलाने पर मिला जुला प्रयास मजबूती से जारी रखने पर भेंटवार्ता में फोकस किया। सीएम उमर व सांसद प्रमोद तिवारी ने राष्ट्रीय संप्रभुता की हिफाजत के साथ देश की एकता अंखण्डता की मजबूती के लिए संयुक्त संकल्प भी दोहराया। जम्मू काश्मीर में गठबंधन सरकार के कामकाज की बेहतरीन शैली की भी सांसद प्रमोद तिवारी ने सीएम उमर अब्दुल्ला को सहयोग जारी रखने का भी भरोसा दिलाया। एलजी मनोज सिन्हा से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से सांसद प्रमोद तिवारी की मुलाकात की जानकारी गुरुवार को मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने जरिये विज्ञप्ति में दी है। वहीं जम्मू काश्मीर के मुख्यमंत्री उमर से प्रमोद तिवारी की दिलचस्प मुलाकात की जानकारी पर कार्यकर्ता व समर्थक भी खुश नजर आये दिखे।

जनगणना जागरुकता जत्थे को दिखलायी हरी झंडी

प्रतापगढ़। घर घर की गणना के तहत जनगणना अभियान को लेकर गुरुवार को प्रचार वाहन के साथ जत्था रवाना हुआ। तहसीलदार गरिमा वर्मा ने तहसील परिसर में जनगणना अभियान पर विंदुवार प्रकाश डाला। वहीं उन्होने अधिवक्ताओं, कर्मचारियों व वादकारियों के साथ परिसर में अभियान के बाबत जागरुकता दी। तहसीलदार ने लोगों से गणना में सभी विंदुओं पर सही जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। संचालन अमीन संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री शेष तिवारी, श्याम पुष्पाकर, मनोज तिवारी, प्रदीप सिंह, अरुण तिवारी, गीता सिंह, हिना अंसारी, हरिकेश पटेल आदि रहे।

मिशन शक्ति अभियान से महिलाओं में बढ़ा आत्मविश्वास

श्रावस्ती। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को मजबूत बनाने के लिए श्रावस्ती पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जिलेभर में मिशन शक्ति टीम और शक्ति मोबाइल टीम लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। अभियान के तहत स्कूलों, गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने चौपाल और जनसंवाद के माध्यम से महिलाओं को निडर होकर अपनी बात रखने और किसी भी परेशानी में तुरंत मदद लेने के लिए प्रेरित किया।

साइबर अपराधों से बचाव को लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस ने सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और संदिग्ध लिंक से सावधान रहने की सलाह देते हुए ओटीपी साझा न करने और मजबूत पासवर्ड इस्तेमाल करने की अपील की। साथ ही आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देने के लिए कहा गया। इसके अलावा महिलाओं को यूपीकॉप ऐप, सीसीटीएनएस सुविधा, मिशन शक्ति केंद्र और साइबर हेल्प डेस्क की जानकारी देकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया गया। श्रावस्ती पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि यह जागरूकता अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

कोतवाल मृत्युंजय पाठक के निर्देशन में बांसी पुलिस का सघन अभियान

बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी में गुरुवार को यातायात नियमों के पालन को लेकर कोतवाली पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रभारी निरीक्षक (कोतवाल) मृत्युंजय पाठक के कुशल नेतृत्व एवं दिशा-निर्देशन में उपनिरीक्षक राम आज्ञा ने पुलिस टीम के साथ मंगल मोड़ तिराहे पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, तीन सवारी बैठाकर तथा बिना आवश्यक कागजात के दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 21 वाहनों का चालान करते हुए लगभग 21 हजार रुपये समन शुल्क की कार्रवाई की गई। इस अभियान में हेड कांस्टेबल बीरबल यादव, हेड कांस्टेबल दद्दन यादव, कांस्टेबल अश्वनी कुमार, आरक्षी बिपिन गौतम एवं विनीत सिंह सहित क्रिटिकल कॉरिडोर टीम के जवानों ने सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने और सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक भी किया। कोतवाल मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान को क्षेत्र में कानून व्यवस्था और सड़क सुरक्षा के प्रति बांसी पुलिस की सक्रिय एवं प्रभावी कार्यशैली का प्रतीक माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए इसे जनहित में आवश्यक कदम बताया।

जनता दर्शन में दिखी संवेदनशील पुलिसिंग

सिद्धार्थनगर। जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। गुरुवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने स्वयं फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 06 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 04 मामले भूमि विवाद से संबंधित तथा 02 अन्य समस्याओं से जुड़े रहे। एसएसपी ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र का गंभीरता से अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों में निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। डॉ. अभिषेक महाजन ने कहा कि पुलिस प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है तथा किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए और शिकायतकताओं को कार्रवाई से अवगत भी कराया जाए। जनता दर्शन के दौरान फरियादियों ने अपनी बात सीधे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखी, जिससे लोगों में विश्वास और संतोष का माहौल देखने को मिला। एसएसपी की संवेदनशील कार्यशैली एवं जनसमस्याओं के प्रति गंभीरता की आमजन द्वारा सराहना की जा रही है। जनपद में कानून व्यवस्था के साथ-साथ जनविश्वास मजबूत करने की दिशा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन की यह पहल बेहद प्रभावी मानी जा रही है।

फोटो खींचते समय गंगा नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

वाराणसी। ग्रेटर नोएडा के 27 वर्षीय एक व्यक्ति की अपने दोस्तों के साथ मणि मंदिर घाट पर नाव में फोटो खींचते समय गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। दशाश्वमेध थाना प्रभारी विजय कुमार शुक्ला के अनुसार बुधवार रात करीब एक बजे हर्षवर्धन ठाकुर कथित तौर पर संतुलन खो बैठा और नदी में गिर गया। वह पानी के तेज बहाव में बह गया। रात में उसकी तलाश शुरू की गई, लेकिन अंधेरे के कारण उसे नहीं ढूंढा जा सका।

संक्षेप

समाजवाद के सच्चे सिपाही थे एडवोकेट रामलखन : ब्रजेश गौतम

चौरीचौरा, गोरखपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक शारदा देवी के पति स्व. रामलखन पासवान की तृतीय पुण्यतिथि पर बृहस्पतिवार को चौरीचौरा के एक मैरिज लॉन में दयानंद विद्रोही की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के अतिथि सपा जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार गौतम ने स्व. पासवान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि स्व.रामलखन पासवान ने समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों की आवाज उठाने का कार्य किया। उनका सामाजिक और राजनीतिक योगदान सदैव याद किया जाएगा। वह समाजवाद के सच्चे सिपाही थे।सभा में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जनसेवा को हमेशा प्राथमिकता दी। कार्यक्रम का संचालन सपा जिला उपाध्यक्ष मुन्नीलाल यादव ने किया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व विधायक शारदा देवी की पुत्री अंजू पासवान ने कराया। उक्त अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामनगीना साहनी, प्रहलाद यादव, अवधेश यादव, मनुरोजन यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष सन्नी जायसवाल, पूर्व चेयरमैन विनोद जायसवाल, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, सतीश तिवारी, मारकंडे यादव, श्यामिलन यादव, बबलू अंसारी, अनूप यादव, नरसिंह यादव, जय कुमार साहनी, धनुषधारी यादव, लालमन काका, लालजी भारती, शिव प्रसाद चौरसिया, रंजीत यादव, मोनू पासवान, अमरनाथ यादव, रामदेव यादव, लालचंद यादव, नौसाद अहमद, कन्हैयालाल यादव, श्री दयाल पासवान, अनील रावत, सागर यादव, गुलाब यादव,रामप्रवेश यादव, अरविंद पासवान, अलबेला यादव, संगम मल्ल, संतोष यादव और ब्रह्मदेव यादव समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

अधेड़ ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी

चरगांवा, गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के शिवपुर सहबाजगंज में बृहस्पतिवार को एक 53 वर्षीय अधेड़ ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। जानकारी के मुताबिक, गुलरिहा थाना क्षेत्र के शिवपुर सहबाजगंज नहर रोड मिलन चौराहा स्थित लेन नंबर दो निवासी अजय कुमार गौतम (53) रेलवे यांत्रिक कारखाना में प्राइवेट में काम करते थे। उनकी तीन बेटियां और एक बेटा है। परिजनों ने बताया कि पति-पत्नी में कुछ मनमुटाव होने की वजह से लगभग 15 वर्षों से उनकी पत्नी अर्चना अपने चारों बच्चों को लेकर देवरिया के साकेत नगर स्थित मायके में रहती है। अजय अपने पिता और छोटे भाई के साथ घर पर रहते थे। उनके पिता रामलाल सेना से रिटायर्ड है। छोटा भाई संजय कुमार शिक्षक है। लोगों ने बताया कि वह नशे के आदि थे। जिसकी वजह से पत्नी छोड़कर मायके चली गई। बुधवार की रात 10 बजे के करीब ड्यूटी करने के बाद अपने मकान फर पहुंचे और कमरे में सोने चले गए। बृहस्पतिवार की सुबह 9:00 बजे तक दरवाजा नहीं खुला तो उनके पिता रामलाल दरवाजा खटखटाता काफी प्रयास के बाद जब दरवाजा नहीं खुला तो खिड़की से देखा तो उनका शव रस्सी के सहारे फंदे से लटक रही थी। जिससे बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी।

सूचना

सूचित हो कि मेरा सम्पत्ति का पूर्व मूल बैनामा दिनांक 14.09.1982 बही संख्या 1 जिल्द संख्या-2798 के पृष्ठ संख्या 143 से 145 पर क्रमांक 3472 पर मुख्य उपनिबन्धक कार्यालय, लखनऊ में पंजीकृत है, कहीं खो गया है। **शाकिर पुत्र जाफर अली नि.- 155/129, मौलवीगंज, हाता सुलेमान कदर, अमीनाबाद, लखनऊ।**

रोड कनेक्टिविटी को मजबूत कर रही योगी सरकार

गोरखपुर के दक्षिणांचल में उरूवा, धुरियापार, शाहपुर, बेलघाट मार्ग का चौड़ीकरण कार्य अंतिम दौर में

- 18 किमी लंबी सड़क के निर्माण पर आ रही 57.68 करोड़ रुपये की लागत
- 8 किमी लंबे सिकरीगंज, बेलघाट, लोहरैया मार्ग का भी 22.32 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा सुदृढ़ीकरण

घनश्याम कुमार

गोरखपुर। योगी सरकार शहर ही नहीं, ग्रामीण इलाकों में भी रोड कनेक्टिविटी को सुदृढ़ कर रही है। गोरखपुर में मुख्य मार्गों को फोरलेन कनेक्टिविटी देने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा फायदा, बुनियादी ढांचागत सुविधाओं के विकास से दशकों तक पिछड़े रहे दक्षिणांचल को हो रहा है। दक्षिणांचल में उरूवा, धुरियापार, शाहपुर, बेलघाट मार्ग का चौड़ीकरण कार्य जहां अंतिम दौर में है तो वहीं सिकरीगंज, बेलघाट, लोहरैया मार्ग के भी सुदृढ़ीकरण का कार्य दो तिहाई से अधिक पूरा हो चुका है। इन मार्गों के कायाकल्प से लाखों की आबादी को सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) प्रांतीय खंड द्वारा करीब 18 किमी की लंबाई में उरूवा, धुरियापार, शाहपुर, बेलघाट मार्ग का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य कराया जा रहा है। 57.68 करोड़ रुपये की लागत वाली इस सड़क परियोजना की भौतिक प्रगति 95 प्रतिशत है और जून माह के अंत तक शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया गया है। इस मार्ग को दक्षिणांचल की कनेक्टिविटी के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड द्वारा ही 8 किमी लंबे सिकरीगंज, बेलघाट, लोहरैया मार्ग का भी 22.32 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कराया जा रहा है। इस परियोजना में 80 प्रतिशत से अधिक निर्माण हो चुका है। विभाग का लक्ष्य जून माह तक काम पूरा करा लेने का है। इस मार्ग के चौड़े और मजबूत होने से भारी वाहनों का आवागमन सुगम होगा। बेलघाट क्षेत्र के लोगों को लोहरैया और सिकरीगंज की ओर जाने में सुगमता होगी।

जून माह के अंत तक दक्षिणांचल की इन मार्गों का भी हो जाएगा सुदृढ़ीकरण

-13 किमी लंबा गोरखपुर, खजनी, सिकरीगंज मुख्य मार्ग। लागत 60.58 करोड़ रुपये, भौतिक प्रगति 94 प्रतिशत। -15 किमी लंबा महदेवा, दुधरा, सोपरा मार्ग। लागत 35.56 करोड़ रुपये, भौतिक प्रगति 81 प्रतिशत।

भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित

जन-जन तक पहुंचायें सरकारी की जनकल्याणकारी योजनायें: शत्रुघ्न

गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला स्थित भाजपा कैंप कार्यालय पर गुरुवार को मंडल गोला मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सरकार की विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह और भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन ने कहा कि हम सब कार्यकर्ता अपने बुथ से लेकर मंडल के सभी कार्यकर्ता गणों के संग बैठक कर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं जन जन तक पहुंचाना एवं संगठन को मजबूत बनाने पर बल देना होगा। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोला अजय राजभर व संचालन महामंत्री जयशंकर तिवारी ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष गोला देवेश निषाद, इमरान अंसारी, सुमित सिंह, दीपक सिंह, जोखन राजभर, बेचन माली, अनिल कुमार, अंकुर चन्द व विजय सोनकर आदि मौजूद रहे।

विधायक ने मेधावियों को किया सम्मानित

पिपरौली, गोरखपुर।क्षेत्र के कस्बा पिपरौली बाजार स्थित सरस्वती देवी इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 23 मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि सहजनवां के भाजपा विधायक प्रदीप शुक्ला ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सफलता ही स्वर्णिम भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है और अच्छी शिक्षा व्यक्ति को जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंचाने का माध्यम बनती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का जीवन में विशेष महत्व है, यह कभी व्यर्थ नहीं जाती तथा शिक्षित व्यक्ति समाज में सदैव सम्मान प्राप्त करता है।

कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि सुरजीत सिंह एवं चंद्र कुमार सिंह चंदन ने भी संबोधित किया। समारोह की अध्यक्षता बैजनाथ यादव ने की, जबकि संचालन प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार सिंह ने किया।

इस दौरान अमीत सिंह, रमाकांत सिंह, सुशील निगम, रामेश्वर सिंह, दयाराम साहनी, प्रदीप कुमार सिंह, राधा मद्धेशिया, अनुपमा सिंह, अभय त्रिपाठी, चंदा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

समाजसेवी ने स्कूल को इनर्वटर प्रदान किया

पाटन, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर में पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने विधानसभा भगवन्तनगर के सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के ग्राम चन्दनपुर में एक महीने पूर्व इसी विद्यालय के वार्षिकोत्स्व आयोजन में बच्चों से उनकी शिक्षा ब्यवस्था बेहतर करने हेतु इनर्वटर लगवाने की घोषणा की थी जिसे अपनी उपस्थिति में बच्चों व विद्यालय परिवार को समर्पित किया। पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की ओर से सरकारी विद्यालयों में भी बच्चों की उच्च शिक्षा हेतु लगातार जनहित के कार्य किए जा रहे है। विद्यालय परिवार के बच्चों ने ताली बजाकर पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के जनहित के कार्य का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य ब्रजभूषण, इंद्रसेन, रोहित बैदरा, कुंवर महेंद्र प्रताप सिंह, ज्ञान सिंह, आर के सिंह, पंकज, सुरेश बहादुर सिंह, प्रखर सिंह, अनीश यादव, रामजी यादव सौरभ, अमन सिंह, अर्पित, सुनील सिंह, विश्वजीत, संदीप यादव, अशोक पासवान सहित बड़ी संख्या क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे।

घोसला देकर गौरैया संरक्षण का संदेश दिया

पाटन, उन्नाव। गौ-गौरैया संरक्षण समिति कानपुर उत्तर प्रदेश की ओर से चलाए जा रहे गौरैया संरक्षण जन-जागरूकता अभियान घर आओ गौरैया के तहत संस्था के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय के द्वारा बीघापुर तहसील स्थित एसडीएम कार्यालय में एसडीएम रणवीर सिंह को गौरैया घोसला भेंट किया। जिसकी एसडीएम ने प्रशंसा करते हुए उन्होंने बताया उनके आवास में मोर भी आते है जिनके लिए दाना-पानी का प्रबंध किया जा रहा है। इस दौरान मनीष पाण्डेय ने बताया गौरैया का प्रजनन समय चल रहा है अतः मैं जनमानस से अपील करता हूं इस गर्मी के मौसम में बेसहारा पशु,पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करें जिससे इन बेजुबानों को असमय काल के गाल में न समाना पड़े। पशु, पक्षी पर्यावरण के संतुलन में सहायक होते है आज लगभग पूरा विश्व पर्यावरण असन्तुलन की जद में है। हम इंसानों को इन बुजुबानो की सहायता से पुण्य लाभ होता है साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी भी। इस दौरान-बिमल वर्मा (स्टेनो) अनिल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

डीएम ने बाढ़ क्षेत्रों के अनुश्रवण हेतु बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक ली

उन्नाव (वीओएल)। जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ क्षेत्रों के अनुश्रवण हेतु बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड से बाढ़ से संबंधित, सिंचाई विभाग स्तर पर कराए जाने वाले कार्यों की तैयारी के संबंध में बिंदुवार जानकारी ली। किंतु सिंचाई विभाग द्वारा बाढ़ से बचाव के लिए विभाग स्तर पर किए जाने वाले इंतजामों के संबंध में कोई तैयारी न किये जाने कोई भी कार्य न कराए जाने पर साथ ही जिलाधिकारी महोदय के आवश्यक बिंदुओं पर जानकारी लेने पर कोई संतोषजनक जवाब न मिलने पर अधिशासी अभियंता सिंचाई खण्ड उन्नाव पर कड़ी फटकार लगाते हुए कठोर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। कहा 15 दिन के अंदर पुनः बैठक बुलाई जाए यदि कोई सुधार न हुआ तो शासन स्तर पर पत्र लिखा जाएगा। कहा बाढ़ से जनपद में आपात स्थिति उत्पन्न होने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत अनुमन्य नियमों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने बाढ़ से सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समय से बाढ़ के संबंध में टेंडर हो जाएं कोई भी लापरवाही ना हो। बाढ़ के समय परिवार विस्थापित होने पर जो स्कूल चयनित किए जाते हैं उनकी साथ- सफाई पहले से हो जाए, स्कूल अच्छी स्थिति में हों, शौचालय ठीक हो बिल्डिंग ठीक हो यह सुनिश्चित कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि भूसे का टेंडर समय से कर लिया जाए।

छत से गिरकर किसान घायल

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। क्षेत्र के एक गांव में भोर पहर छत से गिरकर किसान घायल हो गया। जिसे परिजनों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सादुल्लापुर निवासी हेमराज 55 वर्ष पुत्र शिव प्रसाद अपने घर की छत पर लेटे हुए थे। गुरुवार को भोर पहर सुबह लगभग चार बजे तेज आंधी आ गयी। इसके बाद वह उठकर छत से नीचे उतर रहे थे तभी वह अनियंत्रित होकर छत से नीचे घर के आंगन में गिर गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही घर में चीख पुकार मच गयी। मृतक पत्नी, पांच पुत्रियाँ व एक पुत्र को रोता बिलखता छोड़ गया है।

महिला चौपाल में महिला आयोग उपाध्यक्ष ने सुनी समस्याएं

उन्नाव। उपाध्यक्ष, उ०प्र० राज्य महिला आयोग अपर्णा यादव की अध्यक्षता में खण्ड विकास अधिकारी बिछिया सभागार में महिला चैपाल का आयोजन किया गया। मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय भी उपस्थित रहे। जिसमें लगभग 125 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व अन्य महिलाओं द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने सरकार द्वारा महिलाओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं व हेल्पलाइन नम्बर की जानकारी प्रदान कर जागरूक किया। आमजनमानस को आ रही समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। साथ ही आंगनवाडी केन्द्र बिछिया का निरीक्षण किया गया। उपाध्यक्ष द्वारा 04 महिलाओं की गोदभराई 03 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। श्याम कुमारी सेठ बालिका इण्टर कॉलेज का निरीक्षण किया गया व बालिकाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की पम्पलेट प्रदान कर जानकारी प्रदान की गयी।

इसके साथ ही वन स्टाप सेन्टर व जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। उन्होने जिला महिला चिकित्सालय में 08 नवजात बालिकाओं का केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया। उन्हें बेबी केयर किट एवं मिष्ठान आदि का वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा महिला जनसुनवाई की गयी, जिसमें 04 महिलाओं/बालिकाओं द्वारा उपाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र एवं मौखिक रूप से अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया, जिसमें से 02 प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही कर प्रकरणों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी के माध्यम से कराया गया। अवशेष प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान अजय कुमार जिला कार्यकम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, उपायुक्त श्रम, बिन्नी सिंह नगर क्षेत्राधिकारी, फहद खान खण्ड विकास अधिकारी बिछिया, प्रभारी महिला थाना, प्रभारी ए०एच०टी०यू०. पूजा कुमारी प्रधानाचार्य श्याम कुमारी सेठ बालिका इण्टर कॉलेज जिला समन्वयक चाइल्ड लाइन, हब फॉर इम्पावरमेण्ट ऑफ वूमेन, वन स्टॉप सेन्टर एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी/कर्मचारियों के साथ ही जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

60 लाख की सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त

हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। 7 मई को पुरवा तहसील के अंतर्गत आने वाले ब्लॉक हिलौली क्षेत्र की ग्राम अकोहरी में सार्वजनिक और तालाब की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस कार्रवाई के तहत गाटा संख्या 395 पर सुभाष चंद्र द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। यह भूमि अभिलेखों में बंजर के रूप में दर्ज है और मौरावां अकोहरी-गुरबक्शगंज मुख्य मार्ग के किनारे स्थित है। सुभाष चंद्र ने 0.013 हेक्टेयर भूमि पर पिलर गाड़कर कब्जा किया था। अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित व्यक्ति को कई बार सूचित किया गया था लेकिन उसने कब्जा नहीं हटाया। इसके बाद 6 मई 2026 को जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर भूमि को खाली कराया गया। इसी क्रम में ग्राम अकोहरी स्थित गाटा संख्या 5332 पर भी कार्रवाई की गई। यह 0.948 हेक्टेयर भूमि अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है राजेश पुत्र प्रेमनाथ निवासी पठई मजरा अकोहरी ने इसके 0.013 हेक्टेयर हिस्से पर पिलर और दीवार खड़ी कर अवैध निर्माण कर लिया था। राजेश को भी निर्माण रोकने के लिए कई बार निर्देश दिए गए थे। लेकिन उसने काम जारी रखा। परिणामस्वरूप 6 मई 2026 को प्रशासन ने इस अवैध निर्माण को भी ध्वस्त कर तालाब की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। अतिक्रमण मुक्त कराई गई इन दोनों सरकारी भूमियों का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 60 लाख रुपये है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक उपयोग की भूमि तालाब बंजर और अन्य सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी तरह की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। इस दौरान नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी, लेखपाल निशांत वर्मा सहित कई महिला कांस्टेबल मौजूद रही।

गैस कीमतों की बढ़ोत्तरी से डीएम को ज्ञापन सौंपा

इटावा। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारीयों ने कमर्शियल गैस की कीमतों में भारी वृद्धि के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा, व्यापारियों ने कहा कि इस अव्यवहारिक निर्णय से छोटे एवं घरेलू कुटीर उद्योग पूरी तरह प्रभावित होंगे। विशेष रूप से होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, कैटरिंग व्यवसायी, डेयरी संचालक तथा ठेला-पटरी पर खाद्य सामग्री बेचने वाले छोटे व्यापारी इस बढ़ोतरी से बुरी तरह बबार्दी के कगार पर आ जायेंगे। कमर्शियल और घरेलू गैस के दामों में बढ़ता अंतर गैस की कालाबाजारी को बढ़ावा देगा, जिससे बाजार में अव्यवस्था और भ्रष्टाचार को बल मिलेगा। ज्ञापन में मांग की गई कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की आवश्यकता अनुसार उपलब्धता कराई जाने के आदेश पारित करने की कृपा करें साथ ही कमर्शियल गैस सिलेंडर की बुकिंग घरेलू गैस सिलेंडर की भांति ऑनलाइन की जाने की व्यवस्था करने के आदेश पारित किया जाये केंद्र सरकार को निर्देशित करें कि वह गैस के वैकल्पिक संसाधनों के लिए अनुसंधान कमेटी का गठन करें। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री मंजूलता द्विवेदी, जिलाउपाध्यक्ष हाजी अब्दुल मन्नान मंसूरी, सरदार मंजीत सिंह, जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, युवा जिला महामंत्री अजीत कुमार, सुनील कुशवाहा, जिला सचिव सै. लकी, सिकंदर वारसी, महिला जिला अध्यक्ष शकीला बेगम, लखना नगर अध्यक्ष विपिन कुशवाहा, लखना उपाध्यक्ष सत्यम दीक्षित, महिला शहर अध्यक्ष पूर्वी सक्सेना युवा जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, शेख नबाब, रेडीमेड ऐसोसिएशन के अध्यक्ष देव गुप्ता, सुमन यादव आदि दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

बारात आने से पहले उठी बेटी की अर्थी, शादी की खुशियां मातम में बदलीं

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम भतोरा में गुरुवार को उस समय मातम पसर गया, जब जिस घर में बारात आने की तैयारियां चल रही थीं, वहां से 22 वर्षीय युवती की अर्थी उठी। सैफई मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्राम भतोरा निवासी महेश तिवारी की पुत्री शिखा तिवारी का विवाह कानपुर देहात के रसूलाबाद निवासी अभिषेक चतुर्वेदी के साथ तय हुआ था। गुरुवार 7 मई को बारात आनी थी। घर में मांगलिक कार्यक्रम चल रहे थे और परिजन शादी की तैयारियों में जुटे हुए थे। इसी बीच दो दिन पूर्व शिखा की अचानक तबीयत बिगड़ गई और उसे तेज पेट दर्द की शिकायत हुई। परिजन पहले उसे जसवंतनगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने इटावा रेफर कर दिया। इटावा के निजी अस्पताल में भी हालत में सुधार नहीं हुआ तो बुधवार को उसे सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। मृतका की रिश्तेदार आरती दुबे ने बताया कि चिकित्सकों ने शिखा के पेट में गंभीर संक्रमण बताया था। ऑपरेशन के दौरान अचानक उसकी हालत बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि शादी की लगभग सभी रस्में पूरी हो चुकी थीं और परिवार खुशियों में डूबा था, लेकिन अचानक आई इस दुखद घटना ने सबको तोड़ दिया।

तेज रफ्तार बस ने दो छात्रों की ली जान

उदी, इटावा। बढ़पुरा थाना क्षेत्र उदी-वाह मार्ग स्थित कृष्णानगर के समीप दिल्ली से भिण्ड आ रही तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार दो स्कूली छात्रों को मारी टक्कर, स्कूल से घर बापस लौट रहे दोनों छात्रों की हुई मौत। प्रिंस पुत्र राजेंद्र पाल 15 वर्ष निवासी ग्राम पुरारेवाड़ी, थाना बढ़पुरा एवं अर्पित पुत्र नरेश 16 वर्ष निवासी ग्राम पछांयगांव, थाना पछांयगांव बाइक से उदी मोड़ स्थित शकुंतलम इंटरनेशनल स्कूल से बापस घर लौट रहे थे कि तभी दिल्ली से भिंड आ रही बस ने उपरोक्त कृष्ण नगर के समीप बिले में टक्कर मार दी, टक्कर से दोनों छात्र दूर सड़क पर जा गिरे और सिर आदि में चोट लगने से गंभीर घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से थानां पुलिस द्वारा तत्काल एंबुलेंस से दोनों घायल छात्रों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहाँ डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि दोनों छात्र कक्षा 10 के छात्र थे तथा शाकुंतलम इंटरनेशनल स्कूल से टी सी लेने को आये थे।वापस लौटते समय दुर्घटना घटित हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही दोनों छात्रों के स्वजन जिला अस्पताल पहुंचे जहां उनका रोरोकर बुरा हाल था। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक पछांयगांव निर्मला कुमारी और थाना प्रभारी निरीक्षक बढ़पुरा नरेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच के बाद बस को कब्जे में लिया गया है जबकि चालक भागने में सफल रहा है। सूचना पर घटनास्थल का निरीक्षण एसपी सिटी अभयनारायण त्रिपाठी और सीओ जसवंतनगर आयुषी सिंह के द्वारा भी किया गया। उक्त अधिकारियों ने संबंधित थानां बढ़पुरा पुलिस को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

खाद्य विभाग से पीड़ित व्यापारी डीएम से मिलेंगे

इटावा। तेल व्यापारी के साथ खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा की गई धन वसूली की कार्रवाई का उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने किया विरोध कल मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेंगें। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार पाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल तेल व्यापारी गौरव अग्रवाल से मिला और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.
अधीक्षण अभियन्ता, तकनीकी, जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ

ई-निविदा सूचना: 06/SE(TECH)/JZ/2026-27 वि.आ.सं.-1098 दिनांक 06.05.2026

कार्य का नाम : अधिशासी अभियन्ता 11 के.वी. एवं एल.टी. जानकीपुरम के सहायक अभियन्ता 11 के.वी. एवं एल.टी. जी.पी.आर.ए. के कार्य क्षेत्रान्तर्गत जमायोजना मद में रू. 71.50 स्क्वायर फिट व समान प्रकार के अन्य नयी योजनान्तर्गत स्वीकृत पैकेजों के सापेक्ष रनिंग विद्युतीय कार्य।

ई-निविदा प्रपत्र शुल्कः रू. 3540.00	धरोहर राशिः रू. 45000.00

ई-निविदा की अन्तिम तिथिः 20 मई 2026

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं.	106–सिग/टेंडर/09/2026–27
कार्य का नाम	उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में स्थापित STATCON ENERGIA निर्मित IPS (24 नग) का 36 (छत्तीस) महीनों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध।
अनुमानित लागत	रु. 1,07,83,514.88/-
निविदा प्रपत्र की कीमत	शून्य
धरोहर राशि	रु. 2,15,700.00/-
कार्य पूरा करने की अवधि	36 महीना
निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	28.05.2026, 15:30 बजे
वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है।	www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ

• ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106–सिग/टेंडर/09/2026–27 दिनांकः 06.05.2026 1532/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

सड़क हादसे में मामा- भांजे की मौत

मोहम्मदी खीरी। कोतवाली के रेहरिया चौकी क्षेत्र में साहिबगंज जंगल के बीच अनुबंधित रोडवेज बस चालक ने दो बाइकों पर अलग-अलग सवार होकर मां और भांजे को बहनोई के घर से वापस जाते समय रौंद दिया था जिसमें दोनों की दर्दनाक मौके पर मौत हो गई थी। दोनों शवों का पोस्टमार्टम होकर भांजे को शाहजहांपुर पैतृक गांव और मामा को मोहम्मदी के गांव पड़रिया पहुंचने पर कोहराम मच गया जिनका गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया है। बुधवार की रात हुए हादसे में मृतक आकाश 25 वर्षीय अपने मामा नेवा 35 वर्षीय निवासी पड़रिया अपनी बाइक पर सवार होकर भांजे के साथ उसके बहन बहनोई निवासी त्रिलोकपुर के घर गए थे वहां से वापस लौटते समय हादसे का शिकार हो गए जिसमें दोनों की दर्दनाक मौत हो गई थी। मामा अविवाहित थे जिनके भाइयों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है। हादसे में मृतक भांजे आकाश निवासी आवां जिला शाहजहांपुर की 15 दिन पूर्व निगोही थाना के गांव दुल्हापुर में निराशा देवी के साथ शादी हुई थी अभी दुल्हन के हाथ की मेहंदी छूट नहीं पाई थी तब तक उसका सुहाग उजड़ गया वह दहाड़ मार मार कर अपने भाग्य को कोस रही है। सास प्रेमवती और ससुर शिव कुमार बहु को अब तुम ही हमारा बेटा हो कहकर ढांढस बंधाते हुए आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे मृतक का छोटा भाई योगेश और बहन मानती का रो रो कर बुरा हाल है।

किशोर घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। विकास चैराहे के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। हालत नाजुक होने पर उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। कुम्हारन टोला निवासी साजन ने कोतवाली गोला में दी तहरीर में बताया कि उसका भांजा श्याम बुधवार दोपहर करीब एक बजे बांकेगंज रोड की ओर जा रहा था। विकास चैराहे के पास सामने से आ रही बजाज प्लेटिना बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। आरोप है कि बाइक चालक नशे की हालत में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहा था। हादसे में 14 वर्षीय श्याम गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही लहूलुहान हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। बाद में उसे लखीमपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मिट्टी निकालने के विवाद में भाई पर बांके से हमला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। खेत से मिट्टी निकालने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति पर उसके भाई ने बांके से हमला कर दिया। हमले में घायल व्यक्ति का सिर फट गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम दलेलनगर निवासी दयाराम ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि दो मई की शाम करीब सात बजे उसका भाई राम बहादुर बांका लेकर उसके घर में घुस आया। आरोप है कि खेत से मिट्टी निकलवाने की बात पूछते हुए उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और बांके से हमला कर दिया। वार लगने से दयाराम का सिर फट गया और खून बहने लगा। दयाराम ने बताया कि वह किसी तरह जान बचाकर भागा। इसी दौरान उसका पुत्र राम सनेही मौके पर पहुंच गया और आरोपी के हाथ से बांका छीन लिया। आरोप है कि आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी।

तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नहर पुलिया के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से ओमनी कार नहर में जा गिरी। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम अलियापुर निवासी शाहिद अली ने कोतवाली गोला में दी तहरीर में बताया कि उसका भाई नूर मोहम्मद रविवार शाम करीब चार बजे ओमनी कार से अलियापुर से रसूल पनाह बाजार जा रहा था। रमुआपुर स्थित नहर पुलिया के पास मालपुर रोड की ओर से आई स्विफ्ट डिजायर कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ओमनी अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह नूर मोहम्मद को बाहर निकाला।

स्कूलों में रैली, गांव-शहर में जागरूकता अभियान

- स्व-गणना का शंखनाद डीएम-सीडीओ से लेकर विधायकों तक ने मोबाइल से भरा ऑनलाइन प्रपत्र
- 34 सवालों के जवाब देकर खुद भर सकेंगे जनगणना डेटा

जिला संवाददाता

लखीमपुर खीरी। देश की पहली डिजिटल जनगणना की दिशा में लखीमपुर खीरी जिले ने जोरदार शुरूआत कर दी है। सात मई से शुरू हुए ह्यस्व-गणनाह्ल अभियान में जनप्रतिनिधियों, अफसरों और कर्मचारियों ने खुद आगे आकर ऑनलाइन प्रपत्र भरते हुए आमजन को भी इस राष्ट्रीय महाभियान से जुड़ने का संदेश दिया।

कलेक्ट्रेट से लेकर गांव की चौपाल तक ह्यअपनी जनगणना, खुद करेंह्ल का संदेश गूंजता रहा। डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम (न्यायिक) समेत विधायक योगेश वर्मा, लोकेंद्र प्रताप सिंह और सौरभ सिंह सोनू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मोबाइल के जरिए अपना स्व-गणना प्रपत्र भरकर अभियान का शुभारंभ किया। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि सात मई से शुरू हुआ स्व-गणना चरण नागरिकों को अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने का अवसर देता है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इंटरनेट के माध्यम से पोर्टल पर जाकर सही और प्रमाणिक आंकड़े भरें। डीएम ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं की बुनियाद है। सही डेटा से ही सरकार की नीतियां और योजनाएं धरातल पर प्रभावी बनती हैं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने स्व-गणना पोर्टल पर अपनी गणना दर्ज की और जनपदवासियों से समय से अपनी जानकारी भरने की अपील की। कहा कि सटीक आंकड़ों से ही विकास योजनाएं अधिक प्रभावी बन सकेंगी, इसलिए सभी लोग अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में नागरिकों को मकान गणना एवं सूचीकरण करना होगा। पोर्टल पर मकान और सुविधाओं से जुड़े 34 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनका उत्तर देकर कोई भी व्यक्ति अपनी स्व-गणना पूरी कर सकता है। फाइनल सबमिट के बाद एक यूनिक आईडी जनरेट होगी, जिसे सुरक्षित रखना जरूरी है। 22 मई से 22 जून तक प्रगणक घर-घर जाकर विवरण का सत्यापन करेंगे। नागरिक अपनी जनरेटेड आईडी दिखाकर डाटा की पुष्टि करा सकेंगे। एडीएम ने जनपदवासियों से 15 दिवसीय अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने और इसे सफल बनाने की अपील की।

मजबूरी में चोरी, फिर पछतावे में लौटाने पहुंचा चोर, दुकानदार ने दबोचा

सीतापुर। जिले के महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र में एक अनोखा चोरी का मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने पहले कृषि यंत्र चोरी किया और फिर उसे बेकार समझकर वापस करने पहुंच गया। इसी दौरान दुकानदार और ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। घटना के बाद क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक सुयश पटेल अपने एक साथी के साथ बुधवार देर रात एक दुकान से रोटरी वेटर उठा ले गया। युवक को लगा कि वह जुताई में इस्तेमाल होने वाला रोटावेटर ले जा रहा है, लेकिन बाद में पता चला कि वह मिट्टी बराबर करने वाला रोटरी वेटर है, जो उसके किसी काम का नहीं था। चोरी के बाद आरोपी ने दुकान पर एक पत्र भी छोड़ा। पत्र में उसने आर्थिक तंगी और दोस्तों की मजबूरी का हवाला देते हुए माफी मांगी। उसने लिखा कि हालात खराब होने के कारण उसे यह कदम उठाना पड़ा और वह तीन साल के भीतर मशीन की पूरी रकम वापस कर देगा। बताया जा रहा है कि जब आरोपी मशीन का इस्तेमाल नहीं कर पाया तो देर रात ट्रैक्टर पर लादकर उसे वापस दुकान पर रखने पहुंच गया।

चीनी मिल में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। राज्य स्वास्थ्य मिशन के समन्वय से स्थानीय चीनी मिल परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कर्मचारियों, श्रमिकों, उनके परिजनों और आसपास के क्षेत्र के लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का उद्घाटन यूनिट हेड राकेश यादव ने वरिष्ठ नेतृत्व टीम और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में किया। इस दौरान पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा निशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों और मेडिकल टीम ने ब्लड प्रेशर व पल्स जांच, वजन मापन, एक्स-रे, रक्त परीक्षण, टीकाकरण और सामान्य चिकित्सीय परामर्श जैसी सेवाएं दीं। इसके अलावा मच्छर जनित रोगों से बचाव को लेकर जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में लाभार्थियों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर चीनी मिल के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

कन्या भारती व छात्र संसद ने ली शपथ

पलियाकलां खीरी। गुरुवार को सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में शिशु भारती, कन्या भारती एवं छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह अनुशासन और संस्कारों के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपनिरीक्षक आदित्य राजौरा, पलिया ने विद्यार्थियों को कर्तव्य, अनुशासन और देशभक्ति की शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि योगेन्द्र नगर प्रचारक पलिया ने बाल संस्कार और नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक शिवपाल सिंह, कास्टेबल वशिष्ठ पाण्डेय, अमन गोलियान, सीमा, आलोक सहित समस्त आचार्य बंधु एवं आचार्या बहिनें उपस्थित रहीं। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विद्यालय और समाज के प्रति दायित्व निभाने का संकल्प लिया।

जनगणना को लेकर छात्राओं ने निकाली रैली

धौरहरा खीरी। जनगणना 2027 को लेकर बुधवार को कस्बे में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान एसडीएम शशिकांत मणि और तहसीलदार आदित्य विशाल मौजूद रहे। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परिसर से शुरू हुई रैली को एसडीएम शशिकांत मणि और तहसीलदार आदित्य विशाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कस्बे के मुख्य मार्ग, बाजार व विभिन्न मोहल्लों से होकर गुजरी। छात्र-छात्राओं ने हाथों में जागरूकता संबंधी स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर लोगों को जनगणना के महत्व के बारे में जागरूक किया। अधिकारियों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होती है। इसमें सभी नागरिकों की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने स्वगणना के बाद रैली के समापन पर छात्र-छात्राओं को जनगणना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं।

धार्मिक संपत्ति बेचने वालों पर हो कार्रवाई- पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा बोले

सीतापुर। उदासीन संगत की बेशकीमती जमीन की रजिस्ट्री के बाद मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। धार्मिक और लोककल्याण से जुड़ी इस संपत्ति के बिकने पर क्षेत्र में विरोध तेज हो गया है। गुरुवार को पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह वर्मा ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले को गंभीर बताते हुए राज्य सरकार और मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की। पूर्व मंत्री ने अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्हें सोशल मीडिया के जरिए जानकारी मिली कि उदासीन संगत की जमीन के दो बैनामे कर दिए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह भूमि राज परिवार द्वारा धार्मिक और जनकल्याण कार्यों के लिए संगत को दान में दी गई थी, लेकिन ह्लअपने को बाबा कहने वाले कथित ढोंगीह्व ने इस संपत्ति के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि पहले इस संगत में यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था होती थी और इसकी संपत्तियों का उपयोग लोकहित में किया जाता रहा है। आरोप लगाया कि वर्ष 1991 के आसपास इचैली की संपत्ति बेची गई और बाद में बिसवां मार्ग की जमीनें भी बेच दी गईं। आज संगत का आश्रम जर्जर हालत में पहुंच चुका है। नरेंद्र वर्मा ने कहा कि महमूदाबाद के जागरूक लोगों को आगे आना चाहिए और सरकार को इस पूरे प्रकरण में हस्तक्षेप करना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से स्वतः संज्ञान लेने की मांग करते हुए कहा कि संगत की संपत्ति का उपयोग जनहित और लोककल्याण के लिए होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जहां जरूरत पड़ेगी, वह इस मुद्दे पर सत्तापक्ष के लोगों के साथ खड़े रहेंगे। इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर भी विरोध देखने को मिल रहा है। विधायक आशा मौर्या, आरके वाजपेयी, अतुल वर्मा समेत कई लोगों ने पोस्ट कर नाराजगी जताई है।

करोड़ों की जमीन का हुआ बैनामा

जानकारी के अनुसार बिसवां मार्ग स्थित संगत की गाटा संख्या 4 की 2.4609 हेक्टेयर भूमि का बैनामा बुधवार को महंत संतोष दास द्वारा सुख-संमृद्धि अल्फा स्टेट प्राइवेट लिमिटेड के नाम किया गया। कंपनी के डायरेक्टर सुनील कुमार श्रीवास्तव बताए गए हैं। दूसरे बैनामे की जानकारी भी सामने आई है। बैनामे में बाराबंकी और लखनऊ के लोग गवाह बने हैं।

सीतापुर में अलग-अलग सड़क हादसों में पांच की मौत

सीतापुर। गुरुवार का दिन कई परिवारों के लिए काल बनकर आया। जिले के हरगांव, रामपुरकलां और खैराबाद थाना क्षेत्रों में हुए अलग-अलग भीषण सड़क हादसों में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कहीं तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवकों को कुचल दिया तो कहीं अज्ञात वाहन और आमने-सामने की भिड़ंत ने जिंदगियां छीन लीं। हादसों के बाद अस्पतालों में चीख-पुकार और गांवों में मातम का माहौल देखने को मिला। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

दर्दनाक हादसा, चाची-भतीजे की एक साथ बुझ गई जिंदगी

सीतापुर। रामपुरकलां थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में चाची-भतीजे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम लौना निवासी 19 वर्षीय विशाल पांडे अपनी 60 वर्षीय चाची ज्ञान देवी को बाइक से महमूदाबाद बाजार लेकर जा रहे थे। जैसे ही दोनों बिसवा-महमूदाबाद मार्ग स्थित बजाज एजेंसी के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए वाहन की तलाश कर रही है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

आमने-सामने भिड़ीं बाइकें, आशा बहू की मौत से परिवार में चीख-पुकार

सीतापुर। खैराबाद थाना क्षेत्र के नानकारी गांव के पास गुरुवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में आशा कार्यकत्री पारस की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा और ननद गंभीर रूप से घायल हो गए। पिसावां थाना क्षेत्र के बरगवां गांव निवासी 40 वर्षीय पारस अपने बेटे रमन और ननद बबली के साथ बाइक से जिला अस्पताल जा रही थीं। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने पारस को मृत घोषित कर दिया। जबकि रमन और बबली का इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दूसरी बाइक सवार युवक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

सड़क हादसों में दो की मौत, युवक घायल

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र में गुरुवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पहली दुर्घटना उदनापुर के पास हुई, जहां भूलनपुर निवासी 22 वर्षीय शानू पुत्र बरकत अली अपने साथी अनफ के साथ बाइक से हरगांव आ रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में शानू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनफ गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी हरगांव पहुंचाया, जहां से हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना कटेसर चैकी क्षेत्र में हुई। कटेसर निवासी 55 वर्षीय कमलेश सिंह साइकिल से सलारपुर बाजार जा रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। रेहरिया चैकी क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। दोनों घटनाओं के बाद परिवारों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पहला हादसा ग्रंट साहबगंज स्थित गोला-मोहम्मदी हाईवे पर हुआ। यहां अनुबंधित बस यूपी 32 बीटी 1446 ने बाइक यूपी 16 डीक्यू 0183 में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नेवाराम गौतम पुत्र मनोहर गौतम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शाहजहांपुर जिले के थाना पुवायां क्षेत्र के गांव आबा निवासी आकाश कुमार पुत्र शिव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि आकाश कुमार रिश्तेदारी में गांव पड़रिया आया था और गोला से वापस लौट रहा था। हादसे के बाद रेहरिया चैकी पुलिस घायल आकाश को मोहम्मदी सीएचसी ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर जिला मुख्यालय भेज दिया तथा बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बस कब्जे में ले ली। दूसरा हादसा रेहरिया चैकी क्षेत्र में ही हुआ। ग्राम मूडागलिब निवासी सत्यपाल सिंह कुशवाहा पुत्र मानसिंह कुशवाहा अपनी बाइक बजाज सीटी 100 यूपी 31 एडब्ल्यू 1920 से शिवपुरी गांव गए थे। लौटते समय सामने से आ रहे स्वराज ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सत्यपाल की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर रेहरिया चैकी इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना के बाद परिवार में रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी कुसुम, बेटी नैंसी और पुत्र अर्पित कुमार को छोड़ गया है। बताया गया कि सत्यपाल करीब 20 वर्षों से मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण कर रहा था।

विद्यार्थियों ने किया दुग्ध फैक्ट्री का शैक्षिक भ्रमण

सीतापुर। सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के कक्षा 7 एवं 8 के विद्यार्थियों ने गुरुवार को सिंघानिया मिल्क प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री का शैक्षिक भ्रमण कर दुग्ध उत्पादन की आधुनिक तकनीकों एवं औद्योगिक कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय द्वारा आयोजित इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने फैक्ट्री की अत्याधुनिक प्रयोगशाला में दूध की शुद्धता जांचने की वैज्ञानिक प्रक्रिया को नजदीक से देखा और समझा। तकनीकी विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को ह्यमलाई धाराह्ल ब्रांड के दूध, दही, पनीर, लस्सी एवं छाछ के निर्माण की चरणबद्ध प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उत्पादन इकाई में स्थापित स्वचालित मशीनों एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन ओम प्रकाश सिंघानिया ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं व्यावहारिक विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है। ऐसे आयोजनों से बच्चों को वास्तविक कार्य-जगत को समझने का अवसर मिलता है, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होता है। भ्रमण के समापन पर मलाई धारा प्रोडक्ट्स प्रबंधन की ओर से सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क लस्सी एवं छाछ वितरित की गई।

जनगणना जागरूकता रैली में गूंजे नारे

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। जनगणना अभियान को लेकर प्रशासन ने नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को भागीदारी के लिए प्रेरित किया। स्कूली बच्चों और अधिकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर लोगों से सही जानकारी उपलब्ध कराने और जनगणना कार्य में सहयोग की अपील की।

नगर क्षेत्र में रैली की शुरूआत लाल बहादुर स्मारक विद्यालय से हुई। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी और तहसीलदार भीमचंद ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां विद्यार्थियों ने जनगणना से जुड़े नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया।

रैली में प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों और स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अधिकारियों ने लोगों को बताया कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की आधारशिला होते हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का सही जानकारी देना और अभियान से जुड़ना जरूरी है। वहीं ग्राम जलालपुर स्थित उच्चतर प्राथमिक विद्यालय में भी जनजागरूकता रैली निकाली गई। यहां भी अधिकारियों ने ग्रामीणों से जनगणना में सहयोग करने और भ्रामक जानकारी से बचने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान लोगों को घर-घर जाकर जागरूक करने का संदेश दिया गया। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़े जुटाने का कार्य नहीं है, बल्कि यह देश की भविष्य की योजनाओं और संसाधनों के सही निर्धारण का आधार है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जनगणना कर्मियों को सही जानकारी उपलब्ध कराकर अभियान को सफल बनाएं।

समितियों पर भीगी यूरिया खाद का वितरण शुरू

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र की सहकारी समितियों पर लंबे इंतजार के बाद भीगी यूरिया खाद का वितरण तमाम जटिल प्रक्रियाए पूरी करने के बाद शुरू हुआ है। जिसको लेकर किसान अपने को ठगा महसूस कर रहा है।

समितियां पर बरसात में यूरिया खाद भीग जाने के बाद उसे क्षेत्र समितियों पर किसानों को वितरण के लिए भेजा गया है। कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक किसान को आधार, और अपने जमीन के दस्तावेज देने के बाद अपलोड होने पर प्रति एकड़ एक बोरी के हिसाब से वितरण शुरू किया गया है जो ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा है। सचिव अरविंद गुप्ता के अनुसार एक एकड़ भूमि पर फसल के लिए पांच बैग खाद का कोटा तय किया गया है जिसके बाद उन दस्तावेजों पर दोबारा खाद नहीं मिल सकेगी। किसान बरसात में भीगी खाद लेकर अपनी किस्मत कोस रहा है। पहले ओलाऔर बरसात से गेहूं की फसल नष्ट हो चुकी अब गन्ना और धान की फसल के लिए भीगी यूरिया लेने को मजबूर हो रहा है।

कार्यालय नगर पंचायत बंकी, बाराबंकी

पत्रांकः 90/मु.का./2026-27 दिनांक : 07.05.2026

सार्वजनिक सूचना

उत्तर प्रदेश पार्क, खेल का मैदान, खुली जगह (विनियम और नियंत्रण) नियमावली 2005 में निहित व्यवस्था के अनुसार नगर पंचायत बंकी सीमान्तर्गत स्थित पार्क/खेल के मैदान/ओपेन स्पेस की सूची एतद्द्वारा आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किये जाने हेतु प्रकाशित की जा रही है। जिसका विवरण निम्नवत है :-

क्र. सं.	पार्क/खेल के मैदान/ओपेन स्पेस	क्षेत्रफल (वर्ग मी.)
1	वेस्ट टू वण्डर पार्क	150
2	गोसाईपुरवा पार्क	4400

उक्त सूची के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करना हो तो प्रकाशन के दिनांक से तीन माह के अन्दर विहित प्राधिकारी को सम्बोधित करते हुए अपनी आपत्ति या सुझाव प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय कार्यालय/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कार्यालय कलेक्ट्रेट बाराबंकी अथवा नगर पंचायत बंकी बाराबंकी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बंकी
बाराबंकी

संक्षेप

राणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण कल

कादीपुर, सुलतानपुर। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सिंह की जयंती के अवसर पर 9 मई को कादीपुर नगर पंचायत क्षेत्र में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। क्षत्रिय कल्याण परिषद के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान चीनी मिल तिराहे पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा की स्थापना एवं अनावरण किया जाएगा। मुख्य समारोह जूनियर हाई स्कूल प्रांगण में संपन्न होगा, जहां बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि महाराणा प्रताप राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और अदम्य साहस के प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन में मातृभूमि और सम्मान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष किया। हल्दीघाटी का युद्ध आज भी उनके शौर्य और वीरता की अमर गाथा के रूप में याद किया जाता है। कार्यक्रम को लेकर नगर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। मंच निर्माण, सजावट और अतिथियों के स्वागत की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

युवक की दबंगों ने की पिटाई, दी तहरीर

चांदा, सुलतानपुर। थाना चांदा क्षेत्र के राजपुर (टटेरीपुर) गांव में आपसी रंजिश को लेकर युवक के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना चांदा में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।राजपुर (टटेरीपुर) निवासी विकास सिंह पुत्र अजय सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह 6 मई की रात करीब 8:15 बजे दूध देकर घर वापस लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही अमन सिंह, नितेश सिंह, अंतिम सिंह तथा पुल्लू निषाद ने उसे रोक लिया।पीड़ित के अनुसार, पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर लात-घूंसों से जमकर मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, तब आरोपी वहां से चले गए। विकास सिंह ने आरोप लगाया कि मारपीट के बाद आरोपी उसके घर तक पहुंच गए और दरवाजे पर खड़ी मोटर साइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। जाते समय आरोपियों ने धमकी दी कि यदि उनके दरवाजे पर पुलिस पहुंची तो जान से मार देंगे।पीड़ित ने गुरुवार को थाना प्रभारी चांदा को प्रार्थना पत्र देकर अपनी सुरक्षा की मांग करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। इस मामले में चांदा कोतवाली प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ हैं किसी प्रकार की गहरी चोट नही लगी हैं मामले की जाँच कर कारवाही की जाएगी।

संग्रह अमीन हत्या कांड में नहीं हुआ बयान, सुनवाई आज

सुलतानपुर। संग्रह अमीन हत्याकांड में गुरुवार को आरोपितों का पूरक बयान नहीं दर्ज हो पाया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता रवि शुक्ल ने बताया कि एडीजे प्रथम संध्या चौधरी ने आरोपितों का बयान दर्ज करने के लिए शुक्रवार की तिथि तय की है। अमेठी जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के भद्दौर गांव निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में जलालुद्दीन समेत कई अन्य आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

नवागत डीएम ने मदावली गौशाला का किया निरीक्षण

फिरोजाबाद। डीएम संतोष कुमार शर्मा ने विकासखंड टूंडला स्थित वृहद गौशाला मदावली का मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य और अपर जिलाधिकारी विशु राजा के साथ निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान गौशाला में अभिलेखों के रख-रखाव में कमियां पाए जाने पर जिलाधिकारी ने इस गौशाला का संचालन कर रही एवरग्रीन फाउंडेशन के प्रति कड़ा रोष व्यक्त किया और उन्हें सख्त चेतावनी दी, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को बताया गया कि यहां पर कुल 478 गोवंश संरक्षित हैं, जिनमें 154 नर और 324 मादा है, जिलाधिकारी ने पशुओं के प्रबंधन हेतु निर्देश दिए,कि सभी गोवंशों का आयु के अनुसार सर्वे कराया जाए, ताकि उनकी मृत्यु दर का सटीक उत्तर मिल सके और समय पर उनका उपचार सुनिश्चित हो।बीमार पशुओं को अलग वार्ड में रखकर उपचार किया जाए,कमजोर गौवंशों को चिन्हित कर उन्हें अलग रखा जाए, ताकि उनके स्वास्थ्य के अनुरूप विशेष पौष्टिक आहार दिया जा सके।जिलाधिकारी ने कहा कि कोई गोवंश घायल होता है, तो संक्रमण से बचाने के लिए उन पर जाली लगाई जाए, ताकि उन्हें कीड़े मकोड़े तथा पशु-पक्षी परेशान न कर सके।निरीक्षण के दौरान सफाई की लचर व्यवस्था देखकर जिलाधिकारी ने एवरग्रीन फाउंडेशन को फटकार लगाते हुए कहा कि गोवंश हमारी आस्था का प्रतीक है, इन्हें केवल आय का जरिया न बनाएं, जब तक उनके प्रति ममता का भाव नहीं होगा तब तक सच्ची सेवा संभव नहीं है।

जिलाधिकारी ने मदावली गौशाला को ग्रीन गौशाला के रूप में विकसित करने का विजन साझा किया, जिलाधिकारी ने कहा कि गौशाला को आधुनिक बनाने के लिए एसएफसी फंड का उपयोग किया जाए, कंट्रोल रूम में बड़ी स्क्रीन लगाई जाए, ताकि सभी सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से गौवंशों की निगरानी प्रभावी ढंग से हो सके, आपद स्थिति से निपटने हेतु इंवर्टर लगाया जाए, साथ ही खण्ड विकास अधिकारी यहां पर गौबर गैस प्लांट लगवाऐं।साथ ही यह भी निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरे कभी बंद न होने चाहिए, गौवंशों का आवक-जावक रजिस्टर व्यवस्थित न होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए की कोई भी निराश्रित गौवंश सड़कों पर नहीं दिखना चाहिए, उन्हें तत्काल गौशालाओं में संरक्षित किया जाए, निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने विधि-विधान से गौ पूजन किया और गोवंशों को गुड़ खिलाकर सेवा का संदेश दिया।

दुर्लभ लैप्रोस्कोपिक सर्जरी से 20 वर्ष से किडनी की पथरी से पीड़ित का एम्स में सफल उपचार

जिला संवाददाता (vol)

रायबरेली। एम्स के यूरोलॉजी विभाग में एक जटिल एवं दुर्लभ रोग से ग्रसित मरीज का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। यह मामला बार-बार किडनी स्टोन बनने तथा लंबे समय तक सही निदान न हो पाने के कारण अत्यंत जटिल हो गया था। मरीज को पूर्व में 20 एवं 10 वर्ष पहले पथरी का प्रयागराज में उपचार किया गया था, जिससे उस समय पूर्ण राहत मिली। वर्ष 2023 में पुनः अल्ट्रासाउंड में कई पथरियों की पुष्टि हुई, जिसके लिए मरीज ने आयुर्वेदिक उपचार लिया और अस्थायी राहत मिली। वर्ष 2024 में समस्या बढ़ने पर प्रयागराज में एक यूरोलॉजिस्ट द्वारा यूआरएसएल सर्जरी की सलाह दी गई, परंतु व्यक्तिगत कारणों से यह नहीं हो सकी। इसके पश्चात मरीज ने पुनः 4-5 महीनों तक आयुर्वेदिक उपचार लिया।

नवंबर 2024 में दर्द अत्यधिक बढ़ने पर मरीज ने प्रयागराज में पुनः उपचार लिया, जहां इएसडब्लूएल के साथ स्टेंट डालकर पथरी निकालने की प्रक्रिया अपनाई गई। नवंबर 2024 से मार्च 2025 तक 4-5 सत्रों में मरीज का इएसडब्लूएल किया गया तथा स्टेंट डालने के बाद पथरी साफ कर दी गई एवं मरीज को हर 6 महीने पर स्टेंट बदलवाने का विकल्प दिया गया था, परंतु बार-बार लिथोट्रिप्सी एवं स्टेंटिंग प्रक्रियाओं से परेशान होकर उसने स्थायी समाधान की तलाश में ,एम्स रायबरेली जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के यूरोलॉजी,विभाग में परामर्श लेने का निर्णय लिया।

सर्जरी टीम में डॉ. अमित मिश्रा (यूरोलॉजिस्ट), डॉ. अभय राज (एनेस्थेटिस्ट), डॉ उत्सव , डॉ मयंक (जूनियर रेजिडेंट) श्री कृष्णा एवं जयपाल (ओटी नर्सिंग स्टाफ) तथा लक्ष्मी (ओटी टेक्नीशियन) शामिल रहे। ऑपरेशन के पश्चात वार्ड में देखभाल वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी नम्रता, सुमंत, एकता एवं नर्सिंग अधिकारियों की टीम निधि, अनामिका, सपना, नलेश, चेतना, आरती, विमला एवं शिवानी द्वारा की गई। वर्तमान में मरीज पूरी तरह स्वस्थ है, उसे किसी प्रकार का दर्द एवं पथरी की शिकायत नहीं है और वह नियमित रूप से एम्स रायबरेली के यूरोलॉजी ओपीडी में फॉलो-अप पर है।

विभाग ने इस सफलता का श्रेय प्रोफेसर डॉ अमिता जैन कार्यकारी निदेशक, एम्स रायबरेली को उनके निरंतर मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन के लिए दिया, जिसके कारण टीम मरीजों को बेहतर एवं रोगमुक्त जीवन प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

नसीराबाद, रायबरेली। विकास खण्ड छतोह के ग्राम पूरे भोला पांडेय मजरे छतोह में गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक मुकेश आन्नद जी महाराज के निर्देशन में विद्वान ब्राह्मणों ने मुख्य यजमान जगदेव पांडेय और श्रीमती सुमन पांडेय से कथा मंडप में वैदिक विधि विधान से कलश पूजन के साथ शोभा यात्रा आरम्भ कराई।सैकड़ों कलशधारी महिलाएं और श्रद्धालु पुरुष भगवान भागवत का जयकारा लगाते बबुरी गांव,सलोन जायस रोड होते हुए पूरे रानी पहुंचे और विशाल शिव मंदिर में देवी देवताओं की पूजा करके पुनः कथा मंडप वापस आए। प्रकांड विद्वानों ने कलश स्थापना कराई। रास्ते भर घंटे, घड़ियाल, शंख, ढोल, मंजीरे, डीजे आदि विभिन्न वाद्य यंत्रों की धुन पर थिरकते हुए भक्तों ने पारंपरिक गीतों,भजनों और जयकारों से आसमान गुंजायमान कर दिया। ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ करते हुए अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास पूज्य मुकेशानंद महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के माहात्म्य पर विस्तार से चर्चा की।उन्होंने बताया कि सूत महाराज ने सनकादि ऋषियों से वार्ता करते हुए कहा कि दैहिक, दैविक तथा भौतिक तीनों तापों और संपूर्ण पापों का नाश करने की सामर्थ्य केवलश्रीमद्भागवत में है। यह अमर कथा है जो सबसे भयावह समय मृत्युकाल के भय को भी दूर कर देती है। कठिन समय आने पर केवल भगवतकथा ही कष्ट से मुक्ति दिलाती है। विद्वान प्रवाचक ने भक्ति,ज्ञान और वैराग्य के प्रसंग प्रस्तुत करके लोगों को परमात्मा से जोड़ने और भक्ति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कलश यात्रा में आशुतोष पांडेय,लल्ला तिवारी, शीतला प्रसाद शुक्ला, बबलू मिश्रा, सत्येंद्र पाठक, राम नारायण तिवारी,राजेश कुमार शुक्ला, महंत प्रसाद ओझा,गंगा शंकर तिवारी, शंभू शरण पांडेय,शिव शंकर पांडेय, लल्लू पांडेय, पूर्व प्रधान करुणा शंकर, राम किशोर आदि गणमान्य लोगों सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

डीएम ने जनगणना के अंतर्गत स्व-गणना के लिए लोगों से की अपील

रायबरेली। जनगणना 2027 के अंतर्गत 7 मई से 21 मई तक संचालित होने वाले स्व-गणना कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने कलेक्ट्रेट सभागार में ऑनलाइन माध्यम से अपनी स्व-गणना की गई। उन्होंने बताया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निदेर्शानुसार जनगणना 2027 इस बार पूर्णतया डिजिटल माध्यम से सम्पन्न कराई जा रही है, जिसमें नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा प्रदान की गई है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की है कि भारत सरकार द्वारा जनगणना 2027 का आयोजन किया जा रहा है।इस बार जनगणना डिजिटल माध्यम से होगी और आपको स्व-गणना की सुविधा दी गई है। आप स्वयं अपने परिवार एवं घर की जानकारी ऑनलाइन वेबसाइट पर जाकर भर सकते हैं। यह सुविधा 7 मई से 21 मई 2026 तक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि स्व-गणना करते समय अपने मोबाइल नंबर, परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी एवं आवश्यक विवरण तैयार रखें तथा सभी जानकारी सही एवं स्पष्ट दर्ज करें। स्व-गणना पूर्ण होने पर आपको एक यूनिक एस0ई0 आई0डी0 प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना अनिवार्य है। यह आईडी आगे सत्यापन (हाउस लिस्टिंग) के समय प्रस्तुत की जा सकती है। जनगणना प्रत्येक नागरिक की भागीदारी का महत्वपूर्ण अभियान है आपकी सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इससे पूर्व अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह द्वारा उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को स्व-गणना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी बृजेश तिवारी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कलेक्ट्रेट कार्मिक उपस्थित रहें।

भगवान श्री चित्रगुप्त की दिव्य संगीतमय कथा का होगा भव्य आयोजन

रायबरेली। भगवान श्री चित्रगुप्त चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में आगामी 9 एवं 10 मई को दो दिवसीय भगवान श्री चित्रगुप्त जी की दिव्य संगीतमय कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शहर के प्रतिष्ठित स्थल रिफर्म क्लब लॉन ह्यएह्ल, अस्पताल चैराहा में संपन्न होगा। कार्यक्रम में अखिल भारतीय हिन्दू संत महासभा के अध्यक्ष जगतगुरु चक्रपाणि जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे वहीं श्री चित्रगुप्त पीठ वृन्दावन धाम से पधार रहे कथा व्यास जगतगुरु श्री चित्रागुप्ताचार्य के मुख मंडल से भगवान चित्रगुप्त कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। कायस्थ समाज की ओर से जिले में पहली बार आयोजित इस कथा को लेकर कायस्थ समाज एवं श्रद्धालुओं के मध्य विशेष उत्साह देखा जा रहा है जहां जिले के साथ ही विभिन्न जिलों से भी लोगों के आने की संभावना है। आयोजन की मुख्य आयोजिका समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अनीता श्रीवास्तव ने बताया कि इस कथा में अधिक से अधिक लोगों के आने की संभावना है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान एड. कुलदीप श्रीवास्तव अथवा संरक्षक डॉक्टर रमेश श्रीवास्तव बताया कि कथा में देश के सुप्रसिद्ध संत-महात्माओं एवं विद्वानों का सान्निध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम में जगद्गुरु स्वामी चक्रपाणि जी महाराज के पावन सान्निध्य एवं आशीर्वचन से श्रद्धालु लाभान्वित होंगे।

प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर में लाखोंकी चोरी

महराजगंज, रायबरेली। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर भी अब चोरों के निशाने पर आ गए हैं। रायबरेली जनपद के महराजगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोन ग्राम पंचायत में स्थापित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर से अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के कीमती उपकरण पार कर दिए। घटना के बाद जहां ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों में आक्रोश है, वहीं शिकायत के तीन दिन बाद पुलिस के मौके पर पहुंचने से पुलिस कार्यशैली भी सवालों के घेरे में आ गई है।

डीएम ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया

रायबरेली। डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने आज जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं एवं मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अस्पताल परिसर, ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड सहित समस्त वार्ड, दवा वितरण कक्ष, पैथोलॉजी तथा रजिस्ट्रेशन काउंटर का गहन निरीक्षण किया।

डीएम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से बातचीत कर उपचार, दवा उपलब्धता व चिकित्सकीय सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। निरीक्षण के दौरान डीएमने अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा नियमित सैनिटाइजेशन एवं सफाई कार्य सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अस्पताल में पेयजल, शौचालय व प्रतीक्षालय की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए। डीएम ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को समय से उपस्थित रहकर पूरी संवेदनशीलता के साथ मरीजों का उपचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर मरीज को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। दवा वितरण कक्ष में दवाओं की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए उन्होंने जरूरी दवाओं का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि मरीजों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा अस्पताल में आने वाले हर व्यक्ति के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार किया जाए। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. नवीन चंद्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल (पुरुष) डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार सहित संबंधित चिकित्सक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

भाजपा नेता ने प. बंगाल की जीत पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सहित योगी जी को दी बधाई

लालगंज, रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सरेनी विधानसभा के प्रमुख दावेदार जेपी सिंह ने पश्चिम बंगाल की शानदार विजय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी जी को बधाई देते हुए वहां की जनता का आभार जताया है। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर सरेनी विधानसभा के भाजपा नेता जेपी सिंह ने खुशी जताई है। उन्होंने बंगाल की जीत को हिंदुओं की एकता की जीत बताया। उन्होंने कहा कि बंगाल की जीत सबका साथ सबका विकास सबके विश्वास को दशार्ता है। जेपी सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल की राजनीति हमेशा से महत्वपूर्ण रही है।

कैर नइया नाला पुल का निर्माण गतिमान

महराजगंज, रायबरेली। क्षेत्रीय जनता की सजगता, लगातार उठती जनआवाज और स्थानीय मीडिया की सक्रिय पहल का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। महराजगंज-इन्हौना मार्ग पर तहसील मुख्यालय से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूरी पर स्थित बहुप्रतीक्षित कैर नइया नाला पुल का निर्माण कार्य अब तेज गति से आगे बढ़ रहा है। लंबे समय तक सुस्त रफ्तार से चल रहे इस महत्वपूर्ण परियोजना कार्य ने अब युद्धस्तर का रूप ले लिया है। कार्यदाई संस्था अंबर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा दिन-रात मजदूरों और इंजीनियरों की टीम लगाकर पुल निर्माण को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल निर्माण कार्य शुरू होने के बाद शुरूआती महीनों में काम बेहद धीमी गति से चल रहा था, जिससे राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त थी। क्षेत्रीय नागरिकों ने कई बार प्रदर्शन कर निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग उठाई। वहीं स्थानीय मीडिया ने भी लगातार प्रमुखता से खबरें प्रकाशित कर प्रशासन और कार्यदाई संस्था का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। जनदबाव और मीडिया की सक्रियता का ही परिणाम है कि, अब निर्माण स्थल पर तेजी से काम होते हुए दिखाई दे रहा है।

जानकारी के अनुसार पुल निर्माण कार्य अप्रैल 2025 में प्रारंभ हुआ था। शुरूआत में तकनीकी बाधाओं के कारण कार्य प्रभावित रहा। निर्माण स्थल की जमीन में अत्यधिक चिपचिपी मिट्टी होने के चलते पुल के आरसीसी पिलर जमीन के भीतर पर्याप्त गहराई तक नहीं धंस पा रहे थे। स्थिति इतनी जटिल थी कि पिलरों को नीचे धंसाने के लिए लगभग 50 टन अतिरिक्त भार तक रखा गया, लेकिन अपेक्षित सफलता तुरंत नहीं मिल सकी। हालांकि इंजीनियरों की तकनीकी सूझबूझ और मजदूरों की अथक मेहनत आखिरकार रंग लाई। लगातार प्रयासों के बाद चारों आरसीसी पिलर सुरक्षित रूप से जमीन के भीतर स्थापित कर दिए गए। इसके बाद निर्माण कार्य ने तेजी पकड़ ली। वर्तमान समय में पिलर ढलाई का कार्य पूरा होने के बाद पुल के ऊपरी हिस्से की बेस ढलाई का कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

बेटी की शादी के सात दिन बाद पिता की संदिग्ध मौत, पेड़ से लटका मिला शव

बाजार शुकुल, अमेठी। थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव में बुधवार रात उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर एक आम के पेड़ से अधेड़ का शव लटकता मिला। घटना के बाद पूरे इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

मृतक की पहचान रामविलास पुत्र छीटू (50) निवासी ग्राम काजीपुर थाना बाजार शुकुल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि करीब एक सप्ताह पहले ही उन्होंने अपनी बेटी अंजनी की शादी धूमधाम से की थी। परिवार अभी शादी की खुशियों से पूरी तरह बाहर भी नहीं निकल पाया था कि अचानक घर में मातम छा गया। परिजनों और ग्रामीणों के मुताबिक, बुधवार शाम रामविलास अपनी बेटी के ससुराल मंगरौरा गए थे। वहां से लौटने के बाद वह काफी परेशान और चिंतित दिखाई दे रहे थे। बताया जाता है कि वह शाम करीब साढ़े सात बजे घर से निकले थे। देर रात करीब नौ बजे गांव के बाहर पानी की टंकी के पास जंगल की ओर स्थित आम के पेड़ से उनका शव लटकता मिला।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची बाजार शुकुल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। उनका कहना है कि आखिर बेटी के घर से लौटने के बाद ऐसा क्या हुआ कि कुछ ही घंटों में यह घटना हो गई। परिवार का कहना है कि मौत की वास्तविक वजह सामने आनी चाहिए ताकि किसी भी तरह की आशंका दूर हो सके। थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

लोक सांस्कृतिक महोत्सव में गूंजी लोकधुनें, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

सुलतानपुर। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के रिपेट्री अनुदान के अंतर्गत सुहानी सेवा समिति, सुलतानपुर द्वारा पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार में एक दिवसीय लोक सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक संस्कृति और पारंपरिक कला की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महोत्सव में प्रसिद्ध लोक कलाकार प्रकृति यादव एवं उनकी टीम ने लोकगीत, बधावा, नटका, सोहर तथा लोक नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने अपनी मधुर गायकी और आकर्षक नृत्य शैली से सभागार में मौजूद लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। पारंपरिक लोकधुनों पर आधारित प्रस्तुतियों ने ग्रामीण संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए भारतीय लोक विरासत को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी, कला प्रेमी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। दर्शकों ने कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के अध्यक्ष ने सभी लोक कलाकारों, अतिथियों एवं संगीत प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय लोक संस्कृति को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर दीपक, राज, सत्यम, विकास, अंतिम, राहुल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

महिलाओं को छेड़खानी का विरोध पड़ा भारी, मारपीट के बाद मंगलसूत्र लूटा

गोसाईगंज, सुलतानपुर। घर के बाहर शौच के लिए गई महिलाओं के साथ समुदाय विशेष के युवकों द्वारा अभद्रता, छेड़खानी और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर असलहे के बल पर एक महिला का मंगलसूत्र छीन लेने तथा जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने मामले में लूट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की तीन महिलाएं बुधवार शाम शौच के लिए निकली थीं। आरोप है कि रास्ते में कुछ युवकों ने उनके साथ अश्लील हरकत व अभद्रता की। महिलाओं के विरोध करने पर आरोपितों ने मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान असलहे के बल पर एक महिला का मंगलसूत्र छीन लिया गया। शोर सुनकर ग्रामीणों के जुटने से पहले आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने एजाज उर्फ राजा, इरशाद, राजू, अपसैन और एक बाल अपचारी के विरुद्ध लूट, मारपीट समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इरशाद, अपसैन और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थानाध्यक्ष अखंड देव मिश्रा ने बताया कि इरशाद और अपसैन को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है, जबकि बाल अपचारी को बाल सुधार गृह भेजने की कार्रवाई की गई है। अन्य आरोपितों की तलाश जारी है।

श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

अमेठी। जनपद के तुलापुर कोडरी गांव में गुरुवार को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व भव्य कलश यात्रा श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ निकाली गई। धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे गांव में सुबह से ही उत्साह का वातावरण बना रहा। गांव की गलियां भक्ति गीतों, शंखनाद और जयघोषों से गूंज उठीं। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया तथा भगवान श्रीकृष्ण और माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम के मुख्य यजमान अमर सिंह पुत्र स्व. बैजनाथ सिंह की उपस्थिति में कलश यात्रा कोडरी गांव से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ हुई। यात्रा में सबसे आगे ध्वज और निशान लिए श्रद्धालु चल रहे थे, जबकि पीछे सैकड़ों की संख्या में महिलाएं सिर पर सजे हुए कलश लेकर भक्ति भाव से शामिल हुईं। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के बीच निकली यात्रा आकर्षण का केंद्र बनी रही। कलश यात्रा कोडरी गांव से निकलकर नुवांवा, कटरा हुलासी, उमापुर गाना पट्टी, दुवेपुर और पूरे प्रेम होते हुए देवी पाटन मंदिर पहुंची। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। पूजा के बाद यात्रा पुनः कथा स्थल पहुंची, जहां श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सिर पर कलश रखकर भक्ति गीत गाती हुई चल रही थीं, जिससे पूरा माहौल आध्यात्मिक रंग में रंग गया। युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और यात्रा को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सहयोग किया। मार्ग में ग्रामीणों द्वारा शीतल जल और प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी। आयोजक बद्री पाल सिंह द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री योगेश्वराचार्य जी महाराज प्रतिदिन शाम 3 बजे से 7 बजे तक श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराएंगे। कथा के माध्यम से श्रीकृष्ण की लीलाओं, धर्म, भक्ति, संस्कार और मानव जीवन के आदर्शों पर प्रकाश डाला जाएगा। आयोजकों ने बताया कथा आयोजन का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना, नैतिक मूल्यों और आपसी भाईचारे को मजबूत करना है। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई है। कलश यात्रा में संतोष श्रीवास्तव, रमन पांडेय, अमरीश मिश्रा, सीपी मौर्य, अखिलेश मिश्रा, धवन मिश्रा, विनोद सिंह, राकेश कुमार सिंह, विजय पाल सिंह, मुकेश, महेश, सूरज, सुनील सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सर्राफा डकैती कांड के गैंगस्टर केस में पूर्व नगर कोतवाल से जिरह पूरी

सुलतानपुर। सराफा डकैती कांड के बहुचर्चित मामले में मास्टरमाइंड विपिन सिंह समेत 12 आरोपितों के खिलाफ दर्ज गैंगस्टर केस में दूसरे दिन गुरुवार को अभियोजन गवाह पूर्व नगर कोतवा

संक्षेप

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल

बहराइच । उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार 09 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच विनोद कुमार यादव ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें।सचिव श्री यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन हेतु धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम (एन.आई.एक्ट), बैंक वसूली एवं टेलीफोन बिल्स से सम्बन्धित प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (अशमनीय वादों को छोड़कर), अन्य आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक व अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा तथा सुलह-समझौते के आधार पर जनपद न्यायालय में लम्बित वाद है।

जनता दर्शन में डीएम ने सुनी फरियाद

जिला संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी आज जनता दर्शन के दौरान आए फरियादियों से सहृदयता से मिले। उनकी समस्याओं को पूरी गहनता से सुनने के उपरांत संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। ज्ञातव्य हो कि

- समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु जूम लिंक व व्हाट्सएप व्यवस्था शुरू
- समस्याओं का निस्तारण प्रभावी व गुणवत्ता के साथ हो सुनिश्चित: डीएम
- डी एम की दिखी दरियादिली

जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आने वाली समस्याओं के तत्काल निस्तारण के लिए एक नई पहल की है। उन्होंने अपने कार्यकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की जूम लिंक तैयार कराई है। राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं के निस्तारण हेतु लिंक के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से

बात कर प्रकरणों को निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए जा रहे हैं।जिलाधिकारी की जनसुनवाई के दौरान संजीदगी उस समय देखने को मिली, जब ग्राम हरपुर निजाम निवासी दिव्यांग दम्पति रहमत अली व खुशबून अपनी जमीन से संबंधित फरियाद लेकर आए।

जिलाधिकारी उनकी दिव्यांगता को देखते हुए स्वयं उनके पास गए, फल का पैकेट प्रदान किया तथा उनकी जमीनी विवाद संबंधी समस्या को सुनते हुए सदर एसडीएम को मौके पर जाकर राजस्व विभाग की टीम, जिसमें राजस्व निरीक्षक सहित दो लेखपालों को सम्मिलित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि वे मौके पर आज ही जाकर प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।इसके अलावा जिलाधिकारी ने दिव्यांग दम्पति से अन्य योजनाओं से मिल रहे लाभों की भी जानकारी ली। बताया गया कि आयुष्मान कार्ड बना है, परंतु खुशबून को दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है। इस पर जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी को फोन कर बुलवाया तथा निर्देश दिया कि विकास खंड के माध्यम से त्वरित रूप से संबंधित अभिलेख प्राप्त कर उन्हें

दिव्यांग पेंशन दिलाई जाए। इस दम्पति के साथ आई दो वर्षीय बच्ची को आंगनबाड़ी केंद्र भेजे जाने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी आदिश मिश्रा को भी निर्देशित कियाविकास खंड सलेमपुर अंतर्गत ग्राम जयराम कौड़िया निवासी फरियादी सीता देवी पत्नी दिनेश कनौजिया ने अपनी जमीनी विवाद से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया।

उनके साथ चार वर्षीय बच्ची अंशिका को देखकर जिलाधिकारी ने कहा कि बच्ची को स्कूल जाना चाहिए। सीता देवी ने बताया कि वह अभी कहीं पढ़ने नहीं जाती है। इस बच्ची को भी आंगनबाड़ी केंद्र भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र जाएंगे तो उनका बौद्धिक विकास होगा।

जिलाधिकारी ने जनता दर्शन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए जहां जूम लिंक की व्यवस्था बनाई है, वहीं सीधे तौर पर अधिकारियों के सीयूजी नंबर के व्हाट्सएप पर प्रकरण भेजने की भी पहल की है। उन्होंने सभी अधिकारियों को भी जन समस्याओं का निस्तारण में प्राथमिकता बरतने का निर्देश दिया है।

न्याय चला निर्धन के द्वार, लोक अदालत सुलह समझौते का सशक्त माध्यम : जिला जज

देवरिया । आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वाधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री धनेंद्र प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर दीवानी न्यायालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश ने कहा कि यह प्रचार वाहन लोक अदालत की सफलता में कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत सुलह समझौते का सशक्त माध्यम है जिसके लिए आमजनमानस अपने सुलहनीय वादों कों निस्तारित करावें। वही छोटे फौजदारी मामलों में अपने जुर्म स्वीकार करके अपना वाद समाप्त करा सकते है। न्याय चला निर्धन के द्वार के उद्देश्य को अपनाकर प्रचार वाहन के द्वारा गरीबों को सुलभ व सस्ता न्याय दिलाने व विधिक जानकारी के साथ-साथ राष्ट्रीय लोक अदालत मे निस्तारित होने वाले वादों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जगन्नाथ द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु समस्त न्यायिक अधिकारी व सम्बन्धित विभाग से एक साथ आगे आने का आह्वान किया। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री नरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि प्रचार वाहन के द्वारा आम जनमानस को अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत कर उसे निस्तारित करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में धारा 138 एन0आई0एक्ट, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वाद, श्रम, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत, जल एवं सर्विस से संबंधित मामलें, राजस्व एवं सिविल वाद एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण किया जाना हैं। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री बद्री विशाल पाण्डेय, पीठासीन अधिकारी, मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण श्री इफ्तिखार अहमद, एवं समस्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रज्ञा सिंह, व अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लीगल डिफेन्स कांउसिल, बैंक कर्मी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सीडीओ ने योजनाओं को लेकर की समीक्षा बैठक

कुशीनगर। मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्वच्छता समिति, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई।बैठक

में जनपद में संचालित स्वच्छता अभियानों, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त अभियान तथा ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वच्छता मानकों का प्रभावी ढंग से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कूड़ा निस्तारण, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालयों के निर्माण, रखरखाव एवं नियमित निगरानी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना न होकर जनसहभागिता से जुड़ा व्यापक जनआंदोलन है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण एवं सत्यापन, सामुदायिक शौचालयों की प्रगति, रेट्रोफिटिंग कार्य, न्यूनतम व्यय करने वाली ग्राम पंचायतों की समीक्षा, ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापना, जन योजना अभियान सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सचिवों एवं ग्राम प्रधानों से कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।साप्ताहिक समीक्षा बैठक के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति, दिव्यांगजन समिति तथा अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्यों में तेजी लाने हेतु भी आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान जिन विकास खण्डों में निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं कराया गया है, वहां के संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत को ह्लआदर्श स्वच्छ ग्रामह्व के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख विशुनपुरा विंध्यवासिनी राय, परियोजना निदेशक पियूष, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार पांडेय, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदशी आदि उपस्थित रहे।

ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर ठगी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

देवरिया,। 7 मई। पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी के जरिए लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना श्रीरामपुर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन, बैंक दस्तावेज, लैपटॉप समेत अन्य सामान बरामद किया है। साथ ही ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे 12 बैंक खातों में मौजूद 1.25 लाख रुपये फ्रीज कराए गए हैं।आज देवरिया के पुलिस लाइन के स्थित मनोरजन कक्ष में पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर प्रतापपुर फैक्ट्री के पास से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों में नितीश प्रताप सिंह निवासी चकरवा टोला प्रेम राय, कमलेश सिंह और मृत्युंजय खरवार निवासी बैकुण्ठपुर थाना श्रीरामपुर शामिल हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ऑनलाइन गैम्बलिंग गेम और सट्टा खिलाने का काम करते थे। लोगों को झूठे ऑफर देकर फिशिंग लिंक और फर्जी भुगतान प्रक्रिया के जरिए अलग-अलग बैंक खातों में पैसा मंगाकर ठगी करते थे।पुलिस ने आरोपियों के पास से 18 एटीएम कार्ड, 7 एंड्रॉयड मोबाइल, 2 की-पैड मोबाइल, 1 एचपी लैपटॉप, 2 बैंक पासबुक, 3 चेकबुक, 1 पासपोर्ट, 37 सिम कार्ड एवं पैकेट, 4 स्कैनर और 29,070 रुपये नकद बरामद किए हैं।इस मामले में थाना श्रीरामपुर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

रसोई गैस आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपद में रसोई गैस आपूर्ति को लेकर आ रही भ्रांतियों व शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया है कि जनपद में गैस आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रहे तथा पेट्रोल पम्प ड्राई की स्थिति में न आए, यह सुनिश्चित किया जाए।जिलाधिकारी ने गैस सिलेंडरों का वितरण प्रथम आवक(बुकिंग), प्रथम पावक के आधार पर किए जाने तथा जिन उपभोक्ताओं ने पहले गैस बुक कराई है, उन्हें प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी बुकिंग का क्रमवार निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पेट्रोल पम्पों पर ईंधन की उपलब्धता बनाए रखना प्राथमिकता में रखा जाए। जिलाधिकारी ने गैस उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि वे पैनिक न हो, धैर्य व शांति बनाए रखें। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। निर्धारित समय पर गैस बुकिंग कराएं। बुकिंग क्रम के अनुसार ही संबंधित गैस एजेंसी द्वारा गैस की आपूर्ति की जाएगी।

रामपुर कारखाना की 24 ग्राम पंचायतों में बनेगी डिजिटल लाइब्रेरी

भटनी(देवरिया)।विधानसभा रामपुर कारखाना क्षेत्र की 24 ग्राम पंचायत सचिवालयों में जल्द ही आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा। विधायक सुरेन्द्र चौरसिया की पहल पर प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगभग चार लाख रुपये की लागत से डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी।

इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों, युवाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को गांव में ही बेहतर अध्ययन सामग्री और डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराना है। लाइब्रेरी में कंप्यूटर, इंटरनेट सुविधा तथा विभिन्न शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध रहेगी, जिससे छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने में मदद मिलेगी।

क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री एवं पंचायती राज विभाग के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण शिक्षा को नई दिशा मिलेगी और डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। योजना को आत्मनिर्भर भारत एवं सशक्त पंचायत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

डिजिटल लाइब्रेरी निर्माण के लिए जिन ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है जिनमें बमनौली कला, छपिया जयदेव, जिगना मिश्र, साहोपार, बेलवां बाबू, भरहेचौरा, परसिया, शाहपुर पुरैनी, लोहटी, पकड़ी बाबू, विशुनपुरा, गोविंदपुर, करमहां, खुजुरिया, किशुनपाली, चकरवां धूस, हरपुर कला, हिरनदपुर, नरौली भीखम, नरौली खेम, बैकुण्ठपुर, मथुरा छापर, सिरसिया गोठा तथा सिकरिया ग्राम पंचायतें शामिल हैं।

विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों में शिक्षा और डिजिटल सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। डिजिटल लाइब्रेरी बनने से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में काफी सहूलियत मिलेगी तथा उन्हें शहरों की तरह आधुनिक अध्ययन संसाधन गांव में ही उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि ह्लपढ़ेगा गांव – बढ़ेगा गांवह्व की सोच को साकार करने की दिशा में यह योजना मील का पत्थर साबित होगी।ग्रामीणों का कहना है कि इस योजना से गांव के विद्यार्थियों को शहरों जैसी अध्ययन सुविधा मिल सकेगी और शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति आएगी। ह्लपढ़ेगा गांव – बढ़ेगा गांवह्व के संकल्प के साथ शुरू की जा रही यह पहल ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने की जनसुनवाई

जिला संवाददाता

कुशीनगर। उप्र राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के उद्देश्य से महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को उ०प्र० राज्य महिला आयोग, लखनऊ की मा० उपाध्यक्ष श्रीमती चारू चौधरी की अध्यक्षता में जनपद के सदर तहसील पडरौना में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जनसुनवाई के दौरान महिला उत्पीड़न से संबंधित विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई की गई तथा पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में आशुतोष, उप जिलाधिकारी पडरौना, डॉ० आरडी कुशवाहा, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, राजेश कुमार, नायब तहसीलदार पडरौना, अमित कुमार चौहान, खण्ड शिक्षा अधिकारी, श्रीमती मुन्नी सिंह, आईसीडीएस, गुलाब यादव, प्रभारी प्रबंधक एवं बाल विकास, जंग बहादुर, निरीक्षक, श्रीमती प्रिंसी पाण्डेय, उप निरीक्षक, केके मिश्रा, जेई डीआरडीए, अरविन्द कुमार दूबे, जिला प्रोबेशन अधिकारी, नलिन सिंह, डीएमसी, रीता यादव, सेंटर मैनेजर, बन्दना कुशवाहा, प्रीति सिंह, राजू कुमार, हिमालय कुशवाहा सहित समाज कल्याण विभाग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष द्वारा जनसुनवाई के दौरान राशन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, पुष्टाहार, पुलिस विभाग, आवास एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। जनसुनवाई में कुल 31 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व विभाग के 07, पुलिस विभाग के 02, राशन कार्ड से संबंधित 02, समाज कल्याण विभाग के 03, दिव्यांगजन

कल्याण विभाग का 01, जल निगम का 01, जिला ग्राम्य विकास विभाग के 03, खण्ड विकास विभाग के 10 तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी से संबंधित 01 प्रकरण शामिल रहे। इनमें से 08 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष 23 प्रकरण संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए 07 दिवस के भीतर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।तदोपरान्त मा० उपाध्यक्ष श्रीमती चारू चौधरी द्वारा वन स्टॉप सेंटर, कुशीनगर एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पडरौना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। उपाध्यक्ष ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं वन स्टॉप सेंटर की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए विद्यालय में आवासित बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सामान्य ज्ञान की पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

तीस साल से लापता व्यक्ति के नाम पर खड़ी की फर्जी डमी

ललितपुर। जिले के ग्राम पटौराकलां में जमीन कारोबारियों द्वारा धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेजों के सहारे बेशकीमती जमीन हड़पने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के मंडल उपाध्यक्ष कीरत सिंह यादव ने

- करोड़ों की जमीन हड़प करने का आरोप

जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले में शामिल ऐसे जमीन कारोबारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही करने और जमीन को वापस ग्राम सभा में दर्ज करने की मांग की है। ग्राम पटौराकलां निवासी शिवलाल पुत्र लच्छू सहरिया, जिनकी कोई संतान नहीं थी, पिछले लगभग 30 वर्षों से लापता हैं। उनकी अनुपस्थिति का फायदा उठाते हुए भू-कारोबारियों ने एक गहरी साजिश रची। आरोप है कि भू-कारोबारियों ने थाना जाखलौन के ग्राम नुनावली निवासी कसिया पुत्र निरपत को फर्जी तरीके से लापता शिवलाल बनाकर खड़ा कर दिया। शिकायत में खुलासा किया गया है कि आरोपी कसिया के आधार कार्ड में हेराफेरी कर उसे शिवलाल के रूप में पेश किया गया। इसी फर्जी पहचान के आधार पर 16 अप्रैल 2021 को दो अलग-अलग बैनामे क्रेता कल्याण उर्फ कल्लू के नाम करवा दिए गए। इस साजिश में विनोद पुत्र जग्गू और श्यामलाल पुत्र घन्सू को गवाह के तौर पर शामिल किया गया। हैरानी की बात यह है कि शिवलाल को यह जमीन पट्टे के जरिए मिली थी, जबकि बैनामे में इसे पैतृक संपत्ति दर्शाकर कानून की आँखों में धूल झोंकने की कोशिश की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व में हुई जांच में लेखपाल और तहसीलदार ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया था कि राजस्व अभिलेखों में दर्ज शिवलाल एक लापता व्यक्ति है ।

शहर के सभी वार्डों को ब्लॉक बनाकर किया गया विभाजित

जिला संवाददाता

ललितपुर। नगर पालिका क्षेत्र में जनगणना-2027 की तैयारियो ने गति पकड ली है। नगर क्षेत्र के 26 वार्डों को 311 ब्लॉक (खण्डो) में बॉटा गया है, प्रत्येक खण्डों में एक प्रगणक की नियुक्ति की गयी है। प्रगणको के कार्यों

- ईओ के नेतृत्व में 52 सुपरवाइजर करेंगे निगरानी

के पर्यवेक्षण के लिए 52 सुपरवाइजरों की नियुक्ति भी की गयी है। नगर के समस्त 26 वार्डों मे 22 मई 2026 से मकानों के सूचीकरण का कार्य प्रगणकों द्वारा आरम्भ किया जाएगा। नगर पालिका क्षेत्र में जनगणना-2027 के कार्यों को सुचारू रूप से सम्पादित कराने के लिए अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा को चार्ज अधिकारी नियुक्त किया गया है। चार्ज अधिकारी ने बताया कि 7 मई, 2026 से मकानो के सूचीकरण का कार्य मोबाइल ऐप के द्वारा नागरिक स्वयं भी कर सकेंगे। 7 मई, 2026 से जो नागरिक स्व-गणना करना चाहेगे, इसके लिए उन्हे अपने मोबाइल पर बेबसाइट खोलना होगा। उसके बाद यूपी को चुनना होगा। यूपी को चुनने के बाद पेज पर एक कैप्चा आएगा जिसे सही-सही नीचे निर्दिष्ट स्थान पर भरना होगा और भवन स्वामी को अपना मोबाइल नम्बर भरकर आगे बढते जाना है। इसके बाद अपने घर का सही लोकेशन जियो टैग करना होगा और प्रत्येक सवाल का सही-सही उत्तर देते जाना है, अंत में स्वयं भरी गयी प्रविष्टियों का सत्यापन करने के उपरांत सम्मिट कर देना है।

Notice

I, Arushi Verma, D/o Pawan kumar, hereby declare that i have lost my certifying statement of examination (ICSE) class 10th with unique ID-7295122 passed in the year 2021 from regency public school, Index No.-1212805/114.

सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

अयोध्या। झलकारी बाई वार्ड में सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया है। वार्डवासियों ने नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता पर दबाव में आकर सड़क निर्माण कार्य रुकवाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले से स्वीकृत और शुरू हो चुकी सड़क को अचानक बंद करा दिया गया। जब लोक निर्माण विभाग के जेई से कारण पूछा गया तो कथित रूप से बताया गया कि विधायक के निर्देश पर सड़क का मार्ग बदला जाएगा।

हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है देश की बेटियां: अध्यक्ष महिला कल्याण निगम

ग्रामीण इलाकों में कैंप लगाकर महिला कल्याण की योजनाओं से अधिक से अधिक महिला शक्ति को करें लाभान्वित

जिला संवाददाता

ललितपुर। उ0प्र0 महिला कल्याण निगम की अध्यक्षा व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त कमलावती सिंह ने महिलाओं के कल्याण एवं उनके उत्थान के लिए विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की सर्किट हाउस में गहन समीक्षा की, तो वहीं महिला चिकित्सालय में हालही में जन्मी कन्याओं का कन्या जन्मोत्सव भी मनाया। उन्होंने महिला कल्याण प्रशासनिक अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए तत्पर हैं, वहीं महिला संबंधी अपराधों के प्रति बेहद गंभीर भी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामों क्षेत्रों में चैपाल लगाकर महिला कल्याण संबंधी योजनाओं से अधिक से अधिक नारी शक्ति को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि महिला उत्पीड़न के मामलों में त्वरित व प्रभावी

- महिला चिकित्सालय में जन्मी नन्ही कन्याओं का केक काटकर मनाया कन्या जन्मोत्सव
- महिला उत्पीड़न की घटनाओं में दोषियों पर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करने के दिए निर्देश

विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिएविभागीय समीक्षा बैठक में उन्होंने योजनाओं की समीक्षा करते हुए महिलाओं की दशा व दिशा तथा उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन के बारे में सम्बंधित पुलिस व कार्यवाही करें।अध्यक्षा ने समीक्षा बैठक के बाद जिला महिला चिकित्सालय पहुंचकर हालही में जन्मी नन्ही कन्याओं का केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया, साथ ही नवजात कन्याओं व माताओं को पोषण टोकरी, मिष्ठान व उपहार व एक पौधा प्रदान किया। इस अवसर पर

उन्होंने कहा कि बेटी किसी से कम नहीं हैं, अगर इन्हें अवसर मिले तो ये भी बेटों की तरह अपना मुकाम हासिल कर सकती हैं। उन्होंने सभी माताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपनी बेटियों का पालन पोषण बेटों के समान ही करें और उन्हें अपने आपको सिद्ध करने का पूरा अवसर दें। इसके बाद अध्यक्षा ने वन स्टॉप सेन्टर का भी निरीक्षण किया, यहां पर उन्होंने सभी कक्षों, चिकित्सा कक्ष, शौचालय आदि को देखा, सभी जगह व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गईं। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल द्वारा नारी सशक्तिकरण एवं बाल विकास के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति को बताया, जिसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम, निराश्रित महिला पुनर्विवाह, दहेज उत्पीड़न में महिला को आर्थिक एवं कानूनी सहायता, घरेलू महिला हिंसा अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिग उत्पीड़न, जिला बाल कल्याण संरक्षण समिति सहित अन्य सभी योजनाओं में संतोषजनक प्रगति बताई गईं। इस अवसर पर स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की उप प्रधानाचार्य डा0 श्रुति सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेन्द्र सिंह, पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना, महिला थानाध्यक्ष अनीता सिंह व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

एमएसएमई को मदद

भारत सरकार ने पिछले सप्ताह जो निर्णय लिए है वे संकेत देते हैं कि पश्चिम एशिया संकट के प्रभाव से निपटने के लिए आवश्यक समायोजन किए जा रहे हैं। पिछले सप्ताह कुछ ईंधन श्रेणियों की कीमतों में बदलाव किया गया, जिससे तेल विपणन कंपनियों और सरकार को अपने वित्तीय नुकसान को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। हालांकि, ऊंची ईंधन कीमतें और गैस की सीमित उपलब्धता छोटे और मध्यम उद्यमों समेत कारोबारी जगत को प्रभावित कर रही हैं। महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग में व्यवधान को देखते हुए, व्यवसायों को मांग से जुड़ी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है। अनिश्चितता की इस अवधि से कंपनियों को उबरने में मदद करने के लिए, केंद्र सरकार ने मंगलवार को आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस 5.0) की घोषणा की। इस योजना का लक्ष्य सूक्ष्म लघु और मझोले उपक्रमों यानी एमएसएमई को 100 फीसदी ऋण गारंटी और गैर एमएसएमई उपक्रमों को 90 फीसदी गारंटी मुहैया कराना है। इसके अतिरिक्त विमानन क्षेत्र को एक खास सुविधा प्रदान करने का इरादा है। योजना के अंतर्गत पात्र व्यवसायों को 2025-26 की मार्च तिमाही में उनकी अधिकतम कार्यशील पूंजी उपयोग के 20 फीसदी तक अतिरिक्त ऋण मिलेगा। यह अतिरिक्त ऋण

अधिकतम 100 करोड़ रुपये तक सीमित होगा। विमानन क्षेत्र में कंपनियां कुछ शर्तों के अधीन 1,500 करोड़ रुपये तक का ऋण ले सकेंगी। विमानन क्षेत्र विशेष रूप से एयर टरबाइन ईंधन की कीमतों में वृद्धि और अन्य कारकों से प्रभावित हुआ है। इसके चलते कुछ मामलों में परिचालन में कमी आई है। सरकार के अनुमान के अनुसार, यह योजना लगभग 2.55 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण प्रवाह सक्षम करेगी, जिसमें 5,000 करोड़ रुपये विमानन क्षेत्र के लिए होंगे। राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड के माध्यम से दी जाने वाली ऋण गारंटी फर्मों की तत्काल नकदी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगी। ऋण गारंटी के कारण बैंक ऋण देने में कम हिचकिचाएंगे। खासतौर पर एमएसएमई को ऋण देने में उनकी हिचकिचाहट कम होगी। छोटे उद्यमों के पास आमतौर पर ऐसे बाहरी झटकों से निपटने के लिए वित्तीय सुरक्षा नहीं होती। वित्तीय सहायता के अभाव में उनके बंद होने का खतरा रहता है जिसे टालना आवश्यक है। एक बार जब कंपनियां व्यवसाय से बाहर हो जाती हैं, तो उन्हें पुनर्जीवित करना हमेशा कठिन होता है। इसलिए यह महत्त्वपूर्ण होगा कि सरकार ऋणदाताओं और अन्य संबंधित संस्थाओं के साथ मिलकर इस योजना के क्रियान्वयन पर सावधानीपूर्वक निगरानी रखे। यदि संकट बना रहता है, तो आवश्यक हस्तक्षेप करने के लिए भी तैयार रहना चाहिए। वर्तमान स्थिति में निश्चित रूप से यह कहना कठिन है कि पश्चिम एशिया का संकट वास्तव में कब समाप्त होगा। हालांकि यह आशा फिर से जागी है कि शत्रुता जल्दी समाप्त हो जाएगी। रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका और ईरान सक्रिय रूप से समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप कच्चे तेल की कीमतों में सुधार हुआ है और बुधवार को शेयर बाजारों में वृद्धि देखी गई। संघर्ष का शीघ्र समाधान और होर्मुज स्ट्रेट का दोबारा खुलना अत्यंत महत्त्वपूर्ण होता जा रहा है। वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा इस स्ट्रेट से होकर गुजरता है और दो महीने से अधिक समय तक प्रवाह लगभग पूरी तरह रुक जाने से भंडार में उल्लेखनीय कमी आई है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले हफ्तों में तेल का भंडार घट सकता है जिससे तेल की कीमतों में वृद्धि हो सकती है। इसलिए यह आवश्यक है कि होर्मुज स्ट्रेट को जल्द से जल्द खोला जाये। फिर भी यदि आने वाले दिनों में कच्चे तेल और गैस के प्रवाह को बहाल करने के लिए कोई समझौता हो भी जाता है, तो भी ईसीएलजीएस फर्मों की मदद करेगा क्योंकि ईंधन विशेषकर गैस की कीमत और उपलब्धता को आवश्यक स्तर तक पहुंचने में समय लगेगा।

जीवंत होगी विध्वंस से सृजन तक की यात्रा

नरेन्द्र मोदी

वर्ष 2026 की शुरूआत में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। यह सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व था। अब 11 मई को मुझे एक बार फिर सोमनाथ जाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। इस बार यह यात्रा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में है। मैं उस क्षण को फिर जीने जा रहा हूं जब भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी ने मंदिर का लोकार्पण किया था। उस दिन, सोमनाथ में विध्वंस से सृजन तक की यात्रा फिर से जीवंत होगी। छह महीनों के भीतर सोमनाथ के इतिहास से जुड़े इन दो अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ावों का साक्षी बनना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है।

सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनूभूति कराता है। इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान चाहे कितने भी विकराल क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है। तट से टकराती लहरें सदियों से यह उद्घोष कर रही हैं कि मानवीय चेतना को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता है। हमारे प्राचीन शास्त्रों में लिखा है: प्रभासं च परिक्रम्य पृथिवीक्रमसंभवम्। अर्थात दिव्य प्रभास (सोमनाथ) की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है! जब लोग यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, तब उन्हें उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का भी अनुभव होता है, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी। कई साम्राज्य आए और गए, समय बदला और इतिहास ने ढेरों उतार-चढ़ाव देखे, फिर भी सोमनाथ हमारे हृदय में हमेशा बना रहा। यह समय उन असंख्य महान विभूतियों के स्मरण का भी है, जो क्रूर आक्रांताओं के सम्मुख अडिग रहे। लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों ने प्रभास को शैव दर्शन का महान केंद्र बनाया। चक्रवर्ती महाराज धारसेन चतुर्थ ने सदियों पहले वहां दूसरा मंदिर बनवाया था। समय की कठिन परीक्षा के बीच भीम प्रथम, जयपाल और आनंद पाल जैसे शासकों ने आक्रमणों के विरुद्ध अपनी सभ्यता

> सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनूभूति कराता है। इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान चाहे कितने भी विकराल क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है।

की ढाल बनकर मंदिर की रक्षा की थी। ऐसा माना जाता है कि महान राजा भोज ने भी इस पावन स्थल के पुनर्निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया था। कर्णदेव सोलंकी और जयसिंह सिद्धराज ने गुजरात की राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। भाव बृहस्पति, कुमार पाल सोलंकी और पाशुपताचार्यों ने इस तीर्थ को आराधना और ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित करने में अमूल्य योगदान दिया। विशालदेव वाघेला और त्रिपुरांतक ने इसकी बौद्धिक और आध्यात्मिक परंपराओं की रक्षा की।

जय सोमनाथ

महिपाल चूड़ासमा और राव खंगार चूड़ासमा ने विध्वंस के बाद पूजा-पाठ की परंपरा को पुनर्जीवित किया। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300वीं जयंती मनाई जा रही है, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा। बड़ौदा के गायकवाड़ों ने तीर्थयात्रियों के अधिकारों की रक्षा की। इसके साथ ही हमारी यह धरती वीर हमीरजी गोहिल, वीर वेगड़ाजी भील जैसे पराक्रमियों से धन्य हुई है। उनके साहस और बलिदान को आज भी याद किया जाता है। 1940 के दशक में स्वतंत्रता की भावना पूरे भारत में फैल रही थी। सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत की नींव रखी जा रही थी। ऐसे में एक बात जो उन्हें बहुत व्यथित करती थी, वह थी- सोमनाथ की दुर्दशा। 13 नवंबर 1947 को, दिवाली के समय, उन्होंने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने खड़े होकर, समुद्र का जल हाथ में लेकर संकल्प लिया, ''इस (गुजराती) नववर्ष पर हमारा निश्चय है कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण होगा। सौराष्ट्र के लोगों को इसके लिए हर तरह से अपना योगदान देना होगा। यह एक पावन कार्य है, जिसमें हर किसी को भागीदारी निभानी होगी।'' उनके इस आह्वान ने सिर्फ गुजरात ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष को नये उत्साह से भर दिया। दुर्भाग्यवश, सरदार पटेल अपने उस सपने को साकार होते नहीं देख सके, जिसके लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर दिया था। इससे पहले कि जीर्णोद्धार के बाद सोमनाथ मंदिर भक्तों के लिए खुलता, उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। इसके बावजूद, प्रभास पाटन की पावन धरती पर उनका प्रभाव निरंतर महसूस किया जाता रहा है। उनके विजन को के.एम. मुंशी ने आगे बढ़ाया, जिन्हें नवानगर के जामसाहेब का समर्थन मिला। 1951 में मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा होने पर राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के विरोध के बावजूद, डॉ. प्रसाद ने समारोह में हिस्सा लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। मुझे अक्टूबर 2001 का वह समय आज भी अच्छे से याद है, जब मैंने मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभाला था। 31 अक्टूबर 2001 को, सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर गुजरात सरकार ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की 50वीं वर्षगांठ का भव्य आयोजन किया। इसी समय सरदार पटेल की 125वीं जयंती भी मनाई जा रही थी। इस कार्यक्रम में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी और तत्कालीन गृहमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी जी की मौजूदगी ने इसे और भी गरिमापूर्ण बना दिया। 11 मई 1951 को अपने भाषण में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर दुनिया को यह संदेश देता है कि अद्वितीय श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि यह मंदिर सदैव लोगों के हृदय में बसा रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण से सरदार पटेल का सपना साकार हुआ है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि सरदार पटेल की भावनाओं के अनुरूप लोगों के जीवन में समृद्धि भी लानी होगी। इसको लेकर उनके संदेश अत्यंत प्रेरणादायी रहे हैं। पिछले एक दशक से हम इसी मार्ग पर चल रहे हैं। 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र से प्रेरित होकर सोमनाथ से काशी, कामाख्या से केदारनाथ, अयोध्या से उज्जैन और त्रयंबकेश्वर से श्रीशैलम तक, हमने अपने आध्यात्मिक केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया है। इसके साथ ही उनकी पारंपरिक पहचान को भी बनाए रखा है।

आज बेहतर कनेक्टिविटी से ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आ पा रहे हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है, आजीविका सुरक्षित हो रही है, साथ ही 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना और सशक्त हो रही है। सोमनाथ की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। उनकी ऐसी ही आस्था पूरे भारतवर्ष को लेकर भी थी। वे एकता की ऐसी अद्भुत डोर से बंधे थे, जिसे जमीनी सीमाओं में नहीं बांटा जा सकता। आज की विभाजित दुनिया में, सोमनाथ से मिलने वाली एकता की यह सीख पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। सोमनाथ अपनी गौरवशाली परंपरा के साथ हमेशा खड़ा रहेगा, क्योंकि यह हमारी साझा सभ्यता का प्रतीक है। इसी गौरव को नमन करते हुए बलिदान देने वाले वीरों की स्मृति में और दानवीरों की उदारता को याद करते हुए अगले एक हजार दिनों तक यहां विशेष पूजा आयोजित की जाएगी। यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि बड़ी संख्या में लोग इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं।

(प्रधानमंत्री श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष भी हैं)

सोशल मीडिया

जनगणना-2027 के शुभारम्भ के अवसर पर प्रदेशवासियों को हृदय से बधाई... पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक इस अभियान का हिस्सा बनेगा। सीएम योगी.

देश की आधी आबादी मतलब महिलाओं की सबसे बड़ी प्रबल और प्रतिष्ठित प्रतिनिधि से मिलकर आज संघर्ष की राजनीति को नयी ऊर्जा और नयी ऊंचाई मिली है। अखिलेश यादव

जिस प्रकार हिंसामुक्त शांतिपूर्ण चुनाव के बाद टीएमसी ने अनर्गल आरोपों को मुद्दा बना कर सर्वोच्च न्यायालय जाने का प्रयास किया। यह बौखलाहट का प्रमाण है। सुधांशु त्रिवेदी.

देश की स्पेस आधारित शक्ति को बढ़ाना जरूरी

सामयिक

डॉ.अनिता राठौर

कोई भी जंजीर उतनी ही मजबूत होती है जितनी कि खुद उसकी सबसे कमजोर कड़ी। इस तथ्य को पहलगाम घटना ने एक बार फिर याद दिलाया है, भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में। यह सही है कि जिस अंदाज से पहलगाम में हमले को अंजाम दिया गया, उसकी पूर्व-सूचना शायद सैटेलाइट्स के माध्यम से प्रत्यक्ष तौर पर न मिल पाती, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे पहले जो कुछ भारतीय सीमा के निकट घटित हुआ (या हो रहा है) उसकी जानकारी तो सैटेलाइट के जरिये हासिल हो ही सकती थी? इसलिए सरकार को भारत की स्पेस-आधारित क्षमताओं पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले राष्ट्र के रूप में भारत ने निरंतरता के साथ स्पेस में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है व लोहा मनवाया है, जैसा कि 1975 में आर्यभट्ट की लॉन्चिंग से लेकर चंद्रयान-3 का चांद के दक्षिणी ध्रुव के विजयी स्पर्श से जाहिर है।

इसके बावजूद भारत को इस असहज सत्य का भी सामना करना चाहिए कि उसकी सैन्य स्पेस क्षमताएं अपर्याप्त हैं और वह भी ऐसे समय में जब स्पेस तेजी के साथ भू-राजनीतिक वर्चस्व का अगला जंगी मैदान बनता जा रहा है। गौरतलब है कि साल 2020 में जब चीन ने पूर्वी लद्दाख में घुसपैठ की थी, तब भारत ने सबसे पहले स्पेस-बेस्ड सर्विलांस (एसबीएस) की कल्पना की थी। देर से पहल की गई इस दीर्घकालीन योजना का उद्देश्य भारत की स्ट्रेटेजिक स्थितिगत जागरूकता को सैटेलाइट्स के समर्पित तारा मंडल से मजबूत करना था ताकि सशस्त्र बलों को सीमाओं की निगरानी व चौकसी करने में मदद मिल सके। जरूरी है कि इसरो व अन्य स्टेकहोल्डर्स एसबीएस कार्यक्रम को वरीयता दें, विशेषकर इसलिए कि भारत केवल 9 या 11 रक्षा सैटेलाइट्स ही ऑपरेट करता है, जबकि अमेरिका व चीन के पास 240 से अधिक के बेड़े हैं और रूस के पास 100 से अधिक रक्षा सैटेलाइट्स हैं। यह अंतर केवल संख्या का ही नहीं है बल्कि यह स्ट्रेटेजिक क्षमता में बुनियादी फासला है, चूंकि जो चीन के पास है, वह पाकिस्तान को स्वतः ही मिल जाता है। मसलन, हाल ही में पाकिस्तान को चीन के बेईडोउ नेविगेशन सिस्टम का ग्राउंड स्टेशन मिला। कहने का अर्थ यह है कि पाकिस्तान को चीन की सैन्य स्पेस क्षमताएं प्राप्त हैं, जबकि भारत के सशस्त्र बलों के पास समर्पित सैटेलाइट्स सिस्टम का अभाव है। रिसेट-2बी व जीसेट-7 सीरीज जैसे प्लेटफॉर्म्स विकसित करने के बावजूद भारतीय सेना के पास समर्पित सैटेलाइट सिस्टम नहीं है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा फ्रेमवर्क में चिंताजनक कमजोरी प्रतीत होती है। पहलगाम यादध्यानी करा रहा है कि नई दिल्ली को अपना एसबीएस नेटवर्क अपग्रेड कर लेना चाहिए। हालांकि वरिष्ठ रक्षा योजनाकारों व राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसीज ने एसबीएस पहल का समर्थन किया है और भारत सरकार ने इस कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है 52 सैटेलाइट्स के साथ, जिसमें से 31 का निर्माण निजी उद्योग द्वारा होगा, लेकिन इन सैटेलाइट्स को वास्तव में ऑर्बिट में पहुंचाने के सिलसिले में मामूली सी ठोस प्रगति हुई है। यह चिंताजनक है क्योंकि निशाने, कम्युनिकेशन, लॉजिस्टिक्स व अर्ली वार्निंग सिस्टम्स के लिए आधुनिक युद्ध स्पेस आधारित एसेट्स पर अत्यधिक निर्भर होता जा रहा है। ग्लोबल पावर्स के पास सैटेलाइट्स का विशाल तारामंडल है, जिससे वह आशंकित टकराव क्षेत्रों का रियल-टाइम कवरेज कर लेती हैं, लेकिन अपने सीमित इन्फ्रास्ट्रक्चर के कारण भारत को अंधीगलियों का भी सामना करना पड़ता है। भविष्य के टकराव में 'देखने, समझने व प्रतिक्रिया' की क्षमताओं में अंतर ही निर्णायक साबित होगा। बजट आवंटन भी इतना ही चिंताजनक है। नासा का बजट 25 बिलियन डॉलर है, चीन का 18 बिलियन डॉलर और यूरोपीयन स्पेस एजेंसी का 7.7 बिलियन यूरो। इनके सामने भारत का 2 बिलियन डॉलर का स्पेस बजट बौना प्रतीत होता है। जहां तक रक्षा-स्पेस क्षमताओं की बात है तो 2024 में अकेले अमेरिका स्पेस फोर्स का वार्षिक बजट 30 बिलियन डॉलर था और अनुमान यह है कि चीन अपनी सैन्य स्पेस क्षमताओं में लगभग 10 बिलियन डॉलर का निवेश करता है। इसके विपरीत भारत का खर्च विभिन्न एजेंसीज में विभाजित रहता है, जिससे फोकस्ड निवेश नहीं हो पाता, जोकि जरूरी है काउंटर स्पेस सिस्टम्स, एंटी-सैटेलाइट्स डिफेन्स और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध हथियार विकसित करने के लिए।

विचार

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

-प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

-स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

-महावीर स्वामी.

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

-टॉलस्टॉय.

दुख के कारण

सांसारिक सुख-सुविधाएं हमे लुभाती हैं। विषय भोग की लिप्साएं मनुष्य को आकर्षित करती हैं। उनको कर्तव्य पथ से विमुख कर अपने में समाहित कर लेती हैं। मनुष्य जब विषय भोग में फंस जाता है तो फिर उसका निकलना बहुत मुश्किल होता है। विषयों में फंसकर मनुष्य अपने जीवन का उद्देश्य भूल जाता है या उससे भटक जाता है। यही कारण है कि ऋषि मुनियों ने मनुष्य को जीवन पथ पर दृढ़ता से अडिग रहते हुए मुक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। संसार के अधिकांश दुखों का कारण सांसारिक विषयों की कामनाएं और भोग लिप्सा ही होती है। इससे पीड़ित व्यक्ति के लिए वास्तव में यह संसार दुख कानन है। दुख से घिरे हुए व्यक्ति के अंदर केवल एक ही विचार कार्य करता है कि वह निरीह और घृणास्पद है। अन्य व्यक्ति न उसके प्रति आकृष्ट होते हैं और न हार्दिक संवेदना ही प्रकट करते हैं। और तो और उसका स्वयं अपने ही ऊपर से विश्वास हट जाता है। बात यही है कि दूसरों से न उसे सहसयता मिलती है न सांत्वना। पर उसके मन से यह बात अलग नहीं होती कि शायद किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उसे दुख से छुट्टी मिल जाये। दुख के अवसर पर मन से किसी प्रकर की सहायता नही मिलती। क्योंकि उसकी अनर्गल इच्छाएं ही दुख उत्पन्न करती हैं। इच्छाओं से उत्पन्न सुख का तो वह आलिंगन करता है पर दुख के उपस्थित होने पर उसका कुछ सुने बिना ही वह उसे भगा देना चाहता है। परिस्थितियों के अनुकूल होने पर यदा-कदा उसे अपनी चाल में सफलता मिल जाती है ओर बुद्धि निस्सहाय होकर सुषुप्ति अवस्था में चली जाती है। दुख के विषय पर गंभीर विचार करने में असमर्थ हो जाती है। मन के चक्र में फंसा हुआ प्राणी इस प्रकार अधिक काल तक दुख भोगता रहता है। एक के बाद दूसरा इस प्रकार कितने ही जीवन ऐसे ही नष्ट हो जाते हैं। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दुख की घड़ी उपस्थिति होने पर उस पर विचार करते हैं और सत्संग का आश्रय लेते हैं लेकिन अधूरे विचार और बाहरी सत्संग से उन्हें लाभ नहीं होताा। क्योंकि उसमें भी दुख भोगने के अतिरिक्त उनका कोई दूसरा अभिप्रायः नहीं होता। दुख पर विचार नहीं रहता। उनका मन सदा इधर-उधर भटकता रहता है और दूसरों की बातों में दुख से छुटकारा पाने के लिए समाधान खोजता है, जो उसे कभी नहीं मिलता है। कारण वह अपने इन्द्रिय सुखों को छोड़ना नहीं चाहता। दुख के अवसर जीवन में बार-बार आते हैं और जब-जब आते हैं, तब तब मनुष्य को गहरी चोट पहुंचाते हैं। मनुष्य उससे तिलमिला उठता है, रोता और चिल्लाता है। पश्चाताप करता है और उसके मन में भोगों से मुंह मोड़ने की भी इच्छा होती है, लेकिन पुरानी आदत अवसर आने पर उसे भोग भोगने के प्रति पुनः प्रवृत्त कर देती है।

अंतर्दृष्टि

सड़कों में गहरे-गहरे गड्ढे बनायें

व्यंग्यलोक

उत्तम नगर मोहल्ला विकास संसद सदस्यों ने जिला कलेक्टर को विज्ञापन प्रस्तुत कर मोहल्ले में चली आ रही विभिन्न समस्याओं की ओर आक्रोश प्रकट किया। संसद के शिष्टमंडल ने कहा कि मोहल्ले में पिछले 6 माह से लगातार चोरियां नहीं होने से मोहल्ले की पूरे शहर, जिले एवं राज्य में भारी बदनामी हुई है। इधर चोरों के नहीं आने से समाज और जिले में ये संदेश गया है कि उत्तम नगर मोहल्ला वासी भिखमंगे, गरीब व भुक्कड़ टाइप के जंतु हैं। कलेक्टर साहब से अनुरोध है कि वे शीघ्र ही चोरों की व्यवस्था कराएं ताकि चोर आएं और नियम पूर्वक नियमित रूप से चोरी करें। जिससे मोहल्ले का देश-दुनिया में नाम हो। चोरों के नहीं आने से मोहल्ले के बच्चों के सगाई-संबंध भी नहीं हो रहे हैं। इससे मोहल्ले का सामाजिक ढांचा भरभरा कर गिर गया है। साथ ही शिष्टमंडल ने मोहल्ले की चिकनी-चुपड़ी और सीधी-सपाट सड़कों के बारे में भी शिकायत की है। चिकनी-चुपड़ी सड़कों से मोहल्ले के लोगों को बहुत भारी परेशानी होने लगी है। मांग की कि सड़कों में शीघ्र ही जगह-जगह गहरे-गहरे गड्ढे बनवाए जाएं। अगर सड़क में गड्ढे होंगे तो चोर इन गड्ढों में छुपकर अपने कर्म को बेहतर ढंग से संपादित कर पाएंगे। साथ ही शिकायत की कि मोहल्ले में खंभों पर चकाचक सोडियम लाइटें भी लगी हुई हैं। इससे मोहल्ले में रात्रि में भी दिन का आभास होता है। इस वजह से चोर भाई भी अपने चोर्य कर्म को संपादित नहीं कर पा रहे हैं। इन चकाचक लाइटों की वजह से मोहल्ले के युवाओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। पहले बहुत अच्छा होता था जब मोहल्ले में घनघोर अंधेरा हुआ करता। सड़कों पर बेहतरीन गड्ढे हुआ करते। इस घनघोर अंधेरों में मोहल्ले के युवा, अधेड़ एवं बुजुर्ग वर्ग अपने प्रेम प्रदर्शन का अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम यहीं संपन्न किया करते। मौके-बेमौके सड़कों में बने गड्ढों में छुप कर प्रेम प्रबंधन कार्य को और आगे बढ़ाते। इन सुविधाओं के अभाव में बेचारों को अब डिजिटली प्रेम करना पड़ रहा है। इन्हीं गड्ढों में छुप कर चोर महाशय अपना कार्यक्रम भी संपादित करते। बरसात के दिनों में गड्ढों में मोहल्ले वासी अपनी नावें भी चलाया करते। सरकार ने बदबूदार बजबजाती नालियों की सुविधा भी हमसे छीन ली है। चोरों संग कुत्ते और शराबी भाई इन नालियों के सहारे पूरी रात काट लिया करते थे। सरकार ने ये सारी सुविधाएं छीन ली है। उत्तम नगर के साथ सौतेला व्यवहार करने पर नागरिकों ने आज ही सारी व्यवस्थाएं करने के लिए कलेक्ट्रेट के बाहर धरना शुरू कर दिया। मौके पर कलेक्टर साहब ने जिले के पुलिस अधिकारियों को बुलाकर उत्तम चोरों की व्यवस्था करने का भरोसा दिया। साथ ही नरक निगम के अधिकारियों को बुलाकर सड़कों में गड्ढे करवाने का निर्देश दिया।

रामविलास जॉगिड़

आपकी बात

महिलाओं की सुरक्षा

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। झारखण्ड में एक स्कूल में ऐसा मामला एक साल पहले सामने आया जिसमें एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के प्रिंसीपल, शिक्षक के साथ दर्जन भर छात्रों ने भी दुराचार की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। बिहार में आश्रय गृहों में रह रही बेटियों के साथ जो शर्मकांड हुआ उसको याद करने से ही मन सिहर जाता है। उत्तराखण्ड में एक स्कूल में नाबालिग छात्रा से स्कूल कर्मियों के साथ करीब एक दर्जन छात्रों ने भी गैंगरेप का शर्मनाक कृत्य किया। समझ में नहीं आता है कि ये आश्रयगृह, ये स्कूल शिक्षा एवं संरक्षण के आश्रय हैं या यातना एवं उत्पीड़न गृह। जिस तरह आज बेटियों के लिए, महिलाओं के लिए हर जगह खतरनाक होती जा रही है उसमें एक सभ्य परिवार के पुरुषों को अपने ही घर में, अपने ही मां, बहन व बेटियों के सामने शर्मसार होना पड़ता है। कुछ गुंडों, अपराधियों के कारण पूरा पुरुष समाज शर्मिंदगी का दंश झेलने के लिए अभिशप्त है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बेटियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? रेप पर फांसी की सजाएं भी दी जा रही हैं लेकिन अपराधी इतने डीठ हो गये हैं कि उनके मन में दहशत का भाव कभी आता ही नहीं है। हैदराबाद में एनकाउंटर कांड के बाद जिस तरह से देश में हर्ष का माहौल देखने को मिला वह दरअसल न्याय न मिलने की कुंठा ही थी। अन्यथा ऐसे न्याय को कौन बर्दाश्त करता। हाथरस, उन्नाव, अमेठी की घटनाएं यह साबित करती हैं कि अपराधियों में अभी भी कानून का डर नहीं है।

मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.

योजनाओं में विलंब

केन्द्र सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में सभी गरीबों को घर देने की बात कही थी लेकिन अभी तक संकल्प पूरा नहीं हो पाया है। इसलिए गरीबों को आवास देने के लिए सरकार को तेजी के साथ काम करना चाहिए। शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार 2022 तक सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है।

आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

अपना दल एस की मासिक बैठक संपन्न

फतेहपुर। अपना दल एस मासिक बैठक पार्टी कार्यालय पटेल नगर में जिला अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई संचालन जिला महासचिव अरुण पटेल ने किया बैठक के मुख्य बिंदु सभी पदाधिकारी अपने निवास करने वाले स्थान अपने सेक्टर अध्यक्ष एवं बहुत अध्यक्ष नियुक्त करेंगे। सभी विधानसभा अध्यक्ष अपने कमेटी की घोषणा लिखित जिला अध्यक्ष को दें अब तक कितने विधानसभा जोन अध्यक्ष नियुक्त उनकी लिस्ट सभी पदाधिकारी अपने विधानसभा अपने विधानसभा के जोन अध्यक्षों की बैठक में सुनिश्चित करेंगे सभी विधानसभा अध्यक्ष अपने विधानसभा का कार्यवाही रजिस्टर बना लें जिले में राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी किसी भी समय समीक्षा लेने आ सकते हैं विधानसभा स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन किया हर विधानसभा स्तर पर साइकिल व मोटरसाइकिल जुलूस निकाला जाए जिले के मासिक मीटिंग में समस्त पदाधिकारी उपस्थित दर्ज करावे सभी पदाधिकारी अपनी भूमिका जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाएं इस मौके पर शैलेंद्र पटेल योगेंद्र सिंह राणा सर्वेश पटेल सुमन सिंह मौर्य बृजेश पाल अरुण पटेल शिवशरण निषाद अनिल उमराव लाखन पटेल शिव सिंह हेमंत पटेल रेणु देवी कांति कुशवाहा विनोद कुशवाहा पुष्पराज सिंह कमल सिंह रविंद्र प्रताप सिंह अभय सिंह वीरेंद्र सिंह पटेल राजेश पटेल शिवांश पटेल हंसराज पाल राम सिंह पाल दीपांशु पटेल राजू पटेल सुनील पटेल लालमणि पटेल राजेश पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कार ने ई रिक्शा को मारी टक्कर, दो घायल

बांदा। पैलानी तहसील के खप्टिहाकला चैकी अंतर्गत कालेश्वर के पास अनियंत्रित कार ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। इसमें दो लोगघायल हो गए। ई रिक्शा चालक अरविंद ने बताया कि खप्टिहाकलां से सवारी लेकर पपरेंदा छोड़ने जा रहा था इसमें पांच सवारियां बैठी थी। पपरेंदा की ओर से आ रही कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। इसमें रामदेवी निवासी महोबा व प्रेमचंद निवासी महोबा को चोट आई है। बाकी तीन लोगों को हल्की छोटे आई हैं। मौके में पहुंचे चैकी इंचार्ज हरिशरन सिंह ने एंबुलेंस के माध्यम से सभी को जिला अस्पताल भेजा है। सभी का इलाज चल रहा है। कार चालक हरीश निषाद रेहुटा अपने घर जा रहा था।

आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

महोबा। गुरुवार सुबह तेज बारिश और ओलावृष्टि के चलते आकाशीय बिजली गिरने से खेत में लगे आम की रखवाली कर रहे किसान जगमोहन कुशवाहा पुत्र स्वर्गीय रामलाल कुशवाहा निवासी राजीव नगर कबरई उम्र लगभग 50 बर्ष की खेत में रखवाली करते समय दुखद मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सुबह खेत में लगे आम के वृक्ष की रखवाली करने गया था, तभी अचानक बारिश होने लगी एवं बिजली के गिरने से उसकी मौत हो गई। सुबह लगभग 10 बजे बच्चे उसे खाना देने पहुंचे, जहां उसको अचेत अवस्था में देखकर परिजनों को सूचना दी, परिजनों द्वारा आनन फानन में उसे सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर विच्छेदन के लिए भेज दिया है। जगमोहन की असमय मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

ऑनलाइन सट्टा खिलाते दबोचा गया आरोपी

ललितपुर। कोतवाली पुलिस ने सागर रोड स्थित एक ढाबे के पास ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन बरामद हुआ, जिसमें ऑनलाइन सट्टेबाजी का प्लेटफॉर्म खुला मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 6 मई 2026 को उपनिरीक्षक रज्जन बाबू पुलिस टीम के साथ मसौरा चैकी क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के लिए गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सागर रोड स्थित साहूजी ढाबा के पास एक व्यक्ति मोबाइल के जरिए ऑनलाइन सट्टा खिला रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दिनेश साहू पुत्र प्रभुदयाल साहू निवासी आजादपुरा तृतीय, थाना कोतवाली ललितपुर बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक सैमसंग गैलेक्सी एफ23 5जी मोबाइल फोन बरामद हुआ।

तीन युवकों की डूबने से मौत, दो गंभीर

जिला संवाददाता

ललितपुर। कोतवाली तालबेहट क्षेत्र के ग्राम हर्षपुर में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने आए पांच युवक गांव के पास स्थित राजघाट नहर में नहाने गए थे। इसी दौरान गहरे पानी और तेज भंवर में फंसने से तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य अन्य युवकों को गंभीर हालत में उपचार के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम वस्त्रावन से कुछ लोग शादी समारोह के बाद हर्षपुर गांव रिश्तेदारी में आए हुए थे। गुरुवार सुबह पांच युवक घूमते हुए

● रिश्तेदारी में शादी समारोह में आए थे युवक, नहाते समय भंवर में फंसे, गांव में पसरा मातम

गांव के पास स्थित राजघाट नहर पर पहुंचे और नहाने लगे। इसी दौरान सभी युवक पानी की तेज धारा और भंवर की चपेट में आ गए। आसपास मौजूद लोगों ने युवकों को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक तीन युवक पानी में समा चुके थे। हादसे में मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर क्षेत्रांतर्गत थाना चंदेरी के ग्राम प्राणपुरा निवासी 30 वर्षीय मिथुन पुत्र नारायण व 20 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र कपूर सिंह एवं ग्राम वस्त्रावन निवासी 22 वर्षीय धीरज पुत्र मनीराम की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि जगदीश पुत्र सरमन और राजकुमार पुत्र मनीराम को गंभीर हालत में स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

ललितपुर। आगामी 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार सिंह ने की। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान विगत राष्ट्रीय लोक अदालत की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर नियत करने, नोटिसों की समय पर तामीली कराने तथा अधिकाधिक मामलों के आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण कराने पर जोर दिया गया। बैठक में एडीजे (द.प्र.क्षे.)/प्रभारी अध्यक्ष प्रोसेस सर्विंग कमेटी सुनील सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मयंक जायसवाल, सचिव देवप्रिय सारस्वत, एएसपी कालू सिंह, डीआईओ दयाशंकर, यात्री/मालकर अधिकारी लिली चैधरी, चकबंदी अधिकारी, जेई जल संस्थान के अलावा श्रम एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत में शामिल कर उनका त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को सरल और सुलभ न्याय मिल सके।

स्वगणना अभियान के पहले दिन जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया शंखनाद

जिला संवाददाता

बांदा। जनपद में स्वगणना अभियान का शंखनाद हो गया है। अभियान के प्रथम दिन जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने एक सुर में नागरिकों से इस डिजिटल क्रांति का हिस्सा बनने की अपील की। अभियान का मुख्य उद्देश्य हर नागरिक को राष्ट्र की विकास नीति का सीधा हिस्सा बनाना है।

अभियान के शुभारंभ सांसद चित्रकूट-बांदा कृष्णा पटेल, विधायक नरैनी ओममणि वर्मा, विधायक बबेरू विशंभर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, आयुक्त अजीत कुमार, जिलाधिकारी अमित आसेरी, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे नोडल अधिकारी ने संयुक्त वक्तव्य जारी किया। कहा कि स्वगणना केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपनी पहचान और अपने अधिकारों को सुरक्षित करने का एक सशक्त माध्यम है। जब आंकड़े सटीक होंगे, तभी शासन की योजनाओं का

● 21 मई तक चलेगा स्वगणना अभियान का कार्य

लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बिना किसी बाधा के पहुंच सकेगा। अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि स्वगणना के माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे मानवीय त्रुटि की संभावना समाप्त हो जाती है और प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहती है। यह डिजिटल इंडिया की दिशा में एक बड़ा कदम है जो समय की बचत और डेटा की शुद्धता सुनिश्चित करता है। जनप्रतिनिधियों ने अपील करते हुए कहा कि वे न केवल स्वयं अपनी गणना करें, बल्कि अपने मोहल्ले और गांव में स्वगणना दूत बनकर दूसरों को भी प्रेरित करें। आपकी एक छोटी सी पहल जनपद और देश के भविष्य की तस्वीर बदल सकती है। अभियान के पहले दिन विभिन्न चैराहों और ग्राम पंचायतों में जागरूकता शिविर लगाए गए। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि पोर्टल सुचारू रूप से कार्य कर रहा है और किसी भी तकनीकी सहायता के लिए हेल्प डेस्क सक्रिय है। यह अभियान 21 मई तक लगातार चलाया जाएगा। सुबह 6 बजे से लेकर रात्रि 12 बजे तक इसमें स्वगणना का कार्य किया जा सकता है।

वर्षों से जर्जर है रोड

ललितपुर। ग्राम पंचायत बालाबेहट के मजरा बरेना में विगत कई वर्षों से जर्जर हालत में पड़ा रोड को सही कराया जाकर लोगों की समस्या दूर किये जाने की मांग उठायी गयी है। इस सम्बन्ध में गुरूवार को बालाबेहट से जिला पंचायत सदस्य धनन्जय यादव के नेतृत्व में गांव के प्रधान समेत

● आवागमन में लोगों को हो रही भारी परेशानी

दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि बालाबेहट के मजरा बरेना में ननेरी तिराहा से लेकर बरेना तक कुल 3.5 किलोमीटर तक का सड़क विगत बीस वर्षों पुराना है। इस समय उक्त रोड जर्जर अवस्था में है। पूर्व में यह रोड मण्डी समिति द्वारा निर्माण कराया गया था। उसके बाद से आज तक इस रोड की सुध नहीं ली गयी और समय गुजरने के साथ ही यह रोड अब काफी जर्जर अवस्था में है। हालात यहां तक खराब हैं कि इस रोड से लोगों को वाहन से तो दूर पैदल निकलना भी मुश्किल है, जिससे बच्चों को विद्यालय आने-जाने और बुजुर्गों व महिलाओं को भी आवागमन में भारी परेशानियों को उठाना पड़ रहा है। बताया कि कई बार मण्डी समिति से निवेदन करने के बाद भी उक्त सड़क का निर्माण नहीं कराया गया और न ही इस सड़क की रिपेयरिंग की गयी। इसके अलावा ग्रामीणों ने भी बताया कि इस मार्ग से अधिकांश दुर्घटनाएं भी घटित हो रहीं हैं। ग्रामीणों ने अभय सिंह के मकान से लेकर प्राथमिक विद्यालय बरेना तक पक्का सीसी रोड निर्माण कराये जाने की मांग उठायी है और इसके अलावा शेष मार्ग की मरम्मत कराये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। ज्ञापन देते समय जिला पंचायत सदस्य बालाबेहट धनन्जय सिंह यादव के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

मुठभेड़ में दो गांजा तस्कर गिरफ्तार पांच किलो गांजा व तमंचे बरामद

बांदा। थाना जसपुरा पुलिस ने देर रात चेकिंग अभियान के दौरान मुठभेड़ के बाद दो शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच किलो 150 ग्राम अवैध सूखा गांजा, दो तमंचे, कारतूस, मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट और बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्रभारी निरीक्षक ऋषिदेव सिंह ने बताया कि बुधवार देर रात पुलिस टीम कस्बा जसपुरा के गौरीकला मोड़ पर गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध गांजे की खेप लेकर रामपुर चैराहा की ओर आने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने रामपुर चैराहा के पास घेराबंदी कर दी। कुछ देर बाद गौरीकला मार्ग की ओर से एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दी। पुलिस ने रोकने का इशारा किया तो बाइक सवार भागने लगे और मोटरसाइकिल सहित गिर पड़े। आरोप

है कि इसी दौरान एक बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम नीलेश सिंह पुत्र स्व.सदाशिव सिंह, भोला सिंह पुत्र चुन्नू सिंह निवासी ग्राम गरौती थाना तिंदवारी बताए। तलाशी के दौरान दोनों के पास से एक-एक देशी तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, मोबाइल फोन तथा नकदी बरामद हुई। वहीं प्लास्टिक के बोरे में रखे गांजे का वजन इलेक्ट्रॉनिक तराजू से कराने पर पांच किलो 150 ग्राम पाया गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे हमीरपुर और बांदा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में गांजे की तस्करी करते थे। पुलिस ने तस्करी में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल को भी सीज कर दिया है। विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अवधेश कुमार शुक्ला को सौंपी गई है।

मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित

बांदा। शहर के आर्य कन्या इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कालेज परिसर में आयोजित समारोह में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों वर्गों की मेधावी छात्राओं को माला पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि शमीम बानो ने सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रधानाचार्या पूनम गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि की छात्राओं ने कड़ी मेहनत और अनुशासन से यह सफलता हासिल की है। छात्राओं को आगे की पढ़ाई में भी इसी लगन से जुटने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षा में कॉलेज का परिणाम बेहतर रहने पर खुशी जताई। छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों की मेहनत को भी सराहा। समारोह में बड़ी संख्या में अभिभावक और शिक्षक मौजूद रहे। इस मौके पर लीजानना, सीमा पांडे, आरती, साधना यादव, सोनम गुप्ता, अर्चना, शशी प्रभा, नीलम, मनीषा, अभिलाष अवस्थी, अभिनव आदि रहे।

आशाओं का चयन प्राथमिकता पर किया जायेः डीएम

बांदा। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने आशाओं का चयन प्राथमिकता से सभी पीएचसी में रिक्त पदों में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। समस्त खंड विकास अधिकारियों एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस माह के अंत तक सभी रिक्त आशा की नियुक्ति पूर्ण की जाए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि आभा आईडी बनाये जाने का कार्य पूर्ण करें। जसपुरा में प्रगति खराब होने पर समीक्षा करने के निर्देश दिये। इस कार्य में आशा एवं आशा संगिनियों की सहायता से आभा आईडी का कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। ई-संजीवनी पोर्टल से टेली मेडिसिन सेवाओं, एंबुलेन्स के ट्रान्सपोर्टेशन समय में सुधार करने, गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को ही अन्य अस्पतालों में रेफर करने, अन्य चिकित्सीय योग्य मरीजों का इलाज अस्पताल में प्राथमिता से करने को कहा। आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाये जाने के कार्य में तेजी लाने, 70 वर्ष आयु से अधिक के लोगों के शतप्रतिशत रूप से कार्ड बनाने के निर्देश दिये। सभी गर्भवती महिलाओं की चारों एएनसी की जांच व रजिस्टेज्शन कराये जाने, एनआरसी केंद्र पर अतिकुपोषित बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भर्ती कर सुपोषित किये जाने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र को भी सस्ती दवाओं के लिए संचालित कराये जाने के निर्देश दिये। बबेरू के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को चेतावनी देते हुए बच्चों की जांच कराये के निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला चिकित्सालय सुनीता सिंह आदि उपस्थित रहे।

करोड़ों के बजाज फाइनेंस लोन घोटाले में सरगना समेत 11 पर लगा गैंगस्टर एक्ट

ललितपुर। जनपद पुलिस ने करोड़ों रुपये के आर्थिक अपराध और धोखाधड़ी से जुड़े एक संगठित गिरोह का पदार्फाश करते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कोतवाली सदर पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी की तहरीर पर गिरोह के सरगना सहित 11 आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस गिरोह को अंतर्राज्यीय स्तर पर सक्रिय बताया है।

फर्जी दस्तावेजों से किया करोड़ों का खेल

पुलिस जांच और एसआईटी की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि आरोपी गिरोह लोगों की जमीनों और संपत्तियों से जुड़े फर्जी बैनामे, रजिस्ट्री और विक्रय पत्र तैयार कर वित्तीय संस्थानों को धोखा देता था। आरोप है कि गिरोह ने तहसील और निबंधन कार्यालयों की फर्जी मोहरें और दस्तावेज तैयार कर उन्हें असली बताकर उपयोग किया। इन्हीं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आरोपियों ने बजाज फाइनेंस से करोड़ों रुपये का ऋण स्वीकृत कराया। जांच में अब तक 13 से अधिक फर्जी रजिस्ट्रियां सामने आई हैं, जिनके जरिए यह पूरा खेल संचालित किया गया। पुलिस के अनुसार गिरोह ने अलग-अलग व्यक्तियों के नाम पर बैंक खाते खुलवाए और उनमें अपने मोबाइल नंबर लिंक कराए। इन खातों में 4 करोड़ 05 लाख 48 हजार 89 की रकम ट्रांसफर की गई, जिसे बाद में निकाल लिया गया।

इनके खिलाफ हुयी गैंगस्टर की कार्यवाही

कोतवाली पुलिस ने नेहरू नगर निवासी गैंग लीडर राशिद खान उर्फ शानू, गांधीनगर निवासी करन साहू, नेहरू नगर निवासी महेंद्र बरार उर्फ नगेले, महेंद्र राय, गोविंदनगर निवासी शमीम खान, नेहरू नगर निवासी राशिदा बानो, क्रेडिट मैनेजर नवनीत सिंह, ऑपरेशन मैनेजर पारस वर्मा, एरिया सेल्स मैनेजर अभिनव निगम, सेल्स एक्जीक्यूटिव विकास दिवाकर और पिसनारी निवासी वीरेन्द्र कुमार के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस का कहना है कि गिरोह का प्रभाव इतना था कि स्थानीय लोग इनके खिलाफ खुलकर बयान देने से डरते थे। फिलहाल पुलिस गिरोह की संपत्तियों, बैंक खातों और अन्य आर्थिक लेनदेन की गहन जांच कर रही है। इस कार्रवाई से जिले में हड़कंप मचा हुआ है।

बसपा की सेक्टर कमेटियों के गठन को लेकर बैठक संपन्न, संगठन की मजबूती पर जोर

ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सेक्टर-48 की कमेटियों के गठन, पुनर्गठन और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगैयां एवं केहर सिंह गौतम मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

मंडल प्रभारियों ने कार्यकताओं से कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व के निदेर्शानुसार प्रत्येक बूथ पर सर्वसमाज को जोड़ते हुए संगठन को मजबूत किया जाए, ताकि पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

उन्होंने कार्यकताओं से आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए पूरी मजबूती के साथ बूथ स्तर पर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी अभिषेक गौतम और विधानसभा अध्यक्ष संतोष अहिरवार उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि सेक्टर कमेटियां संगठन की रीढ़ होती हैं और मजबूत संगठन ही पार्टी को सफलता दिला सकता है। बैठक की अध्यक्षता सेक्टर अध्यक्ष बृजभान अहिरवार (परोंदा) ने की। बैठक में सर्वसम्मति से बूथ संख्या 543 पर उत्तम सिंह तथा बूथ संख्या 544 पर जयराम को बूथ अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इस दौरान संतोष कुमार (विधानसभा महासचिव), धर्मेन्द्र कुमार अहिरवार (पूर्व मंडल प्रभारी), प्रकाश पाल (सेक्टर महासचिव), किशन लाल, लालाराम, पप्पू अहिरवार, हन्नू अहिरवार, लक्ष्मण प्रसाद, जमना प्रसाद, अरविंद कुमार, कैलाश, देशराज, संजू, आशाराम समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लोक अदालत के प्रचार वाहन को जिला जज ने दिखायी हरी झंडी

बांदा। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ मई शनिवार को है। इसके व्यापक प्रचार-प्रसार को दीवानी न्यायालय परिसर से जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष अल्पना ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर नगर भ्रमण को रवाना किया। बताया कि प्रचार वाहन भ्रमण का उद्देश्य जनपद व तहसील स्तर पर नौ मई को आयोजित होने वाली लोक अदालत का लाभ आमजन को दिलाया जाना है। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय प्रदीप सिंह, विशेष न्यायाधीश चंद्रपाल, डा.विकास श्रीवास्तव, गगन कुमार भारती, संजय कुमार सिंह, प्रदीप कुमार मिश्रा, श्रीपाल सिंह, ज्योत्स्ना यादव, अंशुमाली पांडेय, सौम्या गिरी, प्रफुल्ल कुमार चैधरी, यातायात निरीक्षक संजय मिश्रा, रामनरेश यादव, राशिद अहमद, आदित्य धुरिया आदि रहे।

दो तस्कर गिरफ्तार, एक फरार

ललितपुर। जनपद पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 4 किलो 104 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है, जबकि गिरोह का एक अन्य सदस्य मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार कोतवाली सदर क्षेत्र की नई बस्ती चैकी प्रभारी उपनिरीक्षक आलोक कुमार सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में मौजूद थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम खोंखरा में कुछ लोग अवैध गांजे की बिक्री कर रहे हैं।

सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दो संदिग्धों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान गिरफ्तार आरोपी केहर सिंह बुन्देला के पास से 2 किलो 41 ग्राम गांजा तथा एक मोबाइल फोन बरामद हुआ, जबकि दूसरे आरोपी छत्रपाल सिंह परमार के कब्जे से 2 किलो 63 ग्राम गांजा बरामद किया गया। कुल बरामद गांजे की मात्रा 4 किलो 104 ग्राम पाई गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह काफी समय से अवैध मादक पदार्थों की बिक्री कर रहे थे। पुलिस जांच में सामने आया कि घर के पीछे खाली स्थान का उपयोग कर गांजे की बिक्री की जा रही थी। मामले में तीसरा आरोपी अरविन्द राजा पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने थाना नाराहट के ग्राम बरौदिया व हाल रामनगर निवासी केहर सिंह बुन्देला पुत्र राजेन्द्र सिंह, ग्राम खोंखरा निवासी छत्रपाल सिंह परमार पुत्र प्रीतम सिंह परमार को हिरासत में लिया है, जबकि ग्राम खोंखरा निवासी अरविन्द राजा पुत्र निरन राजा भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्रार्थना सभाओं से होगा छात्रों का समग्र विकासः डीएम

फतेहपुर। फतेहपुर के परिषदीय विद्यालयों में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की गहन समीक्षा के लिए शासन द्वारा गठित टास्क फोर्स के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत मिशन, स्कूल चलो अभियान, आरटीई प्रवेश तथा प्रार्थना सभाओं के माध्यम से छात्रों के समग्र विकास पर विस्तृत चर्चा की गई।

ऑपरेशन कायाकल्प पर सख्त निर्देशजिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत परिषदीय विद्यालयों में शेष पैरामीटर्स की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए तथा प्रत्येक पैरामीटर को शत-प्रतिशत संतृप्त किया जाए। विशेष रूप से जर्जर भवनों की नीलामी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जिनका तत्काल ध्वस्तीकरण सुनिश्चित करें। डीएम ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समयबद्ध कार्यान्वयन पर निगरानी रखी जाएगी।निपुण भारत मिशन शत-प्रतिशत असेसमेंट अनिवार्यनिपुण भारत मिशन के तहत कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों को निपुण बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक माह सभी बच्चों का शत-प्रतिशत असेसमेंट कराने के निर्देश दिए गएजिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। डिजिटलीकरण के माध्यम से स्मार्ट क्लास संचालित की जाएं तथा खेलकूद में रुचि रखने वाले बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुरूप प्रोत्साहित किया जाए।

स्कूल चलो अभियान और आरटीई में सतर्कता बरतेंबेसिक शिक्षा अधिकारी को स्कूल चलो अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने जोर देकर कहा कि कोई भी बच्चा ड्रॉपआउट न हो, इस पर विशेष नजर रखी जाए। इसी प्रकार आरटीई के तहत चयनित बच्चों का शत-प्रतिशत दाखिला संबंधित विद्यालयों में कराया जाए। चयनित बच्चों का क्रॉस वेरिफिकेशन अनिवार्य होगा ताकि सभी मानकों का पालन हो तथा बच्चे बीच में स्कूल न छोड़ें।प्रार्थना सभाओं में जीवनोपयोगीक्रियाकलापप्रार्थना सभाओं को और प्रभावी बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर प्रतिदिन अलग-अलग क्रियाकलाप कराने के निर्देश जारी किए गए। इनमें महापुरुषों के जीवन प्रसंग, दैनिक जीवन में उपयोगी कौशल तथा अन्य शैक्षिक गतिविधियां शामिल होंगी। इसका उद्देश्य बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना है।

जिले में 54 लाख 91 हजार पौधरोपण डीएम ने सौंपी जिम्मेदारी

बांदा। जिलाधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, पर्यावरण समिति की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में पौधारोपण का लक्ष्य 54 लाख 91 हजार कराये जाने के संबंध में विभागीय अधिकारियों को गड्ढा खुदान के लिए स्थान चिन्हित कर सूचना उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। निर्देशित किया कि वृक्षारोपण को कार्ययोजना 20 मई तक, गड्ढा खुदान एवं स्थल चयन की सूचना 25 मई तक प्रभागीय वनाधिकारी को उपलब्ध करायें। विकास खंडों में वन क्षेत्र विकसित किये जाने को भूमि चिन्हित करने के भी निर्देश दिये हैं। पौध की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश प्रभागीय वनाधिकारी को दिये। प्रगतिशील किसानों, आंगनबाडी केन्द्रों, विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में वृक्षारोपण कराये जाने को भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिये। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभिय

संक्षेप

आईबीएम और योट्टा डेटा सर्विसेज ने की साझेदारी

नई दिल्ली। आई बी एम और योट्टा डेटा सर्विसेज ने आज भारत में एंटरप्राइजेज और सरकारी संगठनों के लिए एक एजेंटिक एआई प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने हेतु रणनीतिक साझेदारी करने की योजना की घोषणा की। प्रस्तावित प्लेटफॉर्म को आई बी एम वैटसंक्स ऑर्केस्ट्रेट का उपयोग करते हुए विकसित किया जाएगा और योट्टा के शक्ति क्लाउड पर डिप्लॉय किया जाएगा, ताकि संगठन डेटा रेजिडेंसी, सिक्योरिटी और रेगुलेटरी कंप्लायंस से जुड़ी बदलती आवश्यकताओं को पूरा करते हुए एआई अपनाने की प्रक्रिया को बड़े स्तर पर आगे बढ़ा सकें। जैसे-जैसे एंटरप्राइजेज एआई के प्रयोग से आगे बढ़कर उसका वास्तविक उपयोग करने लगी हैं, वैसे-वैसे ऐसे प्लेटफॉर्म की जरूरत बढ़ रही है जो अलग-अलग विभागों में एआई आधारित काम को आसान और सुरक्षित तरीके से संभाल सके। यह प्रस्तावित प्लेटफॉर्म संगठनों को आईटी सर्विस, एचआर, फाइनेंस, खरीद प्रक्रिया और कस्टमर सपोर्ट जैसे विभागों में एआई एजेंट्स को इस्तेमाल और संभालने में मदद करेगा।

वॉलमार्ट ने किया ग्रोथ समिट 2026 का आयोजन

नई दिल्ली। वॉलमार्ट ने आज भारत मंडपम, नई दिल्ली में वॉलमार्ट ग्रोथ समिट के दूसरे संस्करण इंडिया 2026 का आयोजन किया। इस आयोजन के जरिए निर्यात के लिए तैयार उद्यमों, एमएसएमई, डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड्स, डी2सी विक्रेताओं और सप्लाई चेन भागीदारों को एक मंच पर लाया गया है, ताकि वे देश और विदेश दोनों बाजारों में विकास के नए अवसरों को तलाश सकें। 1990 के दशक से अब तक वॉलमार्ट ने पूरे भारत में मजबूत सप्लायर साझेदारियां की हैं। भारत से अब तक 40 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के उत्पादों की सोर्सिंग करने और वॉलमार्ट वृद्धि कार्यक्रम के जरिए 1.15 लाख से अधिक उद्यमियों को सशक्त बनाने के बाद, इस समिट में भारत के निर्यात इकोसिस्टम को और मजबूत करने तथा अधिक से अधिक भारतीय व्यवसायों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने की वॉलमार्ट की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को प्रमुखता से रेखांकित किया गया।

डीएस ग्रुप ने कैच स्प्रिंकलर पोर्टफोलियो में जोड़े नये फ्लेवर्स

नई दिल्ली। डीएस ग्रुप के लोकप्रिय ब्राण्ड कैच साल्ट एंड स्पाइसेज ने नए दौर की सीजनिंग एवं रीजनल फ्लेवर्स के लॉन्च के साथ अपने स्प्रिंकलर पोर्टफोलियो मे वृद्धि की घोषणा की है। लम्बे समय से साल्ट एवं पैपर के लिए कैच स्प्रिंकलर रेंज देश में घर-घर का जाना-माना नाम बना हुआ है, इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए ब्राण्ड कई नए वेरिएन्ट्स लेकर आया है जैसे पिज्जा पास्ता सीजनिंग, चिली फ्लेक्स, ओरीगेनो, मैजिक मसाला और मिक्स्ड हर्ब्स तथा अन्य रीजनल फ्लेवर्स जैसे जीरावन और पोड़ी मसाला। इस लॉन्च के साथ कंपनी ने स्प्रिंकलर फॉर्मेट को एक व्यापक सीजनिंग प्लेटफॉर्म के रूप में आगे बढ़ाया है।

प्रोजेक्ट जागृति को मिला सुपर मेगा का दर्जा

नोएडा। पक्का लिमिटेड ने आज बताया कि प्रदेश सरकार ने उनकी आगामी विस्तार योजना प्रोजेक्ट जागृति को राज्य की औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति, 2022 के तहत सुपर मेगा की मान्यता दी है। इस मान्यता के चलते पक्का को 15 साल की अवधि में रुपये 224.47 करोड़ तक की पूँजी सब्सिडी मिल सकती है। यह देश में कंपोस्टेबल पैकेजिंग के क्षेत्र में सबसे बड़े निवेशों में से एक है।

भारत में धूम्रपान छोड़ने की सफलता दर 5% से कम

नई दिल्ली। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने धूम्रपान नियंत्रण के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और ड्रग टेक्निकल एडवाईजरी बोर्ड से आग्रह किया कि धूम्रपान की रोकथाम के उपायों को मजबूत बनाने के लिए 2 मिलीग्राम और 4 मिलीग्राम निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी ओवर-द-काउंटर आसानी से उपलब्ध हो। एशियन कोलिशन फॉर हैल्थ एम्पॉवरमेंट द्वारा आयोजित ईवेंट, रेस्पायर-2026 में बोलते हुए विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि धूम्रपान की रोकथाम के लिए प्रमाण आधारित टूल्स उपलब्ध करवाकर भारत में धूम्रपान छोड़ने की दर को बढ़ाया जा सकता है, जो इस समय 5 प्रतिशत से भी कम है। राइज इन टोबैको कंजंप्शन एंड पॉलिसी इंप्लिकेशनः एन एनालिसिस ऑफ हाउसहोल्ड कंजंप्शन एक्सपेंडिचर सर्वे के नतीजों के आधार पर नीति का रास्ता तय किया गया है।

सेंसेक्स में 114 अंकों की गिरावट

मुंबई। विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी तथा वैश्विक अनिश्चितता के बीच बृहस्पतिवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार में मामूली गिरावट आई। निवेशकों के सतर्क रुख के चलते सेंसेक्स 114 अंक टूट गया, जबकि निफ्टी लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स कारोबार के दौरान ऊपर-नीचे होने के बाद अंत में 114 अंक यानी 0.15 प्रतिशत टूटकर 77,844.52 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 78,384.70 अंक के उच्चस्तर तक गया और 77,713.21 अंक के निचले स्तर तक आया। सेंसेक्स में 671.49 अंक का उतार-चढ़ाव देखने को मिला। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 4.30 अंक यानी 0.02 प्रतिशत के मामूली नुकसान के साथ 24,326.65 अंक पर बंद हुआ। भारतीय बाजार पूरे सत्र के दौरान उतार-चढ़ाव में रहा। निफ्टी 24,326 अंक पर स्थिर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी, कच्चे तेल के दाम के 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर बने रहने, रुपये की कमजोरी तथा शांति वार्ता पर ईरान के रुख को लेकर असमंजस के बीच बाजार धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स के शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, टाइटन, सन फार्मा और आईटीसी में गिरावट आई। दूसरी ओर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा स्टील के शेयर लाभ में रहे। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.40 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप में 1.09 प्रतिशत की बढ़त रही। बाजार में अमेरिका-ईरान शांति वार्ता, रुपये की स्थिरता, वैश्विक धारणा में सुधार और चुनिंदा शेयरों में लिवाली के चलते आशावाद का रुख कायम है। हालांकि, आगे चलकर भू राजनीतिक अनिश्चितता और संस्थागत निवेशकों का रुख बाजार को प्रभावित कर सकता है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.23 प्रतिशत के नुकसान के साथ 99 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। भारतीय शेयर बाजार लगभग स्थिर रहे क्योंकि निवेशक अमेरिकी शांति प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। निफ्टी लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 5,834.90 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजारों में गिरावट थी। अमेरिकी बाजार बुधवार को लाभ के साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स बुधवार को 940.73 अंक यानी 1.22 प्रतिशत बढ़कर 77,958.52 अंक पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 298.15 अंक यानी 1.24 प्रतिशत बढ़कर 24,330.95 अंक पर रहा था।

रुपया 23 पैसे मजबूत होकर 94.26 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। रुपया शुरुआती गिरावट से उबरते हुए बृहस्पतिवार को 23 पैसे की बढ़त के साथ 94.26 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। ब्रेंट क्रूड और अमेरिकी डॉलर सूचकांक के ऊपरी स्तर से नीचे आने से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच शांति की उम्मीदों से ब्रेंट क्रूड की कीमतें 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई हैं। हालांकि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और आयातकों की सुरक्षित निवेश के रूप में डॉलर की मांग जैसे कारकों ने रुपये की तीव्र वृद्धि को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अत्यधिक अस्थिर रहा। यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.77 पर खुला जो पिछले बंद भाव से 28 पैसे कम है। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 94.90 के निचले और 94.08 के उच्च स्तर तक पहुंचा। कारोबार के अंत में रुपया 94.26 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 23 पैसे की वृद्धि दर्शाता है। बुधवार को रुपया 69 पैसे मजबूत होकर 94.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। अमेरिका एवं ईरान के बीच तनाव कम होने और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से वैश्विक जोखिम संबंधी धारणा सुधरने से रुपये के मजबूत होने की उम्मीद है। अमेरिकी डॉलर में गिरावट भी रुपये को समर्थन दे सकती है। हालांकि आयातकों की ओर से डॉलर की मांग और विदेशी निवेशकों की निकासी से तेज बढ़त सीमित हो सकती है। डॉलर के मुकाबले रुपये के हाजिर भाव के 93.80 से 94.40 के बीच रहने के आसार हैं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.86 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 114 अंक टूटकर 77,844.52 अंक पर जबकि निफ्टी 4.30 अंक फिसलकर 24,326.65 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 2.23 प्रतिशत गिरावट के साथ 99.01 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक बुधवार को बिकवाल रहे थे।

कच्चे तेल के वायदा भाव में तेजी

नयी दिल्ली। बृहस्पतिवार को कच्चा तेल की कीमत 15 रुपये की तेजी के साथ 8,739 रुपये प्रति बैरल हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का जून माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 15 रुपये या 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,739 रुपये प्रति बैरल हो गया। इसमें 733 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से कच्चातेल वायदा कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.57 प्रतिशत की तेजी के साथ 95.62 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

पूर्वी भारत में बंधन लाइफ की महिला पॉलिसीधारकों की संख्या में 3 गुना की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने पूर्वी भारत में महिला पॉलिसीधारकों की संख्या में मजबूत वृद्धि दर्ज की है। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 23-24 के 12 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 25-26 में 35 प्रतिशत पहुंच गया है। यह रुझान वित्तीय जागरूकता में हो रहे बदलाव को दर्शाता है, जिसमें अधिक महिलाएं लंबी अवधि की वित्तीय योजना और सुरक्षा की ओर सक्रिय रूप से बढ़ रही हैं। बंधन लाइफ ने मदर्स डे के अवसर पर यह डेटा रिपोर्ट जारी की है। कंपनी के आंतरिक आंकड़ों के अनुसार, पूर्वी भारत अभी भी प्रमुख बाजार बना हुआ है। इसमें पश्चिम बंगाल का हिस्सा सबसे अधिक 42.84 प्रतिशत है, इसके बाद बिहार 21.46 प्रतिशत, ओडिशा 10.67 प्रतिशत, झारखंड 9.31 प्रतिशत और असम 8.54 प्रतिशत है।

देश में बढ़ सकती है बिजली मांग

नयी दिल्ली। औद्योगिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों के निरंतर बढ़ने से 2026-27 में बिजली की मांग 5.0-5.5 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। 2025-26 में यह वृद्धि केवल एक प्रतिशत रही थी। साख निर्धारण करने वाली एजेंसी इक्रा ने यह बात कही।

इक्रा ने बयान में कहा कि संभावित एल नीनो के बीच सामान्य से कम वर्षा के आसार से वित्त वर्ष 2026-27 में कृषि एवं घरेलू क्षेत्रों से भी मांग को समर्थन मिलने की संभावना है। साथ ही उद्योगों तथा इलेक्ट्रिक वाहनों एवं डाटा सेंटर जैसे उभरते स्रोतों से भी मांग बढ़ेगी। देश में तापीय बिजली संयंत्रों का प्लांट लोड फैक्टर (पीएलएफ या क्षमता उपयोग) 2025-26 में मांग में कमी के कारण घटकर 65-66 प्रतिशत रह गया। यह 2026-27 में करीब 65 प्रतिशत पर आ सकता है। नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादन में अच्छी वृद्धि और तापीय क्षेत्र में छह गीगावाट क्षमता वृद्धि की संभावना इसकी मुख्य वजह रहेगी। इक्रा के उपाध्यक्ष एवं सह-समूह प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) अंकित जैन ने कहा कि भारत में तापीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश पर फिर से जोर दिया जा रहा है जबकि नवीकरणीय क्षमता तेजी से बढ़ती जा रही है। उन्होंने साथ ही बताया कि आठ अप्रैल 2026 तक घरेलू बिजली संयंत्रों के वास्ते कोयला भंडार लगभग 19 दिन के लिए पर्याप्त था। समूचे भारत में वितरण कंपनियों के बही-खाता घाटे में 2024-25 में 2023-24 की तुलना में सुधार हुआ। मार्च 2025 तक राज्य-स्वामित्व वाली बिजली वितरण कंपनियों का सकल ज ण घटकर 7.1 लाख करोड़ रुपये रह गया जो मार्च 2024 में 7.4 लाख करोड़ रुपये था। वर्तमान राजस्व और लाभप्रदता को देखते हुए हालांकि इतना उच्च ऋण स्तर कंपनियों के लिए टिकाऊ नहीं है। अप्रैल 2026 तक 28 में से 17 राज्यों में 2026-27 के लिए शुल्क आदेश जारी किए जा चुके हैं।

नीति आयोग ने स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए राज्य एवं जिला स्तरीय कार्यबल का दिया प्रस्ताव

नयी दिल्ली। नीति आयोग ने देश में स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर कार्यबल गठित करने की वकालत की है। साथ ही रचनात्मक और छात्र केंद्रित शिक्षा के लिए कृत्रिम मेधा को एकीकृत करने का सुझाव दिया है।

भारत में स्कूली शिक्षा प्रणालीः समयगत विश्लेषण एवं गुणवत्ता सुधार के लिए नीति ढांचा शीर्षक से जारी रिपोर्ट में आयोग ने स्कूलों की गुणवत्ता सुधारने के लिए 13 सिफारिशें दी हैं। पांच शैक्षणिक सिफारिशों में शिक्षण पद्धति, मूल्यांकन एवं सीखने में बुनियादी बदलाव, समग्र शिक्षा एवं छात्र कल्याण पर जोर, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल एकीकरण की पुनर्कल्पना, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) को मजबूत करना और शैक्षणिक नवाचार में एआई का एकीकरण शामिल हैं। इसके अलावा, आठ प्रणालीगत सिफारिशों में समग्र विद्यालयों एवं साक्ष्य-आधारित युक्तिकरण के माध्यम से विद्यालय संरचना में सुधार करना, विद्यालय के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, शासन सुधार एवं प्रशासनिक क्षमता निर्माण करना, विद्यालय की गुणवत्ता पर राज्य व जिला स्तर पर कार्यबलों के जरिये समाज के समग्र दृष्टिकोण को संस्थागत रूप देना तथा स्कूल प्रबंधन समितियों को सशक्त करना शामिल है।

कैग 101 शहरों में जीवन की सुगमता के आकलन के लिए कर रहा विशेष ऑडिट

बेंगलुरु। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) के. संजय मूर्ति ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत 101 शहरों में नागरिकों के नजरिये से जीवन की सुगमता का आकलन करने के लिए एक विशेष ऑडिट कर रहा है।

मूर्ति ने ब्रिक्स सुप्रीम ऑडिट इंस्टीट्यूशंस (एसएआई) लीडर्स समिट के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह ऑडिट जीवन गुणवत्ता, सेवाओं तक पहुंच, स्थिरता और नागरिकों की धारणा जैसे पहलुओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कैग देश में विभिन्न परिवहन व्यवस्थाओं और पूरी परिवहन श्रृंखला (फर्स्ट-माइल से लास्ट-माइल तक) का भी ऑडिट कर रहा है। इसमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) और विश्व बैंक जैसे संस्थानों के साथ सहयोग किया जा रहा है। ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता भारत के पास रहने के दौरान आयोजित इस सम्मेलन का विषय शहरी गतिशीलता पर फोकस के साथ जीवन की सुगमता है। इसमें ब्रिक्स देशों के शीर्ष ऑडिट संस्थानों के प्रमुख सहित 42 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

भारत के शहर देश के कुल भूभाग का केवल तीन प्रतिशत हिस्सा घेरते हैं, लेकिन देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 60 प्रतिशत योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि 2030 तक देश में सृजित होने वाली 70 प्रतिशत नई नौकरियां शहरों में होंगी। शहरी गतिशीलता वह क्षेत्र है जहां शासन सीधे नागरिकों के दैनिक जीवन से जुड़ता है। यह वह पैमाना है, जिस पर लोग रोजाना अपनी सरकार का आकलन करते हैं। मूर्ति ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ट्रैफिक जाम 2025 तक बढ़कर 25 प्रतिशत हो जाने से शहरी यात्रियों का हर साल 100 से 180 घंटे तक का उत्पादक समय नष्ट होता है। उन्होंने कहा कि समाधान की कमी नहीं, बल्कि समन्वित शासन की कमी असल समस्या है। उन्होंने कहा, "हम मेट्रो बनाते हैं जो बस नेटवर्क से नहीं जुड़ती, फ्लाईओवर बनाते हैं जो जाम को महज एक जगह से दूसरी जगह से जाते हैं। उन्होंने कहा कि अब केवल सड़कों की लंबाई या स्टेशनों की संख्या जैसे आंकड़ों के बजाय यात्रा के समय में कटौती, वायु गुणवत्ता में सुधार और समान पहुंच जैसे वास्तविक परिणामों पर ध्यान देना जरूरी है।

व्हाट्सएप पर बिजनेस एआई लॉन्च करने की घोषणा

नई दिल्ली। व्हाट्सएप ने आज भारत में व्हाट्सएप पर बिजनेस एआई लॉन्च करने की घोषणा की। इससे व्हाट्सएप बिजनेस ऐप पर सीधे एआई-पावर्ड कस्टमर सपोर्ट मिलेगा। भारत की सभी स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध यह फीचर योग्य कारोबारियों को किसी अतिरिक्त टूल या प्लेटफॉर्म के बिना ही ग्राहकों के सवालों के जवाब 24/7 देने, लीड्स कैप्चर करने, अपॉइंटमेंट बुक करने और बिक्री बढ़ाने में सक्षम बनाता है। व्हाट्सएप पर बिजनेस एआई को कारोबार की अपनी जानकारी के आधार पर कस्टमाइज किया जा सकता है। इससे कारोबारी अक्सर पूछे जाने वाले सवालों के जवाब ऑटोमेट कर सकते हैं और उत्पादों व सेवाओं, कीमत, छूट, शिपिंग और अन्य विषयों से जुड़े सवालों में ग्राहकों की मदद कर सकते हैं।

हाइब्रिड एन्युटी मॉडल वाली सड़क परियोजनाओं के बड़े हिस्से के निर्माण में देरीः क्रिसिल

नयी दिल्ली। देश में हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएएम) यानी सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत बनाई जा रही सड़क परियोजनाओं का एक बड़ा हिस्सा निर्धारित समय से पीछे चल रहा है लेकिन उनकी ऋण जोखिम प्रोफाइल स्थिर बनी हुई है।

क्रिसिल ने बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि रियायत समझौते में मौजूद सुरक्षा प्रावधानों के चलते इन परियोजनाओं के जोखिम पर ज्यादा असर नहीं पड़ा है। यह समझौता सरकार और निजी कंपनी के बीच होता है जिसमें कंपनी को कुछ शर्तों और भुगतान व्यवस्था के साथ किसी परियोजना के निर्माण एवं संचालन की अनुमति दी जाती है। एचएएम मॉडल के तहत सरकार निर्माण कंपनी को तय अवधि तक एक निश्चित भुगतान (एन्युटी) करती है। क्रिसिल ने कहा कि इन सड़क परियोजनाओं के निर्माण में देरी मुख्य रूप से रियायत देने वाले प्राधिकरण द्वारा समय विस्तार दिए जाने के कारण हुई। इसकी वजह यह है कि परियोजनाओं में विलंब के कारण निर्माण कंपनी के नियंत्रण से बाहर थे। एजेंसी ने बताया कि इसकी वजह से लागत बढ़ने के बावजूद अनुबंध में महंगाई से जुड़ी समायोजन व्यवस्था होने से ऋण प्रोफाइल पर असर सीमित ही रहेगा। करीब 75 प्रतिशत मामलों में राइट ऑफ वे यानी भूमि उपलब्धता का न होना निर्माण में देरी का मुख्य कारण है। इसके अलावा पर्यावरण एवं वन मंजूरी, डिजाइन स्वीकृति, स्थानीय निकायों की अनुमति में देरी और भारी बारिश एवं विरोध जैसे कारण भी शामिल हैं। क्रिसिल का यह निष्कर्ष 72 निर्माणाधीन परियोजनाओं (करीब 2,600 किमी) के विश्लेषण पर आधारित है। ये परियोजनाएं 2021 से 2025 के बीच शुरू हुईं और कुल स्वीकृत लंबाई का लगभग एक-तिहाई हिस्सा हैं। क्रिसिल के निदेशक आनंद कुलकर्णी ने कहा कि निर्माण में देरी से लागत बढ़ने का जोखिम पैदा हुआ है और परियोजनाओं की लागत में औसतन 5 से 10 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। लगभग 60 प्रतिशत परियोजनाएं औसतन 11 महीने से अधिक की देरी का सामना कर रही हैं।

पेज एक का शेष

चंद्रानाथ हत्या

गई है। यह घटना विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के 48 घंटे के भीतर हुई। अधिकारी के करीबी सहयोगी रथ की बुधवार रात मध्यमग्राम में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस घटना को सुपारी लेकर हत्या करने वालों ने अंजाम दिया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि एक फोरेंसिक टीम बृहस्पतिवार सुबह घटनास्थल पर पहुंची और नमूने एकत्र किए। अधिकारी ने बताया कि अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। अधिकारी ने कहा, परिस्थितिजन्य साक्ष्यों को देखते हुए ऐसा लगता है कि हत्या पूर्व नियोजित थी। जांचकर्ता घटनास्थल और आसपास के इलाकों की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं और हमलावरों का पता लगाने के लिए पुलिस के कई दल गठित किए गए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने रथ की कार को रात करीब साढ़े 10 बजे डोलतला और मध्यमग्राम चौमाथा के बीच दोहरिया के पास रोका और वे गोलीबारी करने के बाद फरार हो गए। पुलिस अधिकारियों ने कहा, विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। हम कई सुरागों पर काम कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी

कहा हमारी सेनाओं और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनकी सफलता के सम्मान में, आइए हम सभी अपने सोशल मीडिया मंचों एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप पर अपनी डिस्प्ले पिक्चर को बदलकर नीचे साझा की गई तस्वीर लगाएं। इसी के साथ ही उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपलोड की गई तस्वीर साझा की।

ऑपरेशन सिंदूर को तीनों रक्षा बलों द्वारा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ पश्चिमी सीमा पर सात से 10 मई, 2025 तक पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए अंजाम दिया गया था। यह अभियान 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में चलाया गया था, जिसमें 25 पर्यटक और एक गाइड की मौत हो गयी थी। मारे गए सभी पर्यटक हिंदू पुरुष थे।

राजनाथ व शाह

सिंदूर शुरू किया गया था, जिसमें भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। सैन्य अभियान शुरू करने के बाद, भारतीय सेना ने सात मई को एक्स पर एक पोस्ट में कहा था न्याय मिल गया है। जय हिंद। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एक साल पहले ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने शौर्य का प्रदर्शन किया था और हमारे लोगों पर हमला करने वालों को करारा जवाब दिया था। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व करता है।

सीएम योगी

प्रतीक है। इसने विश्व को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपनी सुरक्षा, संप्रभुता और सम्मान से कोई समझौता नहीं करता। उन्होंने कहा, हमारे वीर जवानों का शौर्य, त्याग और तप ही भारत की अजेय शक्ति है। राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा। यह विजयगाथा केवल इतिहास नहीं, भविष्य की प्रेरणा है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को हुए एक आतंकवादी हमले में 26 पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी। उसके बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने छहासात मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर शुरू करते हुए नौ आतंकवादी ठिकानों पर समन्वित और सटीक मिसाइल हमले किए। इनमें चार पाकिस्तान में (बहावलपुर तथा मुरीदके सहित) और पांच पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर के मुजफ्फराबाद और कोटली में स्थित थे। ये स्थान जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के प्रमुख कमांड सेंटर थे, जो पुलवामा (2019) तथा मुंबई (2008) जैसे बड़े हमलों के लिए जिम्मेदार थे।

योगी ने जनगणना

और त्वरित बनाया गया है। इसके लिए एक विशेष जनगणना पोर्टल विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से ग्राम एवं वार्ड स्तर तक कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की वर्तमान अनुमानित जनसंख्या लगभग 25 करोड़ 70 लाख है। जनगणना कार्य प्रदेश के 18 मंडलों, 75 जनपदों, 350 तहसीलों, 17 नगर निगमों, 745 अन्य नगरीय निकायों, 21 छावनी परिषदों, 57,694 ग्राम पंचायतों तथा लगभग 1 लाख 4 हजार राजस्व ग्रामों में संपादित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यापक कार्य के सफल संचालन हेतु लगभग 5.47 लाख कार्मिकों की तैनाती की जा रही है, जिनमें 4.50 लाख प्रगणक, 85 हजार सुपरवाइजर तथा 12 हजार राज्य एवं जनपद स्तरीय अधिकारी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 5.35 लाख कार्मिकों को दोनों चरणों के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से जनगणना को राष्ट्रीय दायित्व मानते हुए सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति केवल एक ही स्थान पर अपनी गणना कराए तथा सही और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराए, ताकि विकास योजनाओं की सटीक एवं प्रभावी रूपरेखा तैयार की जा सके।

यूपी में अब

प्रदेश की तस्वीर व तकदीर, दोनों बदली हैं। पहले सहारनपुर से दिल्ली पहुंचने में 6 घंटे और लखनऊ पहुंचने में 12-14 घंटे लगते थे, लेकिन अब एक्सप्रेसवे और आधुनिक कनेक्टिविटी के कारण दिल्ली मात्र ढाई घंटे और लखनऊ करीब 6 घंटे की दूरी पर रह गया है। जो तत्व विकास में बाधक बनते हैं, वे जाति व तुष्टीकरण की राजनीति से समाज को बांटने का प्रयास करते हैं, लेकिन अब जनता विकास, सुरक्षा और राष्ट्रवाद के साथ खड़ी है। अच्छी सरकारें चुनी जाती हैं तो परिणाम भी अच्छे आते हैं और सहारनपुर इसका जीवंत उदाहरण बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहारनपुर वही जनपद है, जहां वर्ष 2013 से 2016 तक दंगे, कर्फ्यू, पलायन और अराजकता का माहौल बना रहता था। शिक्षा, खेल और उद्योग का कोई बड़ा केंद्र नहीं था। किसान परेशान था, नौजवान पलायन कर रहा था और व्यापारी भय में जी रहे थे। फतवों और कुसंस्कृति के कारण देवबंद बदनाम हो चुका था। 2016 के सिख विरोधी दंगे और मुजफ्फरनगर-शामली की हिंसा का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उस समय पूरा पश्चिमी उत्तर प्रदेश जल रहा था, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं था। 2017 में डबल इंजन सरकार बनने के बाद सहारनपुर ने नई पहचान हासिल की। यहां की विश्वस्तरीय काष्ठ कला को नया मंच मिला और आज सहारनपुर अपने दम पर विशिष्ट पहचान बना चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सहारनपुर तेजी से विकास और कनेक्टिविटी का बड़ा केंद्र बन रहा है। 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली-बागपत-शामली-सहारनपुर-देहरादून सिक्स-लेन एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया, जिससे कनेक्टिविटी को नया आयाम मिला। सहारनपुर में दिल्ली व देहरादून के बीच पहला बड़ा इंडस्ट्रियल व लॉजिस्टिक हब विकसित किया जा रहा है, जिससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मेरठ में देश की पहली रैपिड रेल और मेरठ से प्रयागराज तक बने लगभग 600 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल दी है। अब सहारनपुर से प्रयागराज साढ़े सात घंटे में पहुंचा जा सकेगा। सहारनपुर में मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय की स्थापना होने जा रही है, एयरपोर्ट का कार्य अंतिम चरण में है और बेहट में स्पोर्ट्स कॉलेज बन रहा है।

सीएम योगी

शुभारंभ यमकेश्वर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। दोनों मुख्यमंत्रियों ने प्रदेश और देश की समृद्धि तथा जनकल्याण की कामना की। इस दौरान स्थानीय लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका पारंपरिक स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने पैतृक गांव पंचूर पहुंचे, जहां आयोजित श्री विष्णु महायज्ञ में उन्होंने सहभागिता की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति समाज को जोड़ने और सकारात्मक ऊर्जा देने का आधार है।

लखनऊ ने बेंगलुरु को दिया 213 रन का लक्ष्य

आईपीएल : मिचेल मार्श ने शतक लगाया, 3 बॉलर्स को एक-एक विकेट

एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 209 रन बनाए हैं। अब डीएलएस नियम के तहत आरसीबी को जीत के लिए 213 रनों का लक्ष्य मिला है। इकाना स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लखनऊ की ओर से ओपनिंग करने आए मिचेल मार्श ने 111 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 9 चौके और 9 छक्के लगाए। निकोलस पूरन ने 38 और कप्तान ऋषभ पंत ने नाबाद 32 रन बनाए। बेंगलुरु की ओर से जोश हेजलवुड, क्रुणाल पंड्या और रसिख सलाम को एक-एक विकेट मिले। बारिश के कारण दो बार खेल रोका जा चुका है। पहली बार 9 गेंद के बाद खेला रोका गया था। फिर दूसरी बार 9 ओवर के बाद दूसरी बार खेल को रोकना पड़ा था। तीसरी बार 14वें ओवर के बाद बारिश आई और खेल रोका गया।

ऐसे में ओवर्स में कटौती की गई है और मैच को 19-19 ओवर कर कर दिया गया। 17वें ओवर की 5वीं बॉल पर ऋषभ पंत को जीवनदान मिला। जोश हेजलवुड की लो फुल टॉस गेंद पर ऋषभ पंत ने बड़ा शॉट खेला और गेंद डीप मिडविकेट की ओर चली गई। बाउंड्री से दौड़ते हुए बेथेल ने शानदार कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद हाथ में रुक नहीं सकी। इस प्रयास में उनकी उंगली चोटिल हो गई और खून निकलने लगा। चोट के बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा और उनकी बल्लेबाजी पर असर पड़ सकता है। 17वें ओवर की तीसरी बॉल पर ऋषभ पंत के हाथ से बल्ला छूट गया। हालांकि, इसमें उन्हें चौका मिल गया। हेजलवुड यॉर्कर चूक गए और ऋषभ पंत को चौका मिल गया। ऑफ स्टंप के बाहर आई गेंद पर ऋषभ पंत ने जोरदार शॉट खेला। गेंद पॉइंट बाउंड्री तक पहुंच गई, लेकिन शॉट के दौरान उनका बल्ला हाथ से छूटकर लेग साइड की ओर जा गिरा। 17वें ओवर की पहली लखनऊ ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर मिचेल मार्श 111 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोश हेजलवुड ने जैकब बेथेल के हाथों कैच कराया। मार्श ने लो फुल टॉस गेंद पर जोरदार शॉट खेला, लेकिन गेंद सीधे डीप पॉइंट की ओर चली गई। वहां बेथेल ने सिर के ऊपर शानदार कैच पकड़ लिया। 16वें ओवर में मिचेल मार्श को जीवनदान मिला।

भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर देवदत्त पडिक्कल से लॉन्ग ऑन पर कैच ड्रॉप हो गया। फुल टॉस गेंद पर मिचेल मार्श शॉट टाइम नहीं कर पाए और गेंद हवा में चली गई। लॉन्ग-ऑन बाउंड्री से दौड़ते हुए पडिक्कल कैच तक पहुंचे, लेकिन आगे गिरते समय गेंद हाथ से निकल गई। 15वें ओवर में लखनऊ ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। निकोलस पूरन ने रसिख सलाम की बॉल पर चौका लगाया और स्कोर 150 पहुंचाया। लखनऊ में फिर बारिश शुरू हो गई है और खेल को रोका गया है। दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान से बाहर जा रहे हैं, जबकि ग्राउंड स्टाफ कवर्स के साथ अंदर आ रहे हैं।

मिचेल मार्श ने 14वें ओवर की चौथी बॉल पर शतक लगाया। उन्होंने 49 बॉल पर सेंचुरी पुरी की। यह लखनऊ की ओर से सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड है। मार्श ने कढछ में कढछ में दूसरा शतक जमाया है। उन्होंने दो चौके और एक छक्के के सहारे रोमारियो शेफर्ड के ओवर में 20 रन दिए। 11वें ओवर में लखनऊ ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया। निकोलस पूरन ने रसिख सलाम की दूसरी बॉल पर चौका लगाकर टीम का स्कोर 100 पार पहुंचाया। रसिख के इस ओवर से 11 रन आए। लखनऊ में बारिश रुक गई है और मैच फिर से शुरू हो गया। मैच शुरू होने की दूसरी बॉल पर लखनऊ ने पहला विकेट गंवाया। यहां अर्शिन कुलकर्णी 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रजत पाटीदार ने कैच किया। कुलकर्णी के आउट होने के बाद निकोलस पूरन आए हैं। वे 100वां मैच खेल रहे हैं। लखनऊ में एक बार फिर बारिश आ गई है और खेल को दोबारा रोका गया है। खेल रुकने तक लखनऊ ने 9 ओवर में बिना नुकसान के 95 रन बना लिए हैं। मार्श और कुलकर्णी नाबाद लौटे हैं। 8वें ओवर में क्रुणाल पंड्या ने महज 6 रन दिए। उनकी शुरूआती 4 बॉल पर दो रन ही आए थे। 5वीं बॉल पर मिचेल मार्श ने चौका लगा दिया।

अर्शिन कुलकर्णी 19 बॉल पर 14 रन पर खेल रहे हैं। टॉस हारकर बैटिंग कर रही लखनऊ ने मजबूत शुरूआत की है। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में कोई विकेट नहीं गंवाया और 68 रन भी बना लिए। पारी के दूसरे ओवर में भुवनेश्वर कुमार से उन्हीं की बॉल पर कुलकर्णी का कैच ड्रॉप हुआ। जोश हेजलवुड के इस ओवर से 12 रन आए। उनकी बॉल पर मार्श ने तीन चौके लगाए थे। 5वें ओवर में लखनऊ की टीम ने 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। मिचेल मार्श ने रसिख सलाम के ओवर में लगातार दो छक्के लगाकर टीम का टीम की फिफ्टी पूरी की। वे चौथी बॉल पर चौका लगाकर खुद फिफ्टी के करीब पहुंच गए हैं। कप्तान रजत पाटीदार ने क्रुणाल पंड्या को गेंद थमाई, लेकिन उनकी यह रणनीति काम न आई। मार्श और कुलकर्णी की जोड़ी ने इस ओवर से 12 रन लिए। मार्श ने क्रुणाल की तीसरी बॉल पर कवर्स पर बाउंड्री लगाई। उसके बाद कवर्स के के ऊपर 86 मीटर का छक्का लगाया। दूसरे ओवर में मिचेल मार्श ने जोश हेजलवुड की बॉल पर दो छक्के लगाए। उनका दूसरा छक्का बाउंड्री पर मौजूद कैमरामैन के सिर पर गिरा। इससे वे चोटिल हो गए।

दिल्ली के बल्लेबाजों के सामने वरुण और नारायण की चुनौती

नयी दिल्ली। पेचीदा पिचों पर चकमा खाने वाली या अच्छी पिचों पर बड़ा स्कोर नहीं बचा पाने वाली दिल्ली कैपिटल्स को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शुक्रवार को आईपीएल के करो या मरो के मुकाबले में घरेलू मैदान पर भी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

दस मैचों में आठ अंक लेकर सातवें स्थान पर काबिज दिल्ली को अब प्लेआफ में जगह बनाने के लिये 16 अंक तक पहुंचने के लिये बाकी चारों मैच जीतने होंगे। वहीं आठवें स्थान पर खड़ी केकेआर को भी बाकी पांचों मैच जीतने होंगे। ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि दिल्ली कैपिटल्स का यह मैच किस तरह की पिच पर खेला जायेगा। समझा जाता है कि वरूण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी का सामना करने के लिये दिल्ली बल्लेबाजों की मददगार पिच नंबर छह पर खेल सकती है जिस पर उसने पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रन बनाये थे लेकिन जीत फिर भी नहीं मिली थी। इस पिच को चुनने की वजह बल्लेबाजों पर भरोसे की कमी है जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ सीम लेती पिच पर छह विकेट नौ रन पर गंवा बैठे थे।

धीमी विकेट पर दिल्ली के बल्लेबाज गुजरात टाइटंस के राशिद खान या चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद और अकील हुसैन को नहीं खेल पाये थे। सुनील (इकॉनॉमी रेट 6 . 80) और वरूण (इकॉनॉमीरेट8 . 88) के सामने पाथुम निसांका, समीर रिजवी या करूण नायर को मुश्किलें पेश आ सकती है। दिल्ली के लिये कुलदीप यादव का खराब फॉर्म भी चिंता का सबब है जो दस मैचों में दस से ऊपर की इकॉनॉमी रेट से सात ही विकेट ले सके हैं। ऐसे में बल्लेबाजों की मददगार विकेट पर खेलने के अलावा कोई चारा नहीं रह जाता। इससे खराब फॉर्म से जूझ रहे मेजबान बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर बनाने का मौका मिलेगा। बाद में मिचेल स्टार्क और लुंगी एंगिडि से गेंदबाजी में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। दूसरी ओर केकेआर का शीर्षक्रम भी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका है। कप्तान अजिंक्य रहाणे (131 . 42 की स्ट्राइक रेट से 205 रन) और अंगकृष रघुवंशी (137 . 43 की स्ट्राइक रेट से 268 रन) अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके।

रिंकू सिंह (145 . 39 की स्ट्राइक रेट से 245 रन) पर ही बल्लेबाजी का दारोमदार रहा है। दिल्ली के लिये केएल राहुल ने आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 180 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 445 रन बनाये हैं लेकिन दूसरी ओर अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी जैसे बल्लेबाज 200 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। निसांका पर टीम प्रबंधन का लगातार भरोसा समझ से परे है जो नौ मैचों में 228 रन ही बना सके हैं। करूण नायर और नीतिश राणा फॉर्म में नहीं हैं। गेंदबाजी में मुकेश कुमार, टी नटराजन और अकीब नबी दर महंगे साबित हुए हैं। दिल्ली का कोई भी गेंदबाज दोहरे अंक में विकेट नहीं ले सका और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी कप्तान अक्षर पटेल ने की है।

संक्षेप

पेरिस सेंट जर्मेन चैम्पियंस लीग फाइनल में

म्युनिख। पेरिस सेंट जर्मेन ने बायर्न म्युनिख से 1-1 से ड्रॉ खेलकर चैम्पियंस लीग फुटबॉल के फाइनल में प्रवेश कर लिया। सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले में उस्मान डेम्बेले ने तीसरे ही मिनट में गोल दाग दिया। हैरी केन ने स्टॉपेज टाइम में म्युनिख के लिये गोल किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इसके साथ ही उनकी टीम का एक ही सत्र में बुंडेस्लिगा, जर्मन कप और चैम्पियंस लीग जीतने का सपना टूट गया। गत चैम्पियन पीएसजी ने औसत के आधार पर 6-5 से जीत दर्ज की। उसने पेरिस में पिछले सप्ताह पहले चरण का मुकाबला 5-4 से जीता था। अब उसका सामना 30 मई को हंगरी के बुडापेस्ट में आर्सनल से होगा जिसने एटलेटिको मैड्रिड को 1 - 0 से हराया और 2-1 से जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। लगातार दो साल खिताब जीतने वाली रीयाल मैड्रिड आखिरी टीम थी जिसने 2016 से 2018 तक खिताब की हैट्रिक लगाई थी।

आईटीएफ तुमकुरु ओपन के क्वार्टर फाइनल मे

तुमकुरु (कर्नाटक)। सभी शीर्ष वरीय खिलाड़ियों के बृहस्पतिवार को यहां अपने एकल मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने से तुमकुरु ओपन आईटीएफ डब्ल्यू35 में रोमांचक मुकाबलों के लिए मंच तैयार हो गया। लिथुआनिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुलस्काइट ने पोलैंड की जुजाना कोलोनस के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 0-6, 6-3, 6-1 से जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त जुजाना पावलिकोवस्का ने भी भारत की सोनल पाटिल पर सीधे सेट में जीत दर्ज की जबकि तीसरी वरीयता प्राप्त वैदेही चौधरी और चौथी वरीयता प्राप्त जील देसाई ने अपने मुकाबले जीतकर अंतिम आठ में भारत की मजबूत मौजूदगी सुनिश्चित की। वैदेही हमवतन मधुरिमा सावंत पर 6-2, 6-2 की जीत के दौरान पूरी तरह से नियंत्रण में दिखीं जबकि जील ने जेनिफर लुइखाम को 6-2, 6-3 से हराया। युगल में श्राव्या शिवानी चिलकलापुडी और जील ने लक्ष्मीसिरी दंडू और चेविका रेड्डी सामा की हमवतन भारतीय जोड़ी पर सीधे सेट में जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

भारत की निगाहें अंडर-17 महिला एशियाई कप में इतिहास रचने पर

एजेंसी

सुजोऊ (चीन)। एशिया की दो बड़ी टीम से हारने के बाद भारतीय टीम अब शुक्रवार को यहां एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में लेबनान के खिलाफ करो या मरो वाले मुकाबले में खेलने उतरेगी और उसे पता है कि इस मैच में जीत उसे पहली बार टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह दिला सकती है। ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया (0-2) और जापान (0-3) से हारने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि भारत को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए अपने आखिरी मौके के रूप में अंतिम मैच में जीत दर्ज करनी होगी। भारत नॉकआउट चरण की दौड़ में बरकरार है क्योंकि वह सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाली दो टीम में से एक है। भारत का गोल अंतर अभी -5 (माइनस 5) है जो ग्रुप सी की टीम फिलीपींस (-13) और चीनी ताइपे (-14) से बेहतर है।

ये दोनों टीमें आखिरी मैच के दिन एक-दूसरे से भिड़ेंगी। इसका मतलब है कि अगर भारतीय टीम लेबनान को हरा देती है तो ग्रुप सी की किसी भी टीम को भारत के गोल अंतर को पीछे छोड़ने के लिए बड़े अंतर से जीत हासिल करनी होगी। इसके अलावा अगर बृहस्पतिवार शाम को वियतनाम और म्यांमा के बीच ग्रुप ए का मैच ड्रॉ पर खत्म होता है, या म्यांमा तीन से कम गोल के अंतर से जीतता है तो भारत अपनी जीत के साथ ही अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर लेगा, फिर चाहे ग्रुप सी का नतीजा कुछ भी हो। भारत 21 साल बाद अपना पहला एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप खेल रहा है और उसके लिए ग्रुप चरण से आगे बढ़ना एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। भारत की मुख्य कोच पामेला कोंटी को उम्मीद है कि लेबनान के खिलाफ मुकाबला पिछले दो मैचों की तुलना में बिल्कुल अलग तरह की चुनौती पेश करेगा।

विश्व कप : भारत ने दक्षिण कोरिया को हराया

एजेंसी

शंघाई। भारत का तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में बृहस्पतिवार को प्रदर्शन मिला जुला रहा जब महिला रिकर्व टीम ने रिकॉर्ड दस बार की ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को सेमीफाइनल में हराकर पहला पदक पक्का किया लेकिन पुरूष टीम पहले दौर में बांग्लादेश से हार गई। मिश्रित टीम वर्ग में भारत की चुनौती समाप्त हो गई जब धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत दूसरे दौर में ब्राजील से शूटआफ में 4-5 से हार गए। महिला टीम की सदस्यों दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद ने सेमीफाइनल में कोरिया को 5-1 से मात दी। अब उसका सामना स्वर्ण पदक के मुकाबले में रविवार को चीन से होगा। पुरूष रिकर्व टीम में तरूणदीप रॉय, धीरज बोम्मादेवरा और यशदीप भोगे थे जिन्हें बांग्लादेश ने 6-2 से मात दी। भारतीय महिला टीम ने लगातार तीन मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने छह तीरों में से चार पर 10 स्कोर किया और सिर्फ दो अंक गंवाकर पहला सेट 58 . 55 से जीता।

दूसरे सेट में मुकाबला 56 . 56 से बराबर रहा लेकिन भारत ने 3 -1 की बढत बना ली। मैच जीतने के लिये अब सिर्फ दो अंक की जरूरत थी और अगला सेट भारत ने 58 . 56 से अपने नाम किया। लेकिन कोरिया ने यहां अनुभवहीन टीम भेजी है क्योंकि उसका फोकस चार महीने बाद जापान में होने वाले एशियाई खेलों पर है। कोरियाई टीम में दो नये चेहरे ली युंजी और ओ येजिन थे जबकि मौजूदा विश्व चैम्पियन कांग चाएयंग एकमात्र अनुभवी तीरंदाज थी। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने उजबेकिस्तान को पहले दौर में 6-2 (53-56, 57-54, 55-54, 55-51) से हराया।

सुपर रैपिड और ब्लिट्ज : गुकेश ने सिंदारोव को हराया, सो से ड्रॉ खेला

एजेंसी

वारसा। डी गुकेश ने विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले की तैयारियां पुख्ता करते हुए सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में अपने चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव को पांचवें दौर में हराया और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेसले सो को ड्रॉ पर रोका। उजबेकिस्तान के सिंदारोव को हराने के बाद गुकेश ने वेसले सो को ड्रॉ पर रोका।

अब उनके छह अंक हो गए हैं जबकि रैपिड वर्ग में तीन राउंड बाकी हैं। सिंदारोव के खिलाफ जीत से उन्हें दो अंक मिले जबकि ड्रॉ से एक अंक हासिल हुआ। सो नौ अंक लेकर अमेरिका के ही हैंस नीमैन के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद ब्लादीमिर फेडोसीव हैं जो एक अंक पीछे हैं। गुकेश, फेबियानो कारूआना, जान क्रिस्टोफ डुडा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के छह अंक हैं। ग्रैंड शतरंज टूर के इस टूर्नामेंट में गुकेश ने अपने फॉर्म के कारण और विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले के अभ्यास पर फोकस करने के लिये मुख्य टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था।

शीर्ष वरीय खिलाड़ी आईटीएफ तुमकुरु ओपन के क्वार्टर फाइनल मे

तुमकुरु (कर्नाटक)। सभी शीर्ष वरीय खिलाड़ियों के बृहस्पतिवार को यहां अपने एकल मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने से तुमकुरु ओपन आईटीएफ डब्ल्यू35 में रोमांचक मुकाबलों के लिए मंच तैयार हो गया। लिथुआनिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुलस्काइट ने पोलैंड की जुजाना कोलोनस के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 0-6, 6-3, 6-1 से जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त जुजाना पावलिकोवस्का ने भी भारत की सोनल पाटिल पर सीधे सेट में जीत दर्ज की जबकि तीसरी वरीयता प्राप्त वैदेही चौधरी और चौथी वरीयता प्राप्त जील देसाई ने अपने मुकाबले जीतकर अंतिम आठ में भारत की मजबूत मौजूदगी सुनिश्चित की। वैदेही हमवतन मधुरिमा सावंत पर 6-2, 6-2 की जीत के दौरान पूरी तरह से नियंत्रण में दिखीं जबकि जील ने जेनिफर लुइखाम को 6-2, 6-3 से हराया।

बुमराह ज्यादा चीजें आजमा रहे, भुवी को स्पष्ट रणनीति का मिल रहा फायदा : उमेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के सीनियर तेज गेंदबाज उमेश यादव का कहना है कि जसप्रीत बुमराह बहुत ज्यादा चीजें आजमा रहे हैं और इसी वजह से इस इंडियन प्रीमियर लीग में उनका प्रदर्शन लगातार एक जैसा नहीं रहा है जबकि भुवनेश्वर कुमार अपनी स्पष्ट योजना के अलावा पावरप्ले और डेथ ओवर दोनों में अच्छा प्रदर्शन करने की काबिलियत की वजह से कामयाब रहे हैं। भुवनेश्वर आइपीएल के इस सत्र में अभी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए नौ मैच में 17 विकेट लिए हैं। वहीं मुंबई इंडियंस के बुमराह को इस सत्र में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है और उन्होंने 10 मैच में महज तीन विकेट लिए हैं। जियोस्टार के विशेषज्ञ उमेश ने कहा, भुवी और उनकी टीम की योजना स्पष्ट है। वह पावरप्ले और डेथ ओवर, दोनों में गेंदबाजी करते हैं और उनका रणनीति तय है। वह दोनों तरफ़ गेंद को स्विंग करा सकते हैं। उन्होंने कहा, भुवी अपनी लाइन एवं लेंथ और वैरिएशन में लगातार एक जैसे रहते हैं जबकि बुमराह बहुत ज्यादा चीजें आजमा रहे हैं जिससे उनके लिए मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। उमेश ने कहा, इस सत्र में मुंबई के लिए बुमराह का प्रदर्शन लगातार एक जैसा नहीं रहा है। कभी-कभी उन्हें पावरप्ले में गेंदबाजी करने के लिए कहा जाता है, तो कभी-कभी वह ऐसे हालात में गेंदबाज करने आते हैं, जब उन पर कोई दबाव नहीं होता। इसका असर उनके प्रदर्शन पर पड़ रहा है। टीम को बुमराह के लिए आक्रामक गेंदबाजी के मौके बनाने चाहिए और उन्हें विकेट लेने के मौके देने चाहिए।



उमेश ने यह भी कहा कि ज षभ पंत की फॉर्म की वजह से लखनऊसुपर जायंट्स को काफ़ी नुकसान उठाना पड़ा है और टीम सही संयोजन मैदान पर उतारने में भी नाकाम रही है। उन्होंने कहा, यह पंत का फैसला है। उन पर जिम्मेदारी है और उन्हें ही फैसले लेने होंगे। पिछले दो साल में उनका और टीम का प्रदर्शन गिरा है। इस साल बल्लेबाजी में काफी उतार चढ़ाव रहा है। उमेश ने कहा, टीम का संयोजन सही नहीं बैठ रहा है। पंत की फॉर्म भी अच्छी नहीं है। निकोलस पूरन ने पिछले मैच में ही रन बनाए थे। उनके लिए कुछ भी ठीक से काम नहीं कर रहा है। इस साल बल्लेबाजी एक बड़ी समस्या है। टी20 में हर किसी को मिलकर योगदान देना होता है। उन्होंने कहा उनका बल्लेबाजी क्रम एक जैसा नहीं है।

हॉकी : पुरुष और महिला टीमों का ऐलान

एजेंसी

भोपाल। हॉकी इंडिया ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 15 से 20 मई तक होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिये 24 सदस्यीय अंडर 18 पुरूष और महिला टीमों का ऐलान किया। चार मैचों की श्रृंखला भोपाल के भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर खेली जायेगी। यह जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से छह जून तक होने वाले पुरूष और महिला अंडर 18 एशिया कप की तैयारियों के लिये अहम है। टीम का चयन राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के दौरान किया गया जिसमें 42 खिलाड़ियों के समूह में से मैच फिटनेस और तकनीकी कौशल के आधार पर 24 को चुना गया। फॉरवर्ड केतन कुशवाहा अंडर 18 पुरूष टीम के कप्तान होंगे जबकि महिला टीम की कमान स्वीटी कुजूर को सौंपी गई है। पुरूष टीम के कोच सरदार सिंह ने कहा, शिविर के बाद हमने 24 खिलाड़ियों को चुना जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के योग्य हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच इस टीम की

आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के लिये अंडर-18 टीमें

असल परीक्षा होगी। जापान में होने वाले अंडर 18 एशिया कप से पहले यह देखना होगा कि टीम आस्ट्रेलियाई शैली की हॉकी का दबाव कैसे झेल पाती है। महिला टीम की कोच रानी रामपाल ने कहा, हमने उन 24 खिलाड़ियों को चुना जिन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। आस्ट्रेलिया जैसी शीर्ष टीम के खिलाफ चार मैच खेलने से हमें अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा। एशिया कप से पहले यह श्रृंखला टीम के लिये ड्रेस रिहर्सल की तरह होगी।

गोलकीपर : सावन कुमार, आयुष रजक, विशाल बड़ा

डिफेंडर : अंश बहुत्रा, आशीष तानी पूर्ति, अरमान सोरेंग, दीपकप्रकाश टोप्पो, करण गौतम, करण धानुक

मिडफील्डर : प्रेमचंद सोय, राहुल यादव, वरिंदर सिंह, रोमित पाल, अर्जनदीप सिंह, गुरसिमरनप्रीत सिंह, अर्शदीप सिंह, अवि मानिकपुरी।

आईपीएल में गेंदबाजों को बारीकी से करनी चाहिए तैयारी : फ्रेंकलिन

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद के सहायक कोच जेम्स फ्रेंकलिन ने कहा कि आईपीएल में गेंदबाजों को बल्लेबाजों के आक्रामकता से रन बनाने के तरीकों की गहरी समझ होनी चाहिये। उन्होंने अपने इस तर्क को पैट कमिंस के उस दांव से जोड़ा जिसमें उन्होंने पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की पूल शॉट खेलने की आदत का फायदा उठाया था। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान कमिंस ने आर्य को आफ स्टम्प के बाहर बाउंसर फेंका और अपर कट की बजाय आर्य ने पूल शॉट खेला जिससे गेंद डीप स्क्वेयर लेग पर खड़े एशान मलिंगा के हाथों में गई। फ्रेंकलिन ने मैच के बाद कहा पैट कमिंस और मुख्य कोच डेनियल विटोरी को काफी बारीकी से जानकारी है और मुझे लगता है कि आईपीएल में बल्लेबाजी इतनी मजबूत है कि हर गेंदबाज को बारीकी से जानकारी होनी चाहिये।

श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को सरकार प्रतिबद्ध

श्रमिकों के लिए देशव्यापी मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम शुरू

नयी दिल्ली। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया न 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम की बृहस्पतिवार को शुरुआत की।

दिल्ली स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मांडविया ने कहा कि चार श्रम संहिताओं का कियान्वयन देशभर के श्रमिकों के लिए सम्मान, कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को दर्शाता है। श्रम एवं रोजगार मंत्री ने इस अवसर को श्रम शक्ति के सम्मान का दिन बताते हुए कहा कि सरकार सभी श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा दायरे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्ष में सरकार ने रोजगार सृजन एवं कल्याणकारी उपायों के जरिये श्रम शक्ति और युवा शक्ति को सशक्त बनाने का काम किया है। देश में सामाजिक सुरक्षा का दायरा पिछले एक दशक में लगभग 30 करोड़ लोगों से बढ़कर आज करीब 94 करोड़ लाभार्थियों तक पहुंच गया है। यह 19 प्रतिशत से बढ़कर 64 प्रतिशत हो गया है। मंत्री ने कहा कि ईएसआईसी दायरा भी एक दशक पहले लगभग सात करोड़ लाभार्थियों से बढ़कर अब करीब 15 करोड़ लाभार्थियों तक पहुंच गया है। मांडविया ने इस कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी श्रमिकों के लिए अब देशभर में हर वर्ष मुफ्त स्वास्थ्य जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जांच के जरिये बीमारियों का शुरुआती चरण में पता लगाया जा सकता है और सामने आई बीमारियों के उपचार व दवाएं ईएसआईसी सुविधाओं के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। इन चार श्रम संहिताओं के तहत प्रमुख श्रम सुधारों का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि पुरुष तथा महिला श्रमिकों के लिए समान वेतन का प्रावधान सुनिश्चित किया गया और मातृत्व अवकाश को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह किया गया है। महिलाओं के लिए घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) की सुविधा भी शामिल की गई है। उन्होंने कहा कि जहां दुनिया के कई देश अब भी ऑनलाइन मंच के लिए काम करने वाले श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा ढांचे में लाने के उपाय तलाश रहे हैं, वहीं मोदी सरकार ने नई श्रम संहिताओं के माध्यम से उन्हें शामिल करने का काम किया है।

मांडविया ने कहा कि खतरनाक व्यवसायों में कार्यरत श्रमिकों और 10 से कम कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों को भी अब ईएसआईसी के दायरे में लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह देशव्यापी स्वास्थ्य जांच पहल श्रमिकों के लिए सम्मान, सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्य के श्रम मंत्री, सांसद, विधायक, वरिष्ठ अधिकारी, नियोक्ता प्रतिनिधि, श्रमिक और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में इस कार्यक्रम की शुरुआत देशभर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 11 अन्य अस्पतालों में एक साथ किया गया।

चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को भ्रष्टाचार के मामले में मृत्युदंड

बीजिंग। चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों वी फेंघे और ली शांगफू को बृहस्पतिवार को भ्रष्टाचार के आरोपों में दो साल की राहत के साथ मौत की सजा सुनाई गई। आधिकारिक मीडिया ने यह जानकारी दी।

सरकारी शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार चीन की सैन्य अदालत ने उन्हें अलग-अलग सजा दी। एजेंसी ने अदालत के फैसलों का जिक्र करते हुए कहा कि फेंघे को रिश्वत लेने के मामले में दोषी ठहराया गया, वहीं शांगफू को रिश्वत लेने और देने दोनों के मामले में गुनहगार करार दिया गया। फेंघे और उनके बाद रक्षा मंत्री बने शांगफू को 2024 में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। दोनों ने राष्ट्रपति शी चिनफिंग के तहत काम किया था। वे चिनफिंग की अध्यक्षता वाले केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य भी रहे। वी फेंघे जहां 2018 से 2023 तक रक्षा मंत्री रहे, वहीं शांगफू ने उनके उत्तराधिकारी के रूप में कुछ ही महीने यह प्रभार संभाला। चीन के एयरोस्पेस इंजीनियर फेंघे और शांगफू दोनों ने 2015 में स्थापित पीपल्स लिबरेशन आर्मी की अति महत्वपूर्ण रॉकेट (मिसाइल) फोर्स का नेतृत्व किया था। फेंघे को रक्षा मंत्री पद के लिए शी चिनफिंग ने स्वयं चुना था। उन्हें निष्कासित किए जाने के बाद कई शीर्ष अधिकारियों को पद से हटाया गया और उन पर भ्रष्टाचार के आरोप दर्ज किए गए। राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 2012 में सत्ता में आने के बाद से भ्रष्टाचार के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया है जिसमें कई सैन्य जनरल समेत दस लाख से अधिक अधिकारियों को सजा सुनाई जा चुकी है।

संक्षेप

एलडीएफ जनादेश को स्वीकार करता है

तिरुवंनतपुरम। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने विधानसभा चुनाव में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) को मिली करारी हार पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि वह जनादेश को स्वीकार करते हैं। उन्होंने कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा को चुनाव में जीत के लिए बधाई दी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पोलित ब्यूरो सदस्य विजयन ने पार्टी की प्रदेश समिति की बैठक के बाद एक बयान में कहा कि एलडीएफ की हार अप्रत्याशित और पूरी तरह से चौंकाने वाली है। उन्होंने कहा कि एलडीएफ एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में कार्य करेगा और नयी सरकार पर अत्यधिक गरीबी के उन्मूलन, महिला सशक्तीकरण और सामाजिक सुरक्षा जैसे विभिन्न कल्याणकारी कदमों को लागू करने के लिए दबाव डालेगा, जो वाम सरकार ने उठाये थे। विजयन ने केरल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के तीन सीट जीतने को गंभीर करार देते हुए कहा कि यह धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करने को इच्छुक लोगों के लिए चिंता का विषय है। केरल की 140 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में यूडीएफ ने 102 सीट पर जीत दर्ज की है जबकि 10 साल तक सत्ता में रहे एलडीएफ को 35 सीट से संतोष करना पड़ा है।

यूक्रेन के 347 ड्रोन को नष्ट किया गया : रूस

कीव। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने रात भर में 347 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट किया।

यह घटना मॉस्को द्वारा सप्ताह की शुरुआत में कीव के युद्धविराम प्रस्ताव को ठुकराए जाने और रूस के आगामी विजय दिवस समारोह में सुरक्षा को लेकर बढ़ते तनाव के बाद एक बड़े हमले के रूप में सामने आई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यूक्रेन द्वारा किए गए हवाई हमलों में मॉस्को समेत 20 से अधिक क्षेत्रों में ड्रोन नष्ट किये गये। ये हमले रूस द्वारा चार साल पहले शुरू किए गए युद्ध के बाद यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा हवाई हमला था। इससे पहले मार्च में यूक्रेन ने 389 ड्रोन दागे थे। रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन में शुक्रवार और शनिवार के लिए एकतरफा युद्धविराम की घोषणा की है। यूक्रेन ने भी मंगलवार आधी रात से हमले रोक दिए थे। हालांकि, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मॉस्को ने सद्भावना के इस संकेत को नजरअंदाज किया और नए हमले शुरू कर दिए। जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रूस के हमले लगातार जारी हैं।

इस्लामिक स्टेट से जुड़ी महिलाओं और बच्चों को लेकर विमान ऑस्ट्रेलिया पहुंचे

मेलबर्न। इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह से कथित संबंध रखने वाली ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं और बच्चों को लेकर कई विमान बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचे।

ऐसी जानकारी मिली है कि तीन ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं और आठ बच्चों को लेकर एक विमान मेलबर्न पहुंचा जबकि एक अन्य विमान एक महिला और उसके बेटे को लेकर कुछ देर बाद सिडनी पहुंचा। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने बुधवार को घोषणा की थी कि सीरिया के रेगिस्तानी शिविर में वर्षों से रह रहे ये 13 लोग ऑस्ट्रेलिया लौटने वाले हैं। पुलिस ने कहा कि इन महिलाओं पर आईएस के तथाकथित खलीफा शासन के दौरान सीरिया और इराक में बिताए गए समय को लेकर आपराधिक आरोप लगाए जा सकते हैं। कतर एयरवेज की दोनों उड़ानें दोहा से कुछ मिनटों के अंतराल पर ऑस्ट्रेलिया के दो सबसे बड़े शहरों के लिए रवाना हुई थीं। मेलबर्न में पहले उतरने वाली उड़ान क्यूआर904 थी और इसके बाद क्यूआर908 सिडनी पहुंची। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने इन महिलाओं की निंदा की थी, क्योंकि वे सीरिया जाकर इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकियों का समर्थन कर रही थीं। सरकार ने उन्हें वापस लाने में मदद करने से भी इनकार कर दिया था। पुलिस पिछले एक दशक से अधिक समय से सीरिया में ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों की संभावित संलिप्तता की जांच कर रही है। इसमें आतंकवाद से जुड़े अपराधों के साथ-साथ गुलामों की खरीद-फरोख्त जैसे मानवता के खिलाफ अपराध भी शामिल हैं। डीकिन यूनिवर्सिटी के चरमपंथ विषय पर विशेषज्ञ जोशुआ रूज़ ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई अधिकारी तथाकथित खिलाफत के दौरान हुए अत्याचारों की जांच कर रहे हैं, जिनमें यज़ीदी महिलाओं को गुलाम बनाना और शरीयत कानून के कठोर पालन को लागू करना शामिल है। रूज़ ने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन से कहा, हिंसा के सबसे भयावह रूपों में से कुछ को महिलाओं ने अंजाम दिया था, इसलिए हमें समझना होगा कि यह भी एक गंभीर समस्या है। सेव द चिल्ड्रेन ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मैट टिंकलर ने कहा कि अब ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों को लौटे हुए बच्चों के कल्याण को प्राथमिकता देनी चाहिए।

केरल में एआईसीसी पर्यवेक्षकों ने कांग्रेस विधायकों के साथ बैठक की

तिरुवनंतपुरम। केरल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत यूडीएफ की जीत के बाद राज्य के अगले मुख्यमंत्री के चयन पर विचार जानने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के पर्यवेक्षकों मुकुल वासनिक और अजय माकन ने बृहस्पतिवार को पार्टी विधायकों के साथ बैठक की।

कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक के बाद वासनिक ने पत्रकारों से कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत उल्लेखनीय और ऐतिहासिक है, इसलिए उत्सव का माहौल था। उन्होंने कहा, यह अत्यंत खुशी की बात है और इसी माहौल में बैठक हुई। यह पूछे जाने पर कि एआईसीसी पर्यवेक्षकों के लिए केरल के अगले मुख्यमंत्री का चयन करना कठिन है या आसान, वासनिक ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, हम यहां अपने सहयोगियों और पार्टी विधायकों से मिलने आए हैं। बैठक बहुत अच्छी रही। कांग्रेस विधायकों ने सबसे पहले सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित करने का निर्णय लिया, जिसे केपीसीसी अध्यक्ष सनी जोसेफ ने पेश किया और मौजूदा सीएलपी नेता वी डी सतीशन ने इसका समर्थन किया। इस प्रस्ताव में कांग्रेस अध्यक्ष को अगले सीएलपी नेता का चयन करने का अधिकार दिया गया है। माकन ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने कहा, देखते हैं कि आगे क्या होता है। हमने सभी विधायकों से बातचीत की। आज शाम हम दिल्ली के लिए रवाना हो रहे हैं। हम अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। हमें उम्मीद है कि जल्द ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

फल, सब्जियों का निर्यात बढ़ाने की जरूरत: शिवराज

लखनऊ। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने, रोजगार सृजित करने और विदेशी मुद्रा कमाने के लिए भारत को फल और सब्जियों का निर्यात बढ़ाना होगा।

चौहान ने लखनऊ में दो दिवसीय फ्रूट होराइजन 2026 कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन फलों का उत्पादन बढ़ाने, गुणवत्ता सुधारने और प्रसंस्करण के मूलभूत ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा, लखनऊ में दो दिवसीय फ्रूट होराइजन 2026 कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य फलों का उत्पादन बढ़ाना, गुणवत्ता सुधारना और खाद्य प्रसंस्करण की गतिविधियों को मजबूत करना है। मंत्री ने कहा कि भारत कई तरह के फलों, खासकर आम का एक प्रमुख उत्पादक है। उन्होंने कहा, हम जिस मात्रा और गुणवत्ता के आम पैदा करते हैं उसकी दुनिया में कोई बराबरी नहीं है। चाहे आम हों, अंगूर हों, केले हों या लीची, हम इनके प्रमुख उत्पादकों में शामिल हैं। हालांकि हमारा निर्यात अब भी काफी कम है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार चाहती है कि भारतीय फल और सब्जियां बड़े अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचें। अगर हमारे फलों और सब्जियों का निर्यात बढ़ता है तो किसानों की आय बढ़ेगी, विदेशी मुद्रा की कमाई बढ़ेगी और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इसी सोच को ध्यान में रखते हुए इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। चौहान ने कहा कि सरकार किसानों, निर्यातकों, प्रसंस्करणकर्ताओं और आईसीएआर (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) जैसी संस्थाओं को एक साझा मंच पर साथ लायी है, ताकि इस क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की जा सके। चौहान ने कहा कि सरकार किसानों और निर्यातकों के सामने आने वाली समस्याओं का समाधान खोजने की दिशा में काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि जहां कुछ मुद्दों को तुरंत हल किया जा सकता है, वहीं कुछ मुद्दों के लिए लंबे समय तक शोध की जरूरत होगी।

इंटरटेनमेंट...

फिल्म 'राजा शिवाजी' की कमाई 50 करोड़ पार

मुंबई। रितेश देशमुख के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'राजा शिवाजी' ने बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित इस फिल्म को मराठी और हिंदी दोनों भाषाओं में रिलीज किया गया था। हालांकि रिलीज के पांचवें दिन (मंगलवार) को फिल्म की कमाई में थोड़ी गिरावट देखी गई। सैक्निल्क की रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को फिल्म ने मराठी वर्जन में करीब 3.35 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। यह सोमवार के मुकाबले करीब 20.4% कम है। फिल्म के अब तक के कुल नेट कलेक्शन की बात करें, तो यह 44 करोड़ रुपए हो गया है। इसमें मराठी वर्जन का योगदान सबसे ज्यादा 30.5 करोड़ रुपए है। वर्ड-ऑफ-माउथ का मिल रहा फायदा फिल्म का इंडिया ग्रॉस कलेक्शन अब 52.68 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। हिंदी वर्जन की शुरूआत मराठी के मुकाबले थोड़ी धीमी रही थी, लेकिन रिव्यू और वर्ड-ऑफ-माउथ की वजह से हिंदी बेल्ट में भी फिल्म की कमाई बढ़ रही है। इस कलेक्शन के साथ ही 'राजा शिवाजी' अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप-5 मराठी फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है। महाराष्ट्र में टैक्स-फ्री करने की मांग फिल्म की सफलता के बीच शिवसेना नेता अंबादास दानवे ने इसे महाराष्ट्र में टैक्स-फ्री करने की मांग उठाई है।

- टॉप-5 मराठी फिल्मों में शामिल महाराष्ट्र में टैक्स-फ्री करने की मांग

दानवे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर कहा है कि यह फिल्म शिवाजी महाराज के महान कार्यों को युवाओं और जनता तक पहुंचाती है। उन्होंने मांग की कि फिल्म को टैक्स-फ्री किया जाए ताकि टिकट सस्ते हों और ज्यादा से ज्यादा लोग इसे सिनेमाघरों में जाकर देख सकें। फिल्म में है बड़ी स्टारकास्ट 1 मई को रिलीज हुई इस फिल्म में रितेश देशमुख ने न सिर्फ मुख्य भूमिका निभाई है, बल्कि इसका निर्देशन भी खुद किया है।

टॉक्सिक' की फर्जी खबरों पर भड़कीं कियारा आडवाणी

मुंबई। यश की आने वाली फिल्म 'टॉक्सिक' की लीड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने सोशल मीडिया पर चल रहीं फर्जी खबरों पर अपना गुस्सा जाहिर किया है। दरअसल कई रिपोर्टस में दावा किया गया था कि कियारा ने यश के साथ अपने कुछ रोमांटिक और बोल्ड सीन्स को छोटा करने या हटाने की मांग की है। यह भी दावा किया जा रहा था कि कियारा ने यश के साथ एक 'बोल्ड रोमांटिक सीक्वेंस' शूट किया था। फाइनल आउटपुट देखने के बाद कियारा असहज हो गईं और उन्होंने मेकर्स से इसे ट्रिम करने की रिक्वेस्ट की। अब कियारा ने सोशल मीडिया पर इसी तरह की पोस्ट को री-शेयर करते हुए लिखा, 'बिल्कुल बकवास'।

विवाद : नोरा फतेही ने राष्ट्रीय महिला आयोग से माफी मांगी

नयी दिल्ली। अभिनेत्री नोरा फतेही सर के चुनर गाने से जुड़े विवाद के सिलसिले में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष पेश हुईं और माफी मांगते हुए कहा कि उनका किसी को ठेस पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था। नोरा ने आयोग में सुनवाई के बाद पत्रकारों से कहा कि अनजाने में उनसे यह गलती हो गई। उन्होंने एक कलाकार के तौर पर अपनी जिम्मेदारी स्वीकार की। उन्होंने कहा, यह बस एक ऐसी स्थिति थी जिसमें मैं फंस गई थी लेकिन मेरा किसी को ठेस पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि बेशक एक कलाकार होने के नाते मेरी जिम्मेदारियां हैं। मैं माफी मांगती हूं, हमने सब कुछ लिखित में दे दिया है। वे (आयोग की सदस्य) बहुत दयालु और मददगार रही हैं। अभिनेत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने कुछ अनाथ लड़कियों की शिक्षा का खर्च उठाने का फैसला किया है।

फिल्म : द ओडिसी' का ट्रेलर जारी

मुंबई। हॉलीवुड के मशहूर निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'द ओडिसी' का नया ट्रेलर जारी कर दिया गया है। मेकर्स ने 5 मई को ट्रेलर के साथ फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। यह फिल्म ग्रीक पौराणिक कथा के नायक ओडीसियस की रोमांचक कहानी पर आधारित है।

इस किरदार में मैट डेमन नजर आएंगे, जबकि टॉम हॉलैंड उनके बेटे टेलीमाकस की भूमिका निभा रहे हैं। ट्रेलर में भव्य विजुअल्स और नोलन की सिग्नेचर स्टाइल साफ दिखाई दे रही है, जिससे फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह और बढ़ गया है। 'द ओडिसी' तकनीकी रूप से भी खास मानी जा रही है। यह पूरी तरह कटअ कैमरों से शूट की जाने वाली पहली कथात्मक फिल्म होगी, जिससे बड़े पर्दे पर इसका अनुभव और भी शानदार बनने की उम्मीद है।

- ट्रोजन युद्ध के बाद ओडीसियस की घर लौटने की जर्नी पर है कहानी

खास बात यह है कि मेकर्स ने फिल्म के प्रमोशन के लिए जुलाई 2025 में ही 70 स्क्रीनिंग के टिकट जारी कर दिए थे, जो इसकी लोकप्रियता को दशार्ता है। फिल्म की कहानी ट्रोजन युद्ध के बाद ओडीसियस की अपने घर इथाका लौटने की साहसिक यात्रा के इर्द-गिर्द घूमती है। यह फिल्म 17 जुलाई को रिलीज होगी।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com